राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 69, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली सोमवार 25 सितम्बर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

दिल्ली की सड़क, नालों और पार्कों को ठीक कर सबूत दिखाएं : एलजी

.... पेज 03

ग्रामीण संपर्क, रेलवे ओवरब्रिज, फ्लाईओवर व बाईपास मार्गों के निर्माण को गति देगी योगी

.... पेज 05

सीएम योगी ने भारत मोटो जीपी के विजेता मार्को बेजेची को प्रदान की ट्रॉफी

.... पेज 07

## मोदी ने लोगों से देश की विविधता का दर्शन करने की अपील की

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोगों से भारत की विविधता का दर्शन करने की अपील करते हुये कहा कि इससे न सिर्फ लोग गौरवशाली इतिहास से परिचित होंगे बल्कि स्थानीय लोगों की आय बढ़ाने का भी इहम माध्यम बनेंगे।

मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात की 105 वीं कड़ी में राष्ट्र को संबोधित करते हुये कहा कि कर्नाटक के होयसड़ा मंदिरों को यूनेस्को ने विश्व धरोहर सूची में शामिल किया है, उन्हें,13वीं शताब्दी के बेहतरीन वास्तुशिल्प के लिए जाना जाता है। इन मंदिरों को यूनेस्को मान्यता मिलना, मंदिर निर्माण की भारतीय परंपरा का भी सम्मान है। भारत में अब विश्व धरोहर संपदा की कुल संख्या 42 हो गई है। भारत का प्रयास है कि हमारे ज्यादा-से-ज्यादा ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जगहों को यूनेस्को से मान्यता मिले।

उन्होंने कहा,मेरा आप सबसे आग्रह है कि जब भी आप कहीं घूमने जाने की योजना बनाएं तो ये प्रयास करें कि भारत की विविधता के दर्शन करें। आप अलग-अलग राज्यों की संस्कृति को समझें, धरोहर स्थलों को देखें।

## नौ वंदे भारत ट्रेनों का शुभारंभ आधुनिक कनेक्टिविटी का अभूतपूर्व अवसर

### देश में बुनियादी ढांचे के विकास की यह गति एवं पैमाना 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं से बिल्कुल मेल खाते हैं : मोदी

नयी दिल्ल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नौ वंदे भारत ट्रेनों के शुभारंभ को आधुनिक कनेक्टिविटी का अभूतपूर्व अवसर बताया और कहा कि देश में बुनियादी ढांचे के विकास की यह गति एवं पैमाना 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं से बिल्कुल मेल खाते हैं।




मोदी ने आज यहां वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए 12 राज्यों को रेल संपर्क के माध्यम से कनेक्टिविटी देने वाली नौ वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखायी। इन ट्रेनों में उदयपुर- जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस , तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस , हैदराबाद-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस , विजयवाड़ा-चेन्नई (रेनिगुंटा के रास्ते) वंदे भारत एक्सप्रेस , पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस , कासरगोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सेप्रेस , राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस , रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस और जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस शामिल है।

इस मौके पर श्री मोदी ने कहा कि 25 वंदे भारत ट्रेनें विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लोगों की सेवा में है। आज इसमें नौ और वंदे भारत ट्रेनों को जोड़ा जा रहा है और वो दिन दूर नहीं, जब वंदे भारत देश के हर हिस्से को कनेक्ट करेगी। उन्होंने कहा कि ये वंदे भारत ट्रेनें नये भारत के नए उत्साह का प्रतीक हैं।

उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेनों में 1.11 करोड़ से अधिक लोगों ने सफर किया है और इसके प्रति उत्साह बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि वंदे भारत उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो समय बचाना चाहते हैं और एक ही दिन में यात्रा करना चाहते हैं। उन्होंने देश में आशा और विश्वास के माहौल को रेखांकित करते हुए कहा कि हर नागरिक देश की उपलब्धियों पर गर्व महसूस कर रहा है। उन्होंने चंद्रयान 3 , आदित्य एल1 और जी-20 की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि ने भारत के लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और विविधता की ताकत को प्रदर्शित किया है। उन्होंने नारीशक्ति वंदन अधिनियम का उल्लेख करते हुए इसे महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को आगे बढ़ाने के लिए एक निर्णायक क्षण बताया।

## राजस्थान : बस ने पदयात्रियों को रौंदा, 5 की मौत

### मृतकों में पिता-पुत्र भी; 6 गंभीर घायल, ड्राइवर मौके से फरार

महवा (दौसा)। दौसा में तेज रफ्तार लोक परिवहन बस ने टेंपो को टक्कर मारते हुए तीन पदयात्रियों को रौंद दिया। हादसे में कुल 5 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार आरोपी बस ड्राइवर हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है।

हादसा रविवार सुबह 11:30 बजे करौली स्टेट हाईवे पर हुआ। महवा थाना इंचार्ज जितेंद्र सिंह ने बताया- बरीतकी गांव के नजदीक बस ने एक टेंपो को टक्कर मार दी। इसी दौरान पास से निकल रहे पदयात्रियों को भी



बस ने चपेट में ले लिया।

### दर्शन कर लौट रहे थे

प्रत्यक्षदर्शी राजेंद्र सिंह ने बताया- यात्रियों से भरा टेंपो हिंडौन (करौली) की तरफ से आ रहा था। बस महवा की तरफ से आ रही थी। महवा से हिंडौन के भैरूजी के लिए पदयात्रा निकाली जा रही थी। इस बीच पैदल यात्रियों को बचाने की कोशिश में बस से एक्सीडेंट हुआ।

### इनकी हुई मौत

हादसे में राहगीर आसिफ अली (38) निवासी हिंडौन की मौत हो गई। वह पदयात्रा देख रहा था। इसके अलावा पदयात्रा में शामिल देवकीनंदन (36) निवासी गुर्जर मोहल्ला (महवा), मंगती जोगी (22) सलेमपुर (दौसा) और उसके डेढ़ साल के बेटे प्रियांशु की भी मौत हो गई।

वहीं, लोडिंग टेंपो में सवार मध्यप्रदेश के कासगंज की निवासी गुलाब देवी (35) की भी हादसे में मौत हो गई। एक्सीडेंट में बिहार-मध्यप्रदेश के 6 लोग भी घायल हो गए। इनमें से 2 गंभीर घायलों को जयपुर रेफर किया गया है।

टेंपो में सवार लोग कैलादेवी (करौली) के दर्शन कर मध्य प्रदेश लौट रहे थे।

घटना की सूचना पर विधायक ओमप्रकाश हुड़ला, एसडीएम लाखन सिंह, डीएसपी प्रेम बहादुर निर्भय, पूर्व प्रधान राजेंद्र मीणा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय शंकर बोहरा समेत बड़ी संख्या में लोग हॉस्पिटल पहुंचे।

## चंद्रबाबू नायडू की कस्टडी 5 अक्टूबर तक बढ़ी

हैदराबाद। आंध्र प्रदेश कौशल विकास निगम घोटाला केस में कोर्ट ने टीडीपी प्रमुख और पूर्व सीएम एन चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत 5 अक्टूबर तक बढ़ा दी। कोर्ट ने 22 सितंबर को चंद्रबाबू नायडू को दो दिन की पुलिस हिरासत में भेजा था, जो रविवार 24 अक्टूबर को खत्म हो रही थी। इन दो दिनों में पुलिस और सीआईडी के अधिकारियों ने चंद्रबाबू से मामले में पूछताछ की। नायडू पर स्किल डेवलपमेंट केस में 371 करोड़ रुपए का स्कैम करने का आरोप है। सीआईडी ने उन्हें 9 सितंबर को सीआईडी ने गिरफ्तार किया था।

## खालिस्तान समर्थकों पर एनआईए का एक्शन

### कनाडा-दुबई समेत 5 देशों में बैठे 19 खालिस्तानियों की लिस्ट तैयार

अमृतसर। सिख फॉर जस्टिस के मुखिया और खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की चंडीगढ़ और अमृतसर में प्रॉपर्टी जब्त करने के बाद एनआईए ने खालिस्तानी समर्थकों की नई लिस्ट जारी की है। एनआईए लिस्ट में 19 खालिस्तानी समर्थकों के नाम शामिल हैं और जो भारत से भाग विदेशों में छिपकर देश के खिलाफ ही षडयंत्र रचते हैं। इन सभी की भी प्रॉपर्टी को अटैच करने की तैयारी चल रही है।

इस लिस्ट में जिन खालिस्तानी समर्थकों के नाम दर्ज हैं, वे सभी कनाडा, अमेरिका, यूके, ऑस्ट्रेलिया और दुबई आदि देशों में बैठ भारत के खिलाफ ही प्लानिंग करते हैं। इतना ही नहीं, भारत में इन सभी के नाम भगोड़ों की सूची में दर्ज है।

इस लिस्ट में परमजीत सिंह पम्मा, कुलवंत मुठड़ा, सुखपाल सिंह, सरबजीत बेनूर, कुलवंत, गुरप्रीत सिंह, हारजप, हरप्रीत सिंह, रणजीत नीटा, गुरमीत सिंह, जसमीत हकीमजादा, गुरजंत ढिल्लन, लखबीर रोड़े, अमरदीप पुरेवाल, जतिंदर ग्रेवाल, दुपिंदर जीत, एस हिम्मत सिंह, वाधवा सिंह (बब्बर चाचा) और जे धालीवाल के नाम शामिल है।




### आईओसी कार्ड रद्द करने की तैयारी

भारत इसके साथ ही एक और कार्रवाई करने की तैयारी में है। विदेशों में बैठ भारत के खिलाफ ही षड़यंत्र रचने वाले खालिस्तानी समर्थकों की एनआईए ने पहचान करनी शुरू कर दी है। बीते एक साल में भारत के खिलाफ खालिस्तानी मूवमेंट का हिस्सा बनने वाले समर्थकों को एनआईएढूंढ रही है। इन सभी के आईओसी कार्ड रद्द करने की प्लानिंग भी चल रही है। आईओसी वे भारतीय कार्ड है, जो विदेश में रहने वाले NRIs को दोहरी नागरिकता प्रदान करता है। इस कार्ड के माध्यम से NRIs बिना वीजा भारत आ जा सकते हैं।

### बीते दिन आतंकी पन्नू और निज्जर की प्रॉपर्टी जब्त

एनआईए ने शनिवार को अमृतसर के गांव खानकोट में गुरुपतवंत सिंह पन्नू की 46 कनाल जमीन जब्त की है। यह एग्रीकल्चर लैंड है। खानकोट पन्नू का पैतृक गांव है। वहीं चंडीगढ़ के सेक्टर 15सी में उसका घर भी एनआईए ने जब्त कर लिया है। इससे पहले 2020 में उसकी संपत्तियों को अटैच किया गया था। कानूनी तौर पर अब पन्नू इन संपत्तियों का मालिक नहीं रहा।

## कानून सरल भाषा में होना चाहिए : जस्टिस खन्ना

### कोर्ट के फैसले भी आसान भाषा में हों

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कानूनी पेशे में सरल भाषा के इस्तेमाल की बात कही है, ताकि आम आदमी को इसे समझने में आसानी हो। रविवार 24 सितंबर को शीर्ष कोर्ट ने ये भी कहा कि कानून के आसान भाषा में होने से लोग भी सोच-समझकर फैसला लेंगे और किसी भी तरह के उल्लंघन से बच पाएंगे। कानून हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा होते हैं, ये हमें कंट्रोल करते हैं। इसलिए इनकी भाषा आसान होनी चाहिए। जस्टिस संजीव खन्ना ने इंटरनेशनल लॉयर कॉन्फ्रेंस में स्पीच के दौरान यह कमेंट किया। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने कॉन्फ्रेंस आयोजित की थी। जस्टिस खन्ना ने ये भी कहा कि यह बात हमारी बहस और फैसलों पर भी लागू होती है। क्या लॉ एक पहेली है, जिसे सॉल्व करने की जरूरत है। कानून विवादों को सुलझाने के लिए हैं, ना कि खुद विवादित बनने के लिए।

## पंजाब में 12 किलो हेरोइन सहित दो तस्कर गिरफ्तार, 19 लाख बरामद

जालंधर। पंजाब पुलिस और सीमा सुरक्षा बल ने संयुक्त प्रयासों से ड्रोन के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी करने के तस्करों के एक और प्रयास को विफल करते हुए दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 12 किलोग्राम हेरोइन और 19.3 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। सीमा सुरक्षा बल के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि सुरक्षा बलों ने रविवार सुबह गुरदासपुर की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित गांव चौरा कलां के पास एक संदिग्ध ड्रोन की घुसपैठ देखी।



पाकिस्तानी ड्रोन के घुसने की सूचना पर सुरक्षा बल ने पंजाब पुलिस के साथ एक तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान इलाके में, बाइक पर व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधि देखी गई। संयुक्त तलाशी दल को देखकर संदिग्धों ने भागने की कोशिश की। दो संदिग्धों को पकड़ लिया गया।

**कॉन्क्लेव 2023**




नई दिल्ली में कॉन्क्लेव 2023 के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी को असमिया पारंपरिक सोराई भेंट की गई।

## 4.77 लाख करोड़ रुपये बढ़ी 412 परियोजनाओं की लागत

### 830 प्रोजेक्ट में देरी; मंत्रालय की रिपोर्ट में दावा

नई दिल्ली। बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक के खर्च वाली 412 परियोजनाओं की लागत इस साल अगस्त तक तय अनुमान से 4.77 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ गई है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की अगस्त, 2023 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,762 परियोजनाओं में से 412 की लागत बढ़ गई है, जबकि 830 अन्य परियोजनाएं देरी से चल रही हैं।

### 2023 तक परियोजनाओं पर खर्च हुए इतने करोड़ रुपये

रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त, 2023 तक इन परियोजनाओं पर 15,57,188.10 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 52.28 प्रतिशत है। हालांकि, मंत्रालय ने कहा है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की हालिया समयसीमा के हिसाब से देखें तो देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या कम होकर 624 पर आ जाएगी। रिपोर्ट में 339 परियोजनाओं के चालू होने के साल की जानकारी नहीं दी गई है।

### परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत बढ़ी

रिपोर्ट के अनुसार, %इन 1,762 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 25,01,400.62 करोड़ रुपये थी, लेकिन अब इसके बढ़कर 29,78,681.31 करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 19.08 प्रतिशत यानी 4,77,280.69 करोड़ रुपये बढ़ गई है।

## यूनेस्को विश्व विरासत की संभावित सूची में भारत के 50 और स्थल

नई दिल्ली। भारत विविध प्रकार के विरासत स्थलों का घर है जिनमें कुछ को ही यूनेस्को के विश्व विरासत स्थल की सूची में शामिल किया गया है। हाल ही में रवींद्रनाथ टैगोर के शांतिनिकेतन और कर्नाटक के होयसाला को इस श्रेणी में शामिल किया गया है। हालांकि, अब इस सूची में भारत के 42 विरासत स्थल हैं। इनमें से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में तीन सांस्कृतिक स्थल हैं।

भारत की ऐसी अद्भुत विरासतों में 34 सांस्कृतिक, सात प्राकृतिक और एक मिश्रित रूप से प्राकृतिक व सांस्कृतिक है, जबकि यूनेस्को की विश्व विरासत की संभावित सूची में देशभर में पचास ऐसे नामित स्थल हैं, जो नव पाषाण युग की बस्तियां हैं।

दिल्ली का बहाई टेम्पल (लोटस टेम्पल के नाम से प्रसिद्ध) भी यूनेस्को की विश्व विरासत की अनुमानित सूची में शामिल है। इसके अलावा, दिल्ली के चार ऐतिहासिक क्षेत्र महरौली, निजामुद्दीन, शाहजहांबाद और नई दिल्ली भी ऐतिहासिक रूप से बेहद समृद्ध हैं।

**बारिश-बाढ़**

**बिहार-झारखंड में बिजली गिरने से 6 की जान गई**

## नागपुर में बारिश पर लगा ब्रेक, बाढ़ से 4 लोगो की मौत

एजेंसी

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के नागपुर में शनिवार तड़के तीन घंटे में 109 मिमी बारिश हुई। इससे शहर में बाढ़ आ गई और करीब 10 हजार घरों में पानी भर गया। हालांकि बारिश पर ब्रेक लगते ही जो इलाके पानी में डूब गए थे, वहां से पानी निकल गया। हालांकि, घरों, दुकानों और गाड़ियों को नुकसान हुआ है।

रविवार को डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने प्रभावित इलाकों का दौरा किया।

उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को 10-10 हजार और दुकानदारों को 50 हजार




रुपए मुआवजे की घोषणा की है। नगर पालिका ने अब तक 11 हजार फूड पैकेट्स बांटे हैं।

जल्द ही फॉगिंग और स्प्रेयिंग शुरू की जाएगी ताकि मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों को रोका जा सके। लोगों को क्लोरीन वाला पानी भी सप्लाई किया जाएगा।

वहीं, बिहार और झारखंड में 24 घंटे के दौरान बिजली गिरने से छह लोगों की मौत हो गई। बिहार के गया में दो, औरंगाबाद में एक और नालंदा में एक महिला की जान गई है। झारखंड के दुमका में शनिवार को फुटबॉल मैच के दौरान बिजली गिरने से दो दर्शकों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए।

मौसम विभाग ने आज मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत देश के 13 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मध्यप्रदेश में बरसात का कोटा पूरा हो चुका है। यहां 1 सितंबर से 23 सितंबर तक औसत 931.7 मिमी बारिश होती है। इस बार अब तक 930.6 मिमी बारिश हो चुकी है।

राजस्थान में अब तक सामान्य से 14त्न ज्यादा बरसात हो चुकी है। राज्य में एक जून से 23 सितंबर तक औसत बारिश 428.3 मिमी होती है, जबकि इस सीजन में अब तक 489.5 मिमी बरसात हो चुकी है। अगले दो दिन और बारिश होगी। 26 सितंबर से मानसून की बारिश का दौर थमने लगेगा।

### यहां तेज बारिश होगी

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, महाराष्ट्र, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश।

## महिला आरक्षण लागू करने और जनगणना के बीच कोई संबंध नहीं : राहुल गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता एवं सांसद राहुल गांधी ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिला आरक्षण लागू करने के समय को लेकर रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें महिला आरक्षण और दशकीय जनगणना या परिसीमन अभ्यास के बीच कोई संबंध नजर नहीं आता। गांधी ने यहां असम के एक मीडिया नेटवर्क के कार्यक्रम में कहा कि महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा की 33 प्रतिशत सीटें आवंटित करके महिला आरक्षण विधेयक आज लागू किया जा सकता है। राजनीतिक व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी के मुद्दे पर उन्होंने कहा



कि भारतीय महिलाएं राजनीतिक व्यवस्था में उस तरह से हिस्सा नहीं ले रही हैं, जिस तरह उन्हें लेना चाहिए। उन्होंने कहा,उन्हें (महिलाओं को) राजनीति में भाग लेने में मदद करने का सबसे बड़ा कार्य कांग्रेस पार्टी द्वारा पंचायती राज में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करके किया गया था। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा,जब हम पंचायती राज में महिला आरक्षण को पारित कराने की कोशिश कर रहे थे तो भाजपा ने इस मुद्दे पर हमारा विरोध किया। ऐसे में महिला सशक्तिकरण में किसकी रुचि है, यह बहुत स्पष्ट है। भाजपा पर ध्यान भटकाने वाली रणनीति अपनाने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी ने अब पिछले अनुभवों से सीख लिया है कि इससे कैसे निपटना है। उन्होंने कहा,हमने सीख लिया है कि भाजपा की ध्यान भटकाने वाली रणनीति से कैसे निपटना है। कर्नाटक चुनाव में, हमने एक स्पष्ट दृष्टिकोण दिया और अब हम बयान पर नियंत्रण रखते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे क्या करने की कोशिश करते हैं, अब बयान पर हमारा नियंत्रण है।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
सोमवार 25 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## ओबीसी महिलाओं के आरक्षण की मांग उठायी उमा ने



मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता उमा भारती ने आज कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण संबंधी कानून लागू होने के पहले अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की महिलाओं को भी आरक्षण मिलना चाहिए। भारती ने यहां अपने निवास पर ओबीसी वर्ग से जुड़े प्रतिनिधियों की बैठक के बाद मीडिया को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह अच्छी पहल है कि देश में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने का प्रावधान किया जा रहा है....

# शार्ट न्यूज

## झारखंड में जम्मूतवी एक्सप्रेस के स्लीपर बोगी में जमकर लूटपाट, आठ से 10 राउंड फायरिंग

रांची। झारखंड में सीआईसी सेक्शन बरवाडीह – बरकाकाना रेल खंड के बरवाडीह – छिपादोहर रेलवे स्टेशन के बीच संबलपुर से जम्मूतवी जा रही संबलपुर- जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन में लातेहार और बरवाडीह स्टेशन के बीच भीषण डकैती हुई। डकैतों ने यात्रियों के साथ जमकर मारपीट भी की और लाखों रुपए लूट लिए। घटना शनिवार देर रात की है ।सभी डकैत लातेहार स्टेशन से सवार हुए थे। डकैतों की संख्या 7 से 8 बताई जा रही है। ट्रेन लातेहार से लगभग 11बजे छुट्टी थी। ट्रेन छूटने के बाद डकैतों ने लूटपाट स्टार्ट कर दिया। एस 9 बोगी में बैठी महिला यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार भी किया। लूटपाट के दौरान डकैतों ने 8 से 10 फायरिंग भी की। लूटपाट के बाद डकैत बरवाडीह स्टेशन से पहले चेन पुलिंग कर उतर गए। डालटनगंज स्टेशन पर जब ट्रेन पहुंची तो यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। डालटनगंज स्टेशन पर 3 घंटे तक ट्रेन रुकी रही। विश्व हिंदू परिषद के लातेहार जिला के मंत्री सह चंदवा निवासी विकास मित्तल से डकैतों ने 17000 की लूटपाट की गई और मारपीट भी की। श्री मित्तल परिवार के साथ वैष्णो देवी जा रहे थे। सभी घायल यात्री का इलाज डालटनगंज स्टेशन में किया गया। ट्रेन के डालटनगंज में रुके रहने के कारण कई ट्रेनें भी प्रभावित हुई।

## होशियारपुर में 140 करोड़ की लागत से स्थापित होगा सी.बी.जी. प्रोजेक्ट

चंडीगढ़। पंजाब में किफ़ायती दरों पर ग्रीन ऊर्जा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से राज्य सरकार की ओर से होशियारपुर जिले में 140 करोड़ रुपए की लागत के साथ कम्परैस्सड बायो-गैस ( सी. बी. जी.) प्रोजेक्ट स्थापित किया जायेगा। पंजाब के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने रविवार को बताया कि पंजाब ऊर्जा विकास एजेंसी (पेडा) द्वारा होशियारपुर जिले के गाँव बरोटी में प्रति दिन 20 टन से अधिक सी. बी. जी. क्षमता वाला प्रोजैक्ट अलाट किया है। इस प्रोजेक्ट के दिसंबर 2023 तक चालू होने की संभावना है। कैबिनेट मंत्री ने आगे बताया कि इस सी. बी. जी. प्लांट के लिए तकरीबन 40 एकड़ ज़मीन रखी गई है और यह प्लांट सालाना लगभग 49,350 मीट्रिक टन खेती अवशेष, उद्योगिक/ म्युंसपल वेस्ट और प्रैस मड्ड की खपत करने के इलावा प्रति दिन 91 टन जैविक खाद भी पैदा करेगा। इस प्रोजैक्ट से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर लगभग 200 लोगों को रोज़गार भी मिलेगा। अमन अरोड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार का उद्देश्य किसानों के लिए राजस्व का अतिरिक्त स्रोत पैदा करने के साथ-साथ सस्ती ग्रीन ऊर्जा की उपलब्धता, खेती अवशेष, पशूओं के उपले और म्युंसपल ठोस अवशेष के बेहतर प्रयोग को यकीनी बनाना है। यह पहलकदमी जहाँ रोज़गार के मौके पैदा करेगी वहीं इससे राज्य के आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

## दुकान की छत पर सोलर एनर्जी प्लांट में आग लगी

श्रीगंगानगर। राजस्थान के श्रीगंगानगर में गोल बाजार के साथ लगते स्वामी दयानंद मार्ग पर आज एक तीन मंजिला दुकान की छत पर सोलर एनर्जी प्लांट में आग लग गई। घटना की सूचना मिलती ही मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों- राजकुमार, संजय, तुषार, अशोक, दीपक राणा,विजय विजय और देवेंद्र ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया,जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वामी दयानंद मार्ग पर कपड़ों की एक बड़ी दुकान विशाल साड़ीज की तीसरी मंजिल की छत पर लगे सोलर एनर्जी प्लांट से आग निकलने लगी। रविवार होने के कारण मार्केट की अधिकांश दुकानें बंद थीं। लोगों ने आग निकलते देख दमकल को सूचना दी। कुछ ही देर में दमकल कर्मी फायर टेंडर लेकर दुकान पर पहुंच गए लेकिन मार्केट में बिजली की सप्लाई बंद होने के कारण दमकल कर्मी छत पर नहीं पहुंच सके क्योंकि इस दुकान में इलेक्ट्रॉनिक शटर लगा है जो बिजली से ही खुलता-बंद होता है। दुकान के मुख्य द्वार के अलावा छत पर जाने का कोई रास्ता नहीं है। आसपास की दुकानों की छतों से भी इस दुकान की छत पर नहीं जाया जा सकता था। इस बीच आग की लपटें निरंतर तेज तथा ऊंची होती रही। गनीमत रही थी चंद मिनट में ही बिजली आ गई,जिस पर शटर खोला गया।

## तेलंगाना-आंध्र प्रदेश सीमा क्षेत्रों में तनाव

हैदराबाद। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में तनाव की स्थिति बानी हुयी है। इसकी वजह प्रौद्योगिकी (आईटी) कर्मचारियों की रैली है। आईटी कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार द्वारा कौशल घोटाला मामले में पूर्व मंत्री एवं तेलुगु देशम (तेदेपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडूकी गिरफ्तारी के विरोध में चलो राजमुंदरी के बैनर तले रविवार को हैदराबाद से एक कार रैली करने का आह्वान किया है। वहीं, पुलिस ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि आईटी कर्मचारियों के नेतृत्व वाली रैलियों और यात्राओं के लिए कोई अनुमति नहीं दी गई है, सख्त प्रतिबंध लगाए गए हैं और नियम उल्लंघन के खिलाफ गंभीर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। आंध्र प्रदेश-तेलंगाना सीमा पर व्यापक पुलिस तैनाती की गई। आंध्र प्रदेश में हर प्रवेश पर पुलिस द्वारा वाहनों की सख्ती से जांच का जा रही है। आंध्र प्रदेश में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों का गहन निरीक्षण करने के लिए विजयवाड़ा-हैदराबाद राजमार्ग के अलावा, गरिकापाडु, ताकेल्लापाडु और अनुमंचीपल्ली में पुलिस ने तलाश केंद्र स्थापित किए हैं। यात्रियों को अपने गंतव्य के बारे में जानकारी प्रदान करने के बाद ही राज्य में प्रवेश करने की अनुमति दी गई। इन सुरक्षा उपायों से राज्य की सीमाओं पर तनाव की स्थिति है।

## तीन रोहिंग्या लड़कियां बीएसएफ की हिरासत में

अगरतला। त्रिपुरा के सिपाहीजला जिले के कमलासागर के हरिहरडोला गांव में शनिवार को तीन रोहिंग्या लड़कियों को बीएसएफ की 150 बटालियन के जवानों ने हिरासत में लिया और बाद में उन्हें पुलिस को सौंप दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इन युवतियों ने चटगांव पहाड़ी क्षेत्र के एक शरणार्थी शिविर से भागने के बाद मानव तस्करों की मदद से भारत-बंगलादेश की सीमा को पार किया था। पूछताछ में इन हिरासत में ली गई युवतियों ने पुलिस को बताया कि वे कलाम चौरा पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले इलाके में कांटेदार तार की बाड़ के टूटे हुए हिस्से से भारतीय क्षेत्र में घुसीं। उन्हें बीएसएफ ने हिरासत में लिया और बॉर्डर गार्ड बंगलादेश (बीजीबी) को सौंप दिया। उन्होंने बताया कि बीजीबी और बंगलादेश पुलिस द्वारा रिहा कर दिये जाने के बाद युवतियों ने कमलासागर में हरिहरडोला गांव के रास्ते फिर से भारत में प्रवेश करने की एक कोशिश की लेकिन बीएसएफ ने उन्हें फिर से पकड़ लिया। पुलिस ने इस रैकेट में शामिल कुछ भारतीय मानव तस्करों के लिंक का भी पता लगाया है जो उन्हें भारत लेकर आते हैं और देश के अन्य शहरों में भेज देते हैं।

## अनुबंधित सफाई श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करने की मांग

नयी दिल्ली। नेशनल कैंपेन फॉर डिग्निटी एंड राइट्स ऑफ सीवरेज एंड एलाइड वर्कर्स,और दलित आदिवासी शक्ति अधिकार मंच ने दिल्ली में अनुबंधित सफाई श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। नेशनल कैंपेन फॉर डिग्निटी एंड राइट्स ऑफ सीवरेज एंड एलाइड वर्कर्स की राष्ट्रीय संयोजक हेमलता कंसोटिया ? ने रविवार को यहां बताया कि दिल्ली में भारी संख्या में सफाई कर्मचारी अनुबंध के काम करते हैं। इन कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन नहीं मिल रहा है और उनके पास कोई सामाजिक सुरक्षा जैसे जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा या चिकित्सा सुविधा भी नहीं है। उन्होंने कहा कि इन श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा का कोई भी लाभ नहीं मिलता है। कंसोटिया ने दावा किया कि जब नौकरी के अनुबंध में स्वास्थ्य बीमा और मुआवजे का उल्लेख होता है तब भी सीवर श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा नहीं मिलती है। उन्होंने सीवर 'शिल्ट' उठाने वाली महिला सीवर कर्मचारियों (अनुकंपा के आधार पर नियुक्त) की दुर्दशा का जिक्र किया और कहा कि इन्हें सीवर कर्मचारी भी नहीं माना जाता है। उन्होंने कहा कि सीवर श्रमिकों को ईएसआई कार्ड नहीं दिए जाते हैं जोकि स्वास्थ्य लाभ सुनिश्चित करने और विशेष रूप से स्वच्छता श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण है।

# कोटवारों को सेवानिवृत्ति के समय मिलेंगे एक लाख रुपए : शिवराज

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश में कोटवारों को सेवानिवृत्ति के समय एक लाख रुपए की राशि मिलेगी। कोटवारों को मिलने वाली राशि में अब हर साल पांच सौ रुपए बढ़ते चले जायेंगे।

यहां के लाल परेड मैदान में राज्य स्तरीय कोटवार सम्मेलन में कोटवारों के हित में ये घोषणाएं करते हुए श्री चौहान ने कहा कि ऐसे कोटवार जिनके पास सेवा भूमि नहीं है उन्हें 4 हजार के स्थान पर 8 हजार रुपए प्रतिमाह मिलेंगे।

ऐसे कोटवार जिनके पास 3 से 7.5 एकड़ तक सेवा भूमि है उन्हें 600 रुपए प्रतिमाह के स्थान पर 1200 रुपए प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। ऐसे कोटवार जिनके पास 7.5 एकड़ से 10 एकड़ तक सेवा भूमि है उन्हें पर न्यूनतम मानदेय एक हजार रुपए प्रतिमाह मिलेगा। इसमें समय-समय वृद्धि भी होगी। जिनके पास 3 एकड़ तक की



सेवा भूमि है उन्हें वर्तमान में मिल रहे एक हजार रुपए के स्थान पर 2000 रुपए प्रतिमाह मिलेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम कोटवार राजस्व प्रशासन के रीढ़ की हड्डी हैं। वे सूचनाओं को अपडेट करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में ओला, पाला, खेतों में इल्ली, सूखा और अन्य आपदाओं की जानकारी देने का महत्वपूर्ण कार्य भी करते हैं। इनके जीवन की कठिनाईयों को दूर करना आवश्यक है।

श्री चौहान ने ने कहा कि कोटवारों को सीधे मुख्यमंत्री निवास से जोड़कर आवश्यक सूचनाएं प्राप्त करने का माध्यम भी बनाया जाएगा। इसके लिए विशेष अधिकारी भी नियुक्त किया जाएगा। श्री चौहान ने कहा कि कोटवारों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिलवाया जाएगा। उनकी वर्दी का रंग अब खाकी होगा।

उन्होंने कहा कि कोटवार पद पर नियुक्ति के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता से छूट रहेगी। प्रत्येक कोटवार को सीयूजी सिम मिलेगी। इसका रिचार्ज भी राज्य सरकार करेगी। कोटवार परिवार की हर बहन को लाड़ली बहना योजना का लाभ मिलेगा।

कोटवारों का प्रतिवर्ष सम्मेलन होगा। उन्होंने कहा कि कोटवार का पद छोटा है लेकिन उनका दायित्व बड़ा है। कोटवार ग्राम देवता हैं। वे गाँव के गूगल हैं। कोटवार की जानकारी के बिना कोई कार्यवाही आगे नहीं बढ़ती। कोटवार से ग्राम की सब जानकारी मिल जाती है। वे इसलिए चलते-फिरते गूगल हैं। सही मायने में कोटवार जमीन से जुड़े हुए हैं।

## त्रिपुरा में भ्रष्टाचार के आरोप में पंचायत सचिव गिरफ्तार

अगरतला। त्रिपुरा के उनोकोटी जिले में कैलाशहर के श्रीनाथपुर ग्राम पंचायत में वित्तीय अनियमितताओं में कथित संलिप्तता के आरोप में पंचायत सचिव आमिर अली को गिरफ्तार किया गया है। अली को कुछ दिनों पहले ही उनके पद से निलंबित कर दिया गया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान भारत-बंगलादेश सीमा के पास के इलाके के निवासी आमिर अली के रूप में हुई है। गौरनगर ग्रामीण विकास खंड के खंड विकास अधिकारी ने श्री अली के खिलाफ ईरानी थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की, जिसमें उन पर किसानों के लिए विभिन्न प्रकार के ट्यूबवेलों लगवाने के लिए दिए गए 36 लाख रुपये की हेराफेरी करने का आरोप लगाया गया है। आरोपी ने वित्तीय वर्ष 2016-17 और 2019-20 के बीच दो कार्यकालों में श्रीनाथपुर पंचायत में कार्य किया था। जांच अधिकारी जितेंद्र दास ने कहा कि अली के अलावा मामले में कुछ अन्य नाम भी सामने आए हैं और जल्द ही पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर लेगी।

# लोगों के साथ धोखा है 10 गुना स्टाम्प ड्यूटी बढ़ाना : ठाकुर

**शिमला।** हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि यह सरकार प्रदेश के लोगों के साथ अन्याय कर रही है, आए दिन जनविरोधी फ़ैसले ले रही है। सत्ता में आते ही डीज़ल पर टैक्स बढ़ा दिये। बिजली-पानी के शुल्क बढ़ा दिए। आज दस गुना स्टाम्प ड्यूटी बढ़ाने जा रही है।

ठाकुर ने कहा कि सरकार इस तरह की तानाशाही से जनविरोधी फैसले जनता पर नहीं लाद सकती है। सरकार ने राजस्व के विभिन्न कार्यों में जहां सौ रुपए का स्टाम्प लगता था। उस जगह पर अब एक हज़ार जा स्टांप लगाने जा रही है। एक साथ दस गुना बढ़ोतरी आज तक प्रदेश के इतिहास में कभी नहीं हुई थी।

नेता प्रतिपक्ष ने का कहा कि इस अधिनियम का विरोध करते हुए भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने सदन से 'बर्हिगमन' किया। उन्होंने कहा कि लोगों को सुविधा देने के नाम पर कांग्रेस प्रदेश के लोगों से झूठ बोला। सत्ता में आने के बाद से ही



प्रदेश के लोगों को दुख देने वाले काम शुरू कर दिये।

चुनाव के पहले दस गारंटी का वादा करने वाली कांग्रेस ने एक भी वादा पूरा नहीं किया और लोगों के ऊपर टैक्स पर टैक्स लगाए जा रही है। आपदा के समय में भी इस तरह की जनविरोधी गतिविधि सरकार कर सकती है। ऐसा सोचा भी नहीं जा सकता हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश आपदा से गुजर रहा है लेकिन सरकार आए दिन किसी न किसी प्रकार के आर्थिक बोझ से प्रदेश के लोगों को परेशान कर रही है। आपदा से उबरने के लिए जिन वस्तुओं की आवश्यकता है उन्हें महंगा कर रही है।

# दो ट्रको की भिडन्त के बाद आग लगने से चालक जिंदा जला

एजेंसी

भीलवाड़ा। राजस्थान के भीलवाडा जिले में निमोद के पास मेगा हाईवे पर आज सुबह दो ट्रको की आमने सामने भिडन्त के बाद आग लगने से एक ट्रक चालक जिंदा जल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार निमोद गांव के समीप अल सुबह हुई इस घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस एवं ग्रामीणों ने दमकल टीम को बुलाकर आग बुझाने का प्रयास किया। दमकल वाहन ने एक घंटे के प्रायास के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना में ट्रक चालक सरेन्द्रपाल जिंदा जल गया जिसका कंकाल ही बचा है। दूसरे ट्रक के चालक एवं खलासी ने ट्रक से कूदकर जान बचाई। हालांकि वह भी मामूली रूप से झुलस गये थे जिसका प्राथमिक उपचार कराया गया।

# नदियां स्वच्छ करने के लिए पूरे उत्तराखंड में चला स्वच्छता अभियान

देहरादून। केन्द्र सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से 15 सितंबर से दो अक्टूबर तक चलाए जा रहे 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के अंतर्गत, रविवार को विश्व नदी दिवस के अवसर पर उत्तराखंड के शहरी निकाय क्षेत्रों में सघन अभियान चलाया गया।

इस दौरान, 'स्वच्छ नदियां: बेहतर कल का अवसर' विषय पर नदी घाट, किनारों, अमृत सरोवारों, नौलों तथा अन्य जल स्रोतों के समीप वृहद स्वच्छता व जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर, स्थानीय व राष्ट्रीय महत्व की 22 से अधिक नदियों, बरसाती नदियों, गाढ़ यथा भागीरथी, अलकनन्दा, नन्दाकिनी, भिलंगना, रामगंगा, सरयू, गोमती, पिंडर, पूर्वी नायर, आसन, बिन्दाल, रिस्पना, सौंग, सोलानी, षिप्रा, केजलकुर, बहला, लपकना, लेवरा, गडरी, कल्याणी, बाउली साहिब, बड़ी नदी, कमल नदी आदि के घाटों अथवा किनारों पर तथा अमृत सरोवोरों, नौलों व अन्य जल स्रोतों के निकट भी नागरिकों के सहयोग से विशेषता स्वच्छता अभियान चलाया गया।

साथ ही, नागरिकों को स्वच्छता की शपथ भी दिलायी गयी।

इस दौरान, घाटों/जल स्रोतों के निकट, 100 से अधिक गारबेज वल्नरेबल प्वाईंट की सफाई की गयी और नदियों में मिलने वाले 60 से अधिक नालों में जाल लगाये गये या पुराने खराब जाल बदले गये। 107 से अधिक स्थानों पर 'कूड़ा फेंकना निषेध है' के संदेशात्मक बोर्ड भी लगाये गए।

अभियान के दौरान 375 से अधिक हरे/नीले कूड़ेदान (100 ली0 से कम क्षमता के) लगाये गये और 428 से अधिक नागरिकों द्वारा स्वच्छता अभियान की सेल्फी स्वच्छता ही सेवा पोर्टल पर अद्यतन की गयी। ये अभियान नदी घाटों/अन्य जल स्रोतों के निकट 45 वर्ग किलो मीटर से अधिक क्षेत्र में चलाया गया।

# सर्वदलीय समर्थन से महिला विधेयक पारित होना ऐतिहासिक घटना: अनुराग

चेन्नई। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि संसद में सभी दलों के समर्थन से महिला आरक्षण विधेयक का पारित होना एक उल्लेखनीय ऐतिहासिक घटना है।

ठाकुर ने कोयंबटूर में शनिवार शाम एक समारोह में कहा,यह एक उल्लेखनीय ऐतिहासिक घटना है कि महिला आरक्षण विधेयक सभी दलों के समर्थन से पारित हो गया है। उन्होंने कहा,देश में सामाजिक प्रगति, राजनीतिक प्रगति, शारीरिक स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल और विज्ञान में महिलाओं को अत्यधिक महत्व दिया जा रहा है।



उन्होंने बताया कि हाल ही में हरियाणा में आयोजित खेलो इंडिया गेम्स में सभी राज्यों की महिला खिलाड़ियों ने सबसे अधिक पदक जीते।

उन्होंने यह भी कहा कि तमिलनाडु की महिला वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-3 मिशन में अहम भूमिका निभाई। साथ ही आईआईटी से लेकर सभी शिक्षण संस्थानों में महिलाएं सबसे ज्यादा पास प्रतिशत पा रही हैं। उन्होंने कहा कि 2014 में 14.5 करोड़ एलपीजी गैस कनेक्शन दिए गए थे, आज 33 करोड़ नए कनेक्शन दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जल जीवन योजना के तहत सभी घरों में पाइप से पेयजल की आपूर्ति की जाती है। आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत आम आदमी को पांच लाख रुपये में बेहतरीन इलाज मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि एम्स अस्पतालों की संख्या सात से बढ़कर 22 हो गई है।

ठाकुर ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 700 नए मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं।

## इस बार लखनऊ में होगी सेना दिवस परेड

नयी दिल्ली ।इस बार सेना अपना स्थापना दिवस उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मनाएगी और सेना दिवस परेड का आयोजन भी लखनऊ में किया जाएगा। सेना हर वर्ष 15 जनवरी को अपना स्थापना दिवस मनाती है। वर्ष 2022 तक यह दिवस हर बार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मनाया जाता था. लेकिन एक नीतिगत बदलाव के तहत सेना ने इस वर्ष 15 जनवरी को अपना स्थापना दिवस कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में मनाया था। सेना ने यह तय किया है कि वह हर वर्ष अलग-अलग जगह पर स्थापना दिवस पर समारोह का आयोजन करेगी। इसी कड़ी में इस बार आगामी 15 जनवरी को सेना दिवस का आयोजन लखनऊ में किया जाएगा।

# अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा में 19 देशों के प्रतिभागी लेंगे भाग

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस वर्ष 24 से 30 अक्टूबर, 2023 तक आयोजित किए जा रहे अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के पूर्वावलोकन कार्यक्रम का शुभारंभ कर इसका ब्रॉशर जारी किया।

सुक्खू ने रविवार को यहां राज्य स्तरीय कुल्लू दशहरा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि यह उत्सव इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को उत्सव के लिए क्षेत्र में निर्बाध परिवहन सुविधा सुनिश्चित करने के दृष्टिगत मंडी-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग की मरम्मत कार्य युद्ध स्तर पर पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान प्रदेश विशेषकर कुल्लू जिले में पर्यटन क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद आपदा के दौरान जिला प्रशासन, विभिन्न विभागों, संगठनों एवं लोगों द्वारा राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए दिया गया योगदान प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि हिमाचल एक बार फिर पर्यटकों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह से तैयार है और आगामी कुल्लू दशहरा उत्सव इस संबंध में एक मील पत्थर साबित होगा।

# मन की बात में जर्मनी की कैसमी को मिली जगह

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में जर्मनी की एक लड़की कैसमी का उल्लेख किया, जो भारतीय संगीत गायन में पारंगत है।

मोदी ने आकाशवाणी पर अपनी मासिक कार्यक्रम की 105 वीं में राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति और भारतीय संगीत अब वैश्विक हो चुका है। दुनियाभर के लोगों का इनसे लगाव दिनों-दिन बढ़ता ही जा रहा है।

उन्होंने जर्मनी की एक लड़की कैसमी का ऑडियो क्लिप सुनवाया और कहा, इसे सुनकर आप भी हैरान हो गए न। कितनी मधुर आवाज है और हर शब्द में जो भाव झलकते हैं, ईश्वर के प्रति इनका लगाव हम अनुभव कर सकते हैं। अगर मैं ये बताऊँ कि ये सुरीली आवाज जर्मनी की एक बेटी की है, तो शायद आप और अधिक हैरान होंगे। इस बिटिया का नाम ङ्क कैसमी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जर्मनी की रहने वाली 21 वर्षीय कैसमी कभी भारत नहीं आई है, लेकिन, वह भारतीय संगीत की दीवानी है, जिसने कभी भारत को देखा तक नहीं, उसकी भारतीय संगीत में ये रूचि, बहुत ही प्रेरणादायक है। कैसमी जन्म से ही देख नहीं पाती है, लेकिन ये मुश्किल चुनौती उन्हें असाधारण उपलब्धियों से रोक नहीं पाई। संगीत और रचनात्मकता को लेकर उनकी रुचि कुछ ऐसी थी कि बचपन से ही उन्होंने गाना शुरू कर दिया।

## देशवासियों से चंद्रयान 3 महाक्विज में हिस्सा लेने की अपील


नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देशवासियों से चंद्रयान 3 महाक्विज में भाग लेने की अपील करते हुये कहा कि अब इसमें 15 लाख से अधिक लोग हिस्सा ले चुके हैं। मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 105 वीं कड़ी में राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा 'मन की बात' के एक और एपिसोड में मुझे आप सभी के साथ देश की सफलता को, देशवासियों की सफलता को, उनकी प्रोत्साहित करने वाली जीवन यात्रा को साझा करने का अवसर मिला है। इन दिनों सबसे ज्यादा पत्र, सन्देश,जो उन्हें मिले हैं वो दो विषयों पर बहुत अधिक है। पहला विषय है, चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग और दूसरा विषय है दिल्ली में जी 20 का सफल आयोजन।

# सीमा सड़क संगठन के कैजुअल श्रमिकों के पार्थिव शरीर घर तक पहुंचाएगी सरकार

नयी दिल्ली। सरकार सीमा सड़क संगठन की विभिन्न परियोजनाओं में दूर दराज के दुर्गम क्षेत्रों में कार्यरत कैजुअल श्रमिकों की मृत्यु होने पर उनके पार्थिव शरीर मूल स्थान तक पहुंचाने के खर्च को वहन करेगी ।

इसके अलावा सरकार ने कैजुअल श्रमिकों के अंतिम संस्कार पर होने वाले खर्च की राशि भी एक हजार से बढ़ाकर दस हजार रुपए करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है।

रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इन प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। अभी तक यह सुविधा सीमा सड़क संगठन के जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स के कर्मियों के लिए ही उपलब्ध थी। परियोजनाओं में सरकारी प्रामाणिक



ड्यूटी के दौरान किसी श्रमिक की मृत्यु होने की स्थिति में, जिसका अंतिम संस्कार कार्यस्थल पर ही किया जा रहा है इसके अंतिम संस्कार का खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा,

कैजुअल वेतनभोगी श्रमिकों को सीमा सड़क संगठन द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण कार्य में लगाया जाता है। वे प्रतिकूल जलवायु और कठिन कार्य- परिस्थितियों में सीमा सड़क संगठन कर्मियों के साथ मिलकर काम करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप वे कभी-कभी दुर्घटना के शिकार भी होते हैं।

अभी तक, सरकारी खर्च पर पार्थिव शव के संरक्षण और इसे मूल स्थान तक पहुँचाने के लिए परिवहन की सुविधा केवल जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स के कर्मियों के लिए उपलब्ध थी। समान परिस्थितियों में काम करने वाले श्रमिक इस सुविधा से वंचित थे। उनकी मृत्यु हो जाने की स्थिति में, परिवहन का व्यय शोक संतप्त परिवारों पर पड़ता है। आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण मृतक का परिवार ज्यादातर स्थितियों में हवाई किराया या यहां तक कि सड़क मार्ग से परिवहन का खर्च भी वहन नहीं कर पाता है।

# पटेल ने खेल महाकुंभ 2.0 का रजिस्ट्रेशन लिंक, टोल फ्री नंबर लॉन्च किया

**अहमदाबाद।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शनिवार को अहमदाबाद से खेल महाकुंभ 2.0 के रजिस्ट्रेशन कर्टेन रेज़र इवेंट का शुभारंभ किया। पटेल ने इस अवसर पर खेल महाकुंभ 2.0 की रजिस्ट्रेशन लिंक तथा टोल फ्री नंबर भी लॉन्च किया। खेल महाकुंभ 2.0 में भाग लेने के इच्छुक युवा लिंक पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे तथा अधिक विवरण प्राप्त कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त, 1800 274 6151 टोल फ्री नंबर भी घोषित किया गया है। समारोह में खेल-कूद एवं सांस्कृतिक विभाग के राज्य मंत्री हर्ष संघवी भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने समारोह को संबोधित करते कहा कि प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से 'खेले, वह खिले' के उम्दा विचार के साथ आरंभ किए गए खेल महाकुंभ का बीज आज वटवृक्ष बन गया है।

पटेल ने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों के लिए सभी प्रकार की सहायता करने को संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि पूर्व में खेल-कूद क्षेत्र में राज्य का नाम बहुत विशेष नहीं था, परंतु खेल महाकुंभ के सफल आयोजनों से अब राज्य के युवा देश-विदेश में सफलता के साथ उभर रहे हैं। गुजरात आज हर क्षेत्र के साथ साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आज वाराणसी में लगभग 30000 दर्शकों की क्षमता वाले स्टेडियम का शिलान्यास किया है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 36वें नेशनल गेम्स का आयोजन मात्र तीन महीनों की अल्पावधि में किया, जो हम सबके लिए गौरवपूर्ण बात है।

खेल-कूद, युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के राज्य मंत्री श्री संघवी ने इस अवसर पर कहा कि खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए तथा युवा गुजरात व देश का नाम रोशन कर सकें इसके लिए मुख्यमंत्री श्री पटेल के प्रेरणा व मार्गदर्शन में खेल महाकुंभ में विभिन्न खेलों में विजेता खिलाड़ियों को 45 करोड़ रुपए के पुरस्कार दिए जाएंगे।

संघवी ने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं को अधिक से अधिक प्रोत्साहित किए जा सकने के संदर्भ में मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में इस बार खेल महाकुंभ में बदलाव किए हैं। उन्होंने खेल महाकुंभ की सफलता का वर्णन करते हुए कहा कि वर्ष 2010 में जब खेल महाकुंभ की शुरुआत हुई, तब 16 लाख युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था।

## अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के लिए 332 देवी-देवताओं को भेजा निमंत्रण

शिमला। अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव इस वर्ष 24 से 30 अक्तूबर तक मनाया जाएगा। उत्सव का शुभारंभ राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और समापन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे। मुख्यमंत्री ने शिमला के राज्य अतिथि गृह पीटरहॉफ में राज्य स्तरीय कुल्लू दशहरा समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में दशहरा के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए कई निर्णय लिए गए। दशहरा से पहले कुल्लू और मंडी जिले की मुख्य सड़कों को चकाचक किया जाएगा ताकि पर्यटकों और दशहरा के लिए आने वाले लोगों को कोई दिक्कतों का सामना न करना पड़े। कुल्लू दशहरा के लिए समिति ने जिला कुल्लू के 332 देवी-देवताओं को उत्सव में आने के लिए निमंत्रण भेजे हैं। यह निमंत्रण पत्र सभी कारदारों को उपमंडल अधिकारियों, तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों की मदद से पहुंचाए गए हैं। विश्वविख्यात कुल्लू दशहरा में बाह्य सराज आनी-निरमंड से लेकर मनाली तक के देवी-देवता भाग लेते हैं। भगवान रघुनाथ की अगवाई में मनाए वाले कुल्लू दशहरा में माता हिडिंबा, बिजली महादेव के साथ बाह्य सराज के अधिष्ठाता खुडीजल, टकरासी नाग, ब्यास ऋषि, कोट पझारी,चोतरू नागसमेत 300 देवी-देवता अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हैं।

## शार्ट न्यूज

### मोदीनगर कोतवाली प्रभारी निलंबित

**मोदीनगर।** मोदीनगर में लापरवाही और क्षेत्र की जनता से दुर्व्यवहार के मामले में डीसीपी ग्रामीण जोन ने मोदीनगर कोतवाली प्रभारी भानू प्रताप सिंह को निलंबित कर दिया। एसएचओ ने दो दिन पूर्व सर्राफ दीपक की मौत की घटना को दिनभर अधिकारियों से छुपाए रखा था। जनता से दुर्व्यवहार और क्षेत्र में अपराध रोकने में नाकाम एसएचओ पहले से ही अधिकारियों के निशाने पर थे। डीसीपी ग्रामीण जोन विवेक यादव ने बताया कि बीते बृहस्पतिवार को सह संबंध में रह रहे सर्राफ दीपक उर्फ राशिद को महिला मित्र ने उसके परिजनों पर अगवा करने का आरोप लगाया था। इसी दौरान सर्राफ की मौत हो गई थी। एसएचओ भानू प्रताप सिंह ने किसी भी अधिकारी को घटना की जानकारी नहीं दी। शाम को एसीपी ज्ञानप्रकाश राय कोतवाली पहुंचे तो अधिकारियों को मामले की जानकारी लगी। डीसीपी ने एसीपी को मामले की जांच सौंपी तो एसएचओ की लापरवाही मिली। इसके अलावा क्षेत्र की जनता से दुर्व्यवहार की शिकायतें मिलने से भी अधिकारी एसएचओ से नाराज चल रहे थे। उधर कुछ दिन पूर्व नगर की एक कॉलोनी में गोवंश को कार से कुचलने के मामले में भी एसएचओ की लापरवाही सामने आई थी।

### विजय विहार में दुकान से लूटे 52 लाख के गहने

नई दिल्ली। विजय विहार इलाके में शुक्रवार शाम ज्वेलरी की दुकान पर धावा बोलकर बदमाश 52 लाख रुपये के गहने और नकदी लूटकर फरार हो गए। घटना के समय ज्वेलर और नौकर मौजूद थे। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद पीड़ित की शिकायत पर लूटपाट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी के जरिये बदमाशों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस के अनुसार, ज्वेलर प्रवीण गुप्ता सपरिवार पुष्पांजलि एंक्लेव पीतमपुरा में रहते हैं। रोहिणी सेक्टर-4 में उनकी मंगल ज्वैलर्स दुकान है। दुकान पर उनके साथ पिता सूरजभान गुप्ता भी बैठते हैं। बीस साल से सुल्तानपुरी निवासी बजरंग दुकान में काम करता है। पुलिस को दी शिकायत में प्रवीण ने बताया कि शुक्रवार शाम चार बजे पिता घर चले गए थे। करीब 7 बजे वे और बजरंग दुकान में मौजूद थे। इसी दौरान हेलमेट व मास्क लगाए चार युवक दुकान में घुस गए। युवकों को देखते ही प्रवीण दुकान में बने लॉकर के केबिन में चले गए और कमरे को अंदर से लॉक कर लिया। चारों बदमाश दरवाजा खटखटाकर खोलने के लिए कहने लगे। मना करने पर उन लोगों ने प्रवीण को गोली मारने की धमकी दी। इसके बावजूद उन्होंने दरवाजा नहीं खोला। कुछ देर बाद नौकर ने बताया कि बदमाश लूटपाट कर फरार हो गए हैं।

### सट्टा रैकेट का पर्दाफाश कर 11 गिरफ्तार, संचालिका फरार

नई दिल्ली। पुलिस ने शुक्रवार को सीमापुरी बी-ब्लॉक में चल रहे सट्टा रैकेट का पर्दाफाश किया। पुलिस को मुख्य आरोपी कमलेश तो नहीं मिली, लेकिन तीन मुंशी व आठ लोग सट्टा खेलते मिल गए। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों के पास से नकदी और अन्य सामान बरामद हुआ। तीनों मुंशी 500-500 रुपये एंट्री फीस लेकर लोगों से सट्टा लगवा रहे थे। पुलिस आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर सट्टा रैकेट चलाने वाली कमलेश की तलाश कर रही है। शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा के अनुसार, जिले के स्पेशल स्टाफ को सूचना मिली कि बी-ब्लॉक में एक मकान में सट्टा लगाया जा रहा है। सूचना के बाद फौरन इंस्पेक्टर विकास कुमार व अन्यों की टीम को छापे के लिए भेजा गया। मौके से पुलिस ने मुंशी बनी मोहम्मद (46), मुन्ना (48) व शमशुद्दीन (30) और विनोद, वसीम, मो. अली, सीवन, जीशान, सलाउद्दीन, शमीम और शाहिद को गिरफ्तार किया। पुलिस तीनों मुंशियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन में जुटी है। इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि कितने दिनों से आरोपी सट्टा लगवा रहे हैं।

### रजत जयंती पर लगेगा स्वास्थ्य मेला

नई दिल्ली। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ (आईपी) यूनिवर्सिटी अपनी स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन कर रही है। यह मेला तालकटोरा स्टेडियम में पांच से 10 अक्तूबर तक चलेगा। मेले की थीम 'एक कदम स्वास्थ्य संवर्धन की ओर' है। इस थीम के अनुरूप प्रत्येक दिन स्वास्थ्य संवर्धन जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी सौ से ज्यादा सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाएं इस मेला में भाग ले रही हैं। यूनिवर्सिटी के दो कैंपस समेत सौ से अधिक शिक्षण संस्था भी भागीदारी कर रहे हैं। इसमें नेत्र जांच, ओरल कैंसर स्क्रीनिंग, ईएनटी जांच, ब्लड, ग्लूकोस और बीएमआई, ब्लड प्रेशर, इलेक्ट्रो कार्डीओग्राम जैसे दो दर्जन से ज्यादा जांच यहां निशुल्क होंगे। होम्योपैथी, आयुर्वेदिक व योग परामर्श भी निशुल्क मिलेगा। स्वास्थ्य जन-जागरूकता पेवेलियन में जीवनशैली, मानसिक स्वास्थ्य, बुढ़ापे में देख-भाल, ब्लड और अंग दान, कैंसर की रोकथाम, संक्रामक रोग, दांतों की देखरेख, पोषण एवं स्वास्थ्य परामर्श, पर्यावरणीय रोग व उनकी रोकथाम जैसे विषयों पर चर्चा एवं परिचर्चा आयोजित की जाएंगी। मिलेट के कई स्टॉल होंगे और इस पर व्याख्यान का आयोजन भी किया जाएगा। बीएलएस, सीपीआर, फर्स्ट एड जैसे प्राण रक्षा के उपाय का प्रशिक्षण भी यहां दिया जाएगा और प्रशिक्षण पूरा करने वालों को प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा।

### रिश्तेदार ने सरकारी स्कूल में चपरासी की नौकरी लगवाने के नाम पर ऐंठे 10 लाख रुपये

गाजियाबाद। गाजियाबाद के मसूरी थाने के चित्तौड़ा गांव में किसान के पौत्र की सरकारी स्कूल में चपरासी के पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर शातिरों ने उनसे 10 लाख रुपये की ठगी कर ली। तीन साल से ज्यादा वक्त बीतने के बाद भी जब आरोपियों ने उनके रुपये नहीं लौटाए तो पीड़ित ने मामले में पुलिस आयुक्त को शिकायत दी। पुलिस आयुक्त के आदेश पर मामले में रिपोर्ट दर्जकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। चित्तौड़ा गांव निवासी रघुराज सिंह किसान हैं। उनका पौत्र विशाल बेरोजगार है। रघुराज ने बताया कि उन्होंने विशाल की नौकरी लगवाने के लिए अपने दूर के रिश्तेदार राहुल निवासी नार, थाना पिलखुवा जिला हापुड़ से बात की थी। उसने बताया कि इगलास, अलीगढ़ के वीरमति जूनियर हाइस्कूल में तैनात प्रधानाचार्य विनोद कुमार से उसके दो परिचितों के अच्छे संबंध हैं। वहां स्कूल में चपरासी का पद खाली है, जिसपर विनोद कुमार को तैनाती करने का पूरा अधिकार है। लेकिन इसके लिए उनको दस लाख रुपये रिश्वत देनी होगी। विश्वास दिलाने के लिए उसने विनोद कुमार और अपने दो परिचितों से भी बात करा दी। विश्वास करके रघुराज ने नवंबर-2020 को राहुल के कहने पर सचिन नाम के युवक को तीन लाख रुपये नकद व सात लाख रुपये चेक के द्वारा चार बार में दे दिए। आरोपी विशाल को लेकर इगलास भी गए, एक फर्जी नियुक्ति पत्र दे दिया, जिसपर न कोई मुहर व न ही किसी सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर थे।

### एक्सप्रेसवे में सात जोन बनाकर दो लाख वाहनों को निकाला

नोएडा। वरिष्ठ संवाददातामोटो जीपी की फाइनल रेस और यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो को देखने रविवार को काफी संख्या में लोग पहुंचे। दोनों कार्यक्रमों में करीब 45 हजार वाहनों से लाखों लोग आए। नोएडा-ग्रेनो और यमुना एक्सप्रेसवे पर करीब वाहनों का भारी दवाब रहा। यहां करीब दो लाख वाहनों को सात जोन बनाकर निकाला गया। इस दौरान मुख्यमंत्री, औद्योगिक विकास मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री सहित कई वीवीवआईपी शामिल थे। अधिक ट्रैफिक दबाव के बावजूद यातायात सामान्य रहा।डीसीपी यातायात अनिल कुमार यादव ने बताया कि रविवार के लिए विशेष रणनीति बनाई गई थी। इनमें 2 सुपर जोन, 7 जोन, 14 सेक्टर व 250 सब सेक्टर में नोएडा से ग्रेटर नोएडा तक की यातायात व्यवस्था को बांटा गया था। सुपर जोन में डीसीपी स्वयं मोर्चा संभाले हुए थे। जबकि जोन में एसीपी, सेक्टर में टीआई और सब सेक्टर में बेहतर व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी सब इंस्पेक्टर को दी गई थी। करीब 1100 पुलिसकर्मियों के जिम्मे यातायात व्यवस्था रही। इनमें 80 मार्शल मोबाइल टीम लगातार राउंड लेकर ट्रैफिक पर नजर रख रही थी।

# दिल्ली की सड़क, नालों और पार्कों को ठीक कर सबूत दिखाएं : एलजी

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने नगर निगम के अधिकारियों को आदेश दिया है कि वो ईस्ट दिल्ली इलाके की सड़कों, फुटपाथ, पार्कों के अलावा सीवरेज तथा ड्रेनेज सिस्टम को फिर से ठीक करें। एलजी कार्यालय खुद इस कार्य की प्रगति की निगरानी करेगा। इसके अलावा यह भी कहा गया है कि इन कामों की प्रगति को लेकर जब तक सबूत के तौर पर फोटो और वीडियो नहीं दिये जाएंगे तब तक स्टेटस रिपोर्ट स्वीकृत नहीं किये जाएंगे।

एलजी का यह अहम आदेश ऐसे वक्त में आया है जब हाल ही में उन्होंने ईस्ट दिल्ली के विभिन्न इलाकों का दौरा किया। इस दौरान उपराज्यपाल शास्त्री पार्क, मानसरोवर पार्क, सीलमपुर, श्याम लाल कॉलेज, कड़कड़डूमा,



सूरजमल पार्क और दिलशाद गार्डन भी गये थे। उन्होंने सड़कों की खराब हालत, साफ-सफाई, अतिक्रमण और बंद पड़े नालों पर ध्यान दिया और निगम अधिकारियों को निर्देश दिया कि वो इसे ठीक करने को लेकर काम जल्द से जल्द शुरू करें। एक अधिकारी ने कहा कि एलजी सचिवालय हर रोज कार्य की प्रगति की निगरानी करेगा।

उपराज्यपाल ने खास तौर से निर्देश दिया है कि किसी भी संबंधित एजेंसी की रिपोर्ट को तब तक स्वीकृत नहीं किया जाएगा जब तक कि वो इसके समर्थन में कार्य के पहले और बाद की तस्वीरें नहीं शेयर करते हैं।

उपराज्यपाल ने सभी संबंधित एजेंसियों - MCD, PWD, DDA और DJB को निर्देश दिया है कि वो आपस में बातचीत कर क्षेत्राधिकार के मुद्दे को सुलझा लें और इस बात पर जोर दें कि किसी भी कीमत पर कार्य शुरू करने में देर ना हो। अपने तीन घंटे से ज्यादा के दौरे के दौरान वीके सक्सेना ने युधिष्ठिर सेतु की खराब हालत पर नाराजी जाहिर की। इस सेतु की रेलिंग और फुटपाथ कई जगह से टूट चुके थे। इससे पैदल चलने वाले यात्रियों और दो पहिया वाहनों से चलने वाले लोगों के लिए खतरा भी खड़ा हो गया है। इसी तरह कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर में जाम हो चुके नालों को देख उपराज्यपाल ने नाराजगी जाहिर की। यहां नाले का पानी गलियों में आ रहा है और फुटपाथ पर कचरा फैल गया था। कई इलाकों में पेड़ों की वजह से यातायात प्रभावित हो रही है। अपने दौरे के दौरान एलजी ने यहां रहने वाले लोगों से बातचीत भी की। इलाके के लोगों ने सीवर लाइन से होने वाले ओवर फ्लो, जाम पड़े नालों और टूटी-फूटी सड़क तथा फुटपाथ की शिकायत उपराज्यपाल से की। एलजी ने इस बात पर नाखुशी जताई कि किसी भी सिविक एजेंसी ने पिछले कई सालों से इन इलाकों पर ध्यान नहीं दिया। इन इलाकों में एक बड़ी आबादी खराब हालत में जिंदगी बसर करने के लिए मजबूर है।

# शराब पीकर झगड़े में दोस्त को छत से गिराया, मौत

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के फतेहपुर बेरी इलाके में शराब पीने के दौरान दो दोस्तों के बीच विवाद हो गया।

एक दोस्त ने दूसरे को छत से गिरा दिया। गंभीर हालत में युवक को एम्स ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी कौशलेन्द्र को हिरासत में लिया हुआ है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि राजेश सुल्तानपुर गांव में रहता था और पेंट का काम करता था। वह मूलत: उत्तर प्रदेश के बांदा का रहने वाला था।

राजेश के दोस्त 27 वर्षीय आकाश ने बताया कि पिछले आठ माह से वह सुल्तानपुर में सुमित खारी के घर काम कर रहे हैं।

उनके पास राजेश, कौशलेन्द्र और विक्रम काम करते हैं। 21 सितंबर को विक्रम के अंकल सुरजीत के बेटे का जन्मदिन था। पार्टी में विक्रम, प्रभुराम, राजेश और कौशलेन्द्र शामिल हुए। प्रभुराम को छोड़कर सभी ने शराब पी। इस दौरान कौशलेन्द्र और राजेश का झगड़ा हो गया। दोनों हाथापाई करते हुए तीसरे फ्लोर पर चले गए।

नीचे आते समय कौशलेन्द्र ने राजेश को सीढ़ियों से नीचे गिरा दिया। राजेश सीधा सड़क पर आ गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। अन्य दोस्तों ने उसे अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी।

अस्पताल में राजेश को मृत घोषित कर दिया गया। फतेहपुर बेरी थाना पुलिस ने कौशलेन्द्र को हिरासत में लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यूपी के बांदा जिले के रहने वाला राजेश दिल्ली के सुल्तानपुर गांव में रहते था। वह पेंटिंग का काम करता था। राजेश के सहकर्मी आकाश ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि बीते 21 सितंबर को विक्रम के चाचा सुरजीत के बेटे का बर्थडे था जिसमें सभी लोग शामिल हुए थे। इस दौरान राजेश ने ज्यादा शराब पी ली थी।

# दिल्ली में 4 टीचर्स ने स्टूडेंट से मारपीट की

नई दिल्ली। दिल्ली के यमुना विहार इलाके में एक सरकारी स्कूल के चार टीचर्स ने 10वीं के छात्र के साथ मारपीट की। छात्र ने बताया कि खिड़की से बाहर देखने की सजा देने के लिए टीचर्स ने उसे न सिर्फ थप्पड़ मारे, बल्कि जमीन पर घसीटा और शरीर पर लात-मुक्के भी मारे। इससे छात्र गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

मारपीट के बाद टीचर्स ने छात्र को धमकी दी कि वह इस घटना के बारे में किसी को न बताए। इसके बावजूद, छात्र ने अपनी मां को सारी बात बताई और स्कूल जाने से इनकार कर दिया। इसके बाद छात्र की मां ने दिल्ली के भजनपुरा पुलिस स्टेशन में चारों टीचर्स के खिलाफ स्नद्बक्रदर्ज कराई है।

एफआईआर के मुताबिक, घटना 15 सितंबर की है। मां के मुताबिक, मारपीट के बाद उसका बेटा गंभीर रूप से जख्मी हुआ था। उसके शरीर पर कई घाव थे और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

छात्र ने बताया कि मैं खिड़की से बाहर देख रहा था। तभी सर तेजी से मेरे पास आए और मुझे जोर से चांटा मारा। जब मैंने उन्हें बताया कि मुझे बहुत तेज दर्द हुआ तो उन्होंने मुझे और तीन चांटे मारे। 4-5 मिनट बाद वो फिर मेरे पास आए। मैं उनसे माफी मांग रहा था, फिर भी वो मुझे घसीटते हुए क्लास रूम के बाहर ले गए। इसके बाद वो मुझे एनसीसी रूम में ले गए। वहां तीन और टीचर्स आ गए। सब मिलकर मेरे पेट, छाती और चेहरे पर लात-मुक्के मारने लगे।

# राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की 115 वीं जयंती के अवसर पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन संपन्न

## विश्व हिंदी परिषद ने विज्ञान भवन नई दिल्ली में किया आयोजन

विश्व हिंदी परिषद नई दिल्ली द्वारा दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन 20-21 सितंबर, 2023 को दिल्ली के विज्ञान भवन में संपन्न हुआ। इसका आयोजन राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की 115वीं जयंती के अवसर पर किया गया। जिसमें विभिन्न सत्रों में हिन्दी भाषा, साहित्य, संस्कृति व सत्ता, प्रशासन से जुड़े महत्वपूर्ण विद्वतजनों ने दिनकर के राष्ट्रवादी चिंतन और उन की विलक्षण, अतुलित शब्द सामर्थ्य का स्मरण करते हुए उन्हें हिन्दी भाषा, प्रगतिशीलता और मानवता के पक्षधर के रूप में ऋषितुल्य कालजयी कवि बताया।

गृह मंत्रालय के राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्र ने दिनकर की अनेक कालजयी रचनाओं को उद्धृत करते हुए कहा कि दिनकर जी राष्ट्रवादी चेतना के एक उत्कृष्ट कवि ही नहीं, बल्कि उच्च कोटि के राजनीतिज्ञ भी थे। उनकी कविताओं ने न केवल हिंदी भाषा को समृद्ध बनाया है बल्कि हरेक वर्ग और हर पीढ़ी के लिए उनकी कविताएं, उनका सृजन एक आदर्श हैं।

डॉ.विपिन कुमार महासचिव विश्व हिंदी परिषद ने कवि के महान व्यक्तित्व का स्मरण करते हुए कहा कि परिषद का इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन के पीछे हिंदी भाषा व हिंदी सेवियों के मध्य एक मजबूत पुल खड़ा करना है। सम्मेलन में आलेख प्रकाशन, वाचन, कवि सम्मेलन, सम्मान के अलग-अलग प्रकल्पों के साथ हिंदी भाषा को संवैधानिक रूप से राष्ट्रभाषा बनाने के प्रति एक रचनात्मक व वैचारिक वातावरण खड़ा करने का भी परिषद का मूल उद्देश्य है। हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है की हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा के रूप में प्रतिष्ठित होगी साथ ही यह एक विश्व भाषा भी बनेगी। उन्होंने रामधारी सिंह दिनकर के तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु जी के साथ हुए एक बहुचर्चित वाक़या को दोहराते हुए कहा जब भी राजनीति लड़खड़ाएगी, तब-तब साहित्यकार उसे सहारा देकर संभालने में समर हैं।

मणिपुर की महामहिम राज्यपाल अनसूइया उइके ने सम्मेलन में कहा कि हिंदी भाषा भारतीय संस्कृति और सभ्यता की परिचायक है, जो हमारे जीवन मूल्य, संस्कृति संस्कारों की सच्ची संवाहक और संप्रेषण भी है। उन्होंने कहा कि हिंदी एक ऐसी मीठी, मृदुल, वैज्ञानिक भाषा भी है जो हमारे पारंपरिक ज्ञान, सांस्कृतिक धरोहर और आधुनिक प्रगति के बीच का सेतु है और हिंदी आम आदमी की भाषा के रूप में हमारे विशाल देश भारत की एकता का सूत्र भी है। हिंदी को मिल जुलकर हमें हर दृष्टि से सर्वत्र सर्वोपरि बनाए रखना चाहिए। उन्होंने हिंदी को सर्वोत्कृष्ठ व सार्वभौमिक भाषा बताते हुए कहा कि हिंदी भाषा की समृद्धि और प्रचार प्रसार के लिए इस तरह के उत्कृष्ट व विराट कार्यक्रम जगह-जगह होने चाहिए।

# दशहरा के दिन सनातन धर्म विरोधियों के पुतले जलाने के मांग

## प्रमुख रामलीला आयोजकों से समर्थन प्राप्त हुआ

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख और प्रवक्ता श्री प्रवीण शंकर कपूर ने कल दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सचदेवा के निर्देश पर दिल्ली धार्मिक महासंघ और दिल्ली की रामलीला समितियों को एक अपील पत्र में सनातन धर्म विरोधी अभियान की ओर उनका ध्यान आकर्षित किया जिसको उदयनिधि स्टालिन तमिलनाडु, स्वामी प्रसाद मौर्य यूपी सहित एवं राजिंदर पाल गौतम दिल्ली सहित कई नेता चला रहे हैं

पत्र में कहा गया है कि रामलीला सनातन धर्म अनुयायियों को प्रभावित करने वाला एक बड़ा आयोजन है और सुझाव दिया है कि रामलीला समितियां दशहरा 2023 के दिन पारंपरिक तीन पुतलों के साथ सनातन धर्म विरोधियों का पुतला भी जलाएं।

भाजपा के पत्र पर रामलीला समितियों का अच्छा समर्थन सामने आया है और कई रामलीला समितियों के पदाधिकारियों ने अपना समर्थन दिया है। वे जल्द ही अपनी समितियों में निर्णय लेंगे और औपचारिक घोषणा करेंगे।

### जिन लोगों ने समर्थन का आश्वासन दिया है उनमें ये भी शामिल हैं

1. दिल्ली धार्मिक महासंघ के श्री धीरज धर गुप्ता।
2. नव श्री धार्मिक लीला समिति लाल किला के श्री बृज मोहन गोटेवाला और श्री रवि कप्तान।
3. श्री केशव रामलीला समिति, पीतमपुरा के श्री अशोक गोयल।
4. श्री सतीश उपाध्याय दक्षिण दिल्ली की कई रामलीला समितियों से जुड़े हुए हैं।
5. आदर्श रामलीला कमेटी अशोक विहार के श्री सतीश गर्ग।
6. श्री अशोक विहार रामलीला कमेटी के श्री महेंद्र नागपाल।
7. श्री रामलीला समिति इंद्रप्रस्थ, पूर्वी दिल्ली के श्री सुरेश बिंदल।
8. द्वारका रामलीला सोसायटी, सेक्टर 10 द्वारका के श्री राजेश गहलोत।
9. नव श्री मानव धर्म रामलीला कमेटी मॉडल टाउन के श्री विकेश सेठी।
10. लव कुश रामलीला कमेटी मंडोली पूर्वी दिल्ली के श्री मनोज त्यागी।
11. श्री नव युवक रामलीला कमेटी, कश्मीरी गेट के सरदार अवतार सिंह।

कई अन्य रामलीला समितियों ने व्हाट्सएप पर संदेश भेजा है कि वे जल्द ही निर्णय लेंगे।

### 15वीं मंजिल से कूदकर दी जान

नोएडा। नोएडा के सुपरटेक केप-टाउन सोसाइटी में एक 15 साल के किशोर ने सोसाइटी के 15वें फ्लोर की बालकानी से कूदकर सुसाइड कर लिया। घटना रात करीब सवा एक बजे की है। आवाज आने पर गार्ड ने पुलिस और घर वालों को जानकारी दी। जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आयुक्त के पीआरओ पंकज सिंह ने बताया कि जिस समय किशोर ने सुसाइड किया उस समय बाकी सभी सदस्य घर में मौजूद थे। किशोर की पहचान अंगद हुई है। वो 10वी क्लास का छात्र है। पिता गुरु चरण सिंह का पहले ही देहांत हो चुका है। घर पर मा सिमरन कौर और बहन रहती है। परिवार के सदस्यों को नहीं पता कि उसने सुसाइड क्यों किया। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। हालांकि बताया गया कि कुछ दिनों से परेशान चल रहा था। वहीं पुलिस ने किशोर का मोबाइल लिया है। जिसकी जांच की जा रही है।

# गांवों के प्रवेश द्वार पर वंशावली व गौरव गाथा लिखें सरकार



थान सिंह यादव
प्रमुख दिल्ली पंचायत संघ

नई दिल्ली। दिल्ली पंचायत संघ गांवों की पहचान बनाए रखने के लिए आंदोलन तेज करेगा।हमारी 18सूत्री मांगो में एक है।आज भारत अपनी पुरानी विरासत में लोट रहा है। दिल्ली के गांवों को भी अपनी पुरानी पहचान व विरासत मिले। गांवों ने आजादी के समय बहुत बलिदान दिया है। गांवों को पुराना गौरव मिले।जहां गांवों ने जवान व किसान दिए आज वे गांव हासिये पर क्यों। पंचायत संघ का कहना है कि दिल्ली के हर गांवों की पहचान बनी रहे। इसके लिए गांवों की गौरव गाथा के साथ-साथ दिल्ली गांवों के सभी दस्तावेजों कुर्सीनामा व वंशावली आदि गांव के प्रवेश द्वार पर शिलालेख या डिजिटल बोर्ड पर लगाएं सरकार।ताकि सभी गांवों के लोगों को अपनी पुरानी पहचान व रिकार्ड्स के बारे में जानकारी हो। पंचायत संघ का कहना कि आजादी के 75वर्ष के अमृतकाल में हम हैं। लेकिन दिल्ली का रेवेन्यू विभाग आज भी मुगल काल का रिकार्ड ले रहा है। दिल्ली के रेवेन्यू विभाग की कार्यशैली आज भी मुगल काल में कैद पड़ी है। जिसके कारण गांवों व किसानों को इसकी मार झेलनी पड़ रही हैं। दस्तावेजों का उर्दू व फारसी में होने से गांवों के लोगों को हमेशा संदेह रहता है कि हमारे साथ धोखा तो नहीं हो रहा है। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव का कहना है इस पर गांवों व अधिकारियों की पुराने दस्तावेजों के विशेषज्ञों की कमेटी गठित कर सभी हिन्दी में कराएं।ओर दस्तावेजों को कोई किसी भी प्रकार का नुकसान ना हो इसकी वयवस्था करें।

# मोदीनगर में 10 साल के बच्चे को अगवा कर कुकर्म




एजेंसी

मोदीनगर। गाजियाबाद में मुरादनगर की नगर की एक कॉलोनी में दस साल के बच्चे को अगवा करके सुनसान स्थान पर ले जाकर कुकर्म करने का मामला सामने आया है। कुकर्म का विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। नगर की एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति परिवार सहित रहते हैं।

उनका दस वर्षीय पुत्र रात को अपने ताऊ के पास जा रहा था। जब वह बीच रास्ते पर पहुंचा तो आरोपी बच्चे को अपने साथ ले गया। वह बच्चे को रावली रोड स्थित एक गोदाम में ले गया। आरोप है कि वहां पर बच्चे के साथ कुकर्म किया। विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। घर पर पहुंचकर बच्चे ने परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद परिजन मुरादनगर थाने पहुंचे और तहरीर दी। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

बच्चे को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। आरोपी भी नाबालिग है और उसे हिरासत मे ले लिया गया है। उन्होनें बताया कि आरोपी को किशोर न्याय बोर्ड के सामने पेश किया जाएगा। वहा से उसे बाल सुधार गृह भेजा जाएगा। इस बारे में डॉक्टर राजीव त्यागी का कहना है कि मोबाइल बच्चों पर सबसे ज्यादा कर डाला है।

अभिभावकों को चाहिए मोबाइल से पढ़ाई के लिए रखें और बच्चों की हर गतिविधि पर ध्यान रखें।

### कारों की भिड़ंत में बुजुर्ग की जान गई

नोएडा। सेक्टर-53 गिझोड़ रेड लाइट के पास रविवार सुबह दो कारों की भिड़त हो गई। हादसे में एक कार में बैठे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए ले जाने के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची सेक्टर-24 थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।मृतक बुजुर्ग के बेटे ने सेक्टर-24 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में कम्पिल फारुखाबाद निवासी बिपिन कुमार ने बताया कि रविवार सुबह को उनके पिता छोटेलाल ईएसआईसी अस्पताल में दवा लेने के लिए गए थे। इस दौरान जब वह गिझोड़ रेड लाइट के पास पहुंचे, तभी एक कार चालक ने तेजी रफ्तार में लापरवाही से कार चलाते हुए उनके पिता की गाड़ी में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही पिता की कार पलट गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें घटना के बारे में जानकारी दी। यहां पर डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया था। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में दी गई शिकायत दर्ज कर ली गई है। पुलिस की टीम घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच कर रही है।

# श्री सनातन धर्म रामलीला समिति ने रामलीला मंचन के लिये भूमि पूजन किया

नोएडा। रविवार को श्री सनातन धर्म रामलीला समिति, नोएडा के महासचिव संजय बाली ने बताया कि निरंतर 38वां वर्ष के सार्थक प्रयास से 2023 का आज रामलीला मंचन के लिये सैक्टर 21ए, नोएडा में पूजा अर्चना हवन के साथ भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन के दौरान पंडित वीरेन्द्र नंद जी द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। भूमि पूजन में सनातन धर्म रामलीला के मुख्य संरक्षक व गौतमबुद्ध नगर सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार, डा. महेष शर्मा जी, श्रीमती विमला बाथम, अध्यक्ष महिला आयोग, उ0प्र0 , डा. वी. एस. चौहान, विपिन मल्हन, अध्यक्ष एन.ई.ए., कुलदीप गुप्ता, अध्यक्ष भारत विकास परिषद, योगेन्द्र शर्मा, अध्यक्ष फोनरवा एवं सनातन धर्म रामलीला समिति के चेयरमैन श्री टी.एन गोविल, अध्यक्ष टी.एन. चौरसिया जी के द्वारा मुख्य पूजन किया गया और साथ ही झंडा की पूजा कर झंडा लगाया गया। समिति के सभी सदस्य एवं रामलीला



मंचन करने आये सभी कलाकार भी इस भूमि पूजन के कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस बार मंचन को बहुत ही भव्य रूप दिया जायेगा। लीला की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है और आज से भूमि पूजन के उपरान्त सभी कार्य प्रारंभ कर दिये जायेगे। रामलीला का प्रारंभ 15 अक्टूबर 2023 से 25 अक्टूबर 2023 तक चलेगा।

इस कार्यक्रम में कार्यकाी अध्यक्ष सुषील भारद्वाज, महासचिव संजय बाली, अल्पेष गर्ग, एस.के.एस राणा, रमेष कुमार, एन.के अग्रवाल, मित्रा शर्मा, प्रताप मेहता, अनुज गुप्ता, प्र्रमोद रंगा, प्रदीप अग्रवाल, सौरभ सिंघल, केषव गंगल, सौरभ गोविल, एस.के. सिंघल, सुन्दर राणा, अतुल मित्तल, चन्द्रपाल सिंह, अनिल खण्डेलवाल, अनिल गुप्ता, लोकेष कष्यप, कवि प्रेम सागर, पुनित शुक्ला, सत्य नारायण गोयल, विकास जैन, प्रदीप रतूडी, अनुज तिवारी, विपिन बंसल, उदय कुमार, विनोद कुमार विरेष तिवारी, डा. एस. पी. जैन, पुष्कर शर्मा आदि काफी संख्या में शहर के गणमान्य एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

नई दिल्ली
सोमवार 25 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

# संपादकीय

## पराली पर सोचने का समय

भारत कृषि आधारित अर्थव्यवस्था है, जो हर साल 51 करोड़ टन कृषि अवशेष (पराली) उत्पन्न करता है। अगली फसल बोने की जल्दी में किसान पराली जला देते हैं, जिससे न केवल वायु प्रदूषण होता है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता भी कम हो जाती है। फिर भी वे इसे सबसे सस्ता विकल्प मानते हैं। देश के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में किसानों ने पराली जलाना शुरू कर दिया है, और आगामी महीनों में ऐसी घटनाएं बढ़ेंगी, जिससे वायु प्रदूषण में वृद्धि होगी। हर बार की तरह इस बार भी हवा के रुख के कारण अक्तूबर व नवंबर में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में धुंध पैदा होगी, जिससे सांस लेना तक दूभर हो जाएगा। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण पहले ही खुले में पराली जलाने पर रोक लगा चुका है और इसके लिए भारी जुर्माने का प्रावधान है। हालांकि, पराली जलाने के मूल कारणों पर अब भी ध्यान दिया जाना बाकी है।

पहला, हरित क्रांति के दौरान पंजाब व हरियाणा के किसानों ने अपनी पारंपरिक फसलों (मक्का, बाजरा, दालें और तिलहन) को छोड़कर गेहूं-धान की फसल चक्र को अपनाया। इससे देश की खाद्य सुरक्षा तो सुनिश्चित हुई, पर बाद में इसके दुष्परिणाम भी सामने आए। धान के अधिक उत्पादन से पराली का भी उत्पादन बढ़ा।

दूसरा, पंजाब और हरियाणा में मानसून की शुरुआत से पहले धान की रोपाई होती थी। चूंकि धान में पानी की खपत ज्यादा होती है, इसलिए किसान बड़े पैमाने पर भूजल दोहन करके पानी की आवश्यकता पूरी करते थे। नतीजतन भूजल के गिरते स्तर को लेकर चिंता पैदा हुई। इसीलिए, पंजाब उपमृदा जल संरक्षण अधिनियम और हरियाणा उपमृदा जल संरक्षण अधिनियम (अब भूजल अधिनियम) को मार्च, 2009 में अधिसूचित किया गया।

इन कानूनों ने 10 जून से पहले धान की बुआई पर रोक लगा दी, जिससे इसकी कटाई का समय करीब एक महीने बढ़ गया। फसल में देरी के कारण अगली फसल बोने के लिए बहुत कम समय बचता है, ऐसे में किसानों ने पराली को जलाने का विकल्प चुना। उल्लेखनीय है कि 2010 के बाद से धान की पराली जलाने में करीब 21 फीसदी की वृद्धि हुई है, जिससे सर्दियों की शुरुआत में दिल्ली-एनसीआर और उसके आसपास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है।

तीसरा, लंबी अवधि वाली धान की किस्में भी किसानों के पराली जलाने का एक प्रमुख कारण है। अधिक उपज पाने की उम्मीद में किसान मुख्यत: लंबी अवधि (130 दिन या उससे अधिक दिन) वाली किस्मों का चयन करते हैं, जिससे अगली फसल बोने के लिए बहुत कम समय बचता है। फलस्वरूप खुले में पराली जलाने की घटनाएं बढ़ती हैं।

चौथा, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और अनाज मंडियों जैसी सरकारी योजनाओं का भी पराली जलाने पर प्रभाव पड़ता है। पंजाब में केवल धान, गेहूं, सूरजमुखी और कपास के लिए एमएसपी लागू है, इसलिए अन्य फसलों की तुलना में किसान इन्हीं फसलों की बुआई करते हैं। चूंकि धान की पराली में सिलिका का स्तर उच्च होता है, जो जानवरों के लिए हानिकारक है, इसलिए इसे चारे के रूप में नहीं बेचा जा सकता है। इसलिए भी किसान इसे जला देते हैं। ऐसे में, नीति निर्माता जहां तक हो सके, इन मूल कारणों पर काबू पाने के लिए रणनीतिक मसौदा तैयार कर सकते हैं। जैसे, पराली को खुले में जलाने के बजाय बायो-पेलेट्स में परिवर्तित किया जा सकता है, जिन्हें सीधे ताप विद्युत संयंत्रों में नियमित रूप से कोयले के साथ जलाया जा सकता है। एनटीपीसी समूह ने 10 फीसदी बायो-पेलेट्स के मिश्रण से बिजली उत्पादन का सफल प्रदर्शन किया है। अब केंद्र सरकार देश भर में इसे लागू करना चाहती है। इसके अलावा, केंद्र सरकार किसानों को जागरूक करने के लिए अभियान चला रही है कि यदि वे पराली जलाने के बजाय उन्हें जैव-ऊर्जा निर्माताओं को बेचें, तो न केवल उन्हें अतिरिक्त कमाई हो सकती है, बल्कि वे प्रदूषण को रोकने में भी योगदान कर सकते हैं।

## डूबती नैया को पार लगाने की आत्मघाती कोशिश


पिछले कुछ दिनों से हम एक समृद्ध व तथाकथित लोकतांत्रिक देश के नेता की गलतियों की श्रृंखला के गवाह बने हैं। इस नेता का नाम है जस्टिन ट्रूडो, जिनकी पहचान कनाडा के प्रधानमंत्री के रूप में भी है। कहते हैं कि झूठ बोलना कूटनीति पर भारी पड़ सकता है। हरदीप सिंह निज्जर नाम के अपने पसंदीदा खालिस्तान समर्थक आतंकी की, जो पहले एक प्लंबर हुआ करता था और जिसे जून, 2023 में मार गिराया गया था, रक्षा करने में असमर्थता जाहिर करते हुए अपनी संसद में ट्रूडो ने जो बयान दिया है, वह कूटनीति की दुनिया में इतिहास रचने के लिए काफी है। उन्होंने कहा कि निज्जर की हत्या में भारत का हाथ होने के विश्वसनीय आरोप (पर, कोई सुबूत नहीं) उनके सामने आए हैं। वह यहीं नहीं रुके। उन्होंने यह भी कहा कि निज्जर की हत्या कनाडा के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप है। अपनी ही संसद में झूठ बोलकर उन्होंने भारी गलती की है। किसी अवांछनीय गतिविधि के सुबूत के बगैर उन्होंने नाम लेते हुए एक भारतीय राजनयिक को निष्कासित किया, जिससे उस अधिकारी की जान तक खतरे में पड़ गई। यह भारी चूक है।

अपने 50 वर्षों के कूटनीतिक अनुभव में मैंने स्थापित अंतरराष्ट्रीय परंपराओं का ऐसा घोर उल्लंघन होते नहीं देखा। उन्होंने अपनी मूर्खता का एहसास करते हुए अमेरिका में अपने चाचा और अपने पश्चिमी सहयोगियों से भारत के खिलाफ बयान देने की विनती करने की एक बड़ी गलती की। यह बात अलग कि सभी ने ऐसा करने से मना कर दिया। उन्होंने भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चर्चा करने के लिए एक व्यापार प्रतिनिधिमंडल की यात्रा रद्द करके भी गलती की, क्योंकि कनाडा को भारत की तुलना में इस एफटीए की ज्यादा जरूरत है। उनकी एक और गलती यह रही कि उन्होंने एक ऐसे उच्चायुक्त को भारत भेजा, जो धैर्य व शांति से व्यवहार करना नहीं जानता और रिपोर्टर के मुंह पर गुस्से से कार का दरवाजा बंद कर लेता है। अभी एक दिन पहले कनाडा में गैंगवार में एक और खालिस्तानी आतंकी की हत्या कर दी गई।

कनाडा हत्याओं का देश बन गया है। वहां किसी दूसरे देश की तुलना में प्रति व्यक्ति ज्यादा आतंकी और गैंगस्टर मौजूद हैं। ये ड्रग तस्कर, आतंकवादी और गैंगस्टर आपस में लड़ रहे हैं। एक खुर्राट किस्म का खालिस्तानी, हेकड़ी दिखाते हुए सभी हिंदुओं को कनाडा छोड़कर जाने की चेतावनी देते हुए वहां मौजूद बड़े भारतीय समुदाय को धर्म के आधार पर विभाजित करने की कोशिश कर रहा है। इस पर खामोश रहकर ट्रूडो एक और गलती कर रहे हैं। अब या तो वह मानसिक तौर पर अस्थिर हैं या वह खालिस्तानियों के साथ एक गंभीर किस्म के समझौते में हैं। उल्लेखनीय है कि ये वही खालिस्तानी हैं, जिन्होंने कई दशक पहले एक भारतीय विमान को उड़ा दिया था, जिसमें 300 से ज्यादा कनाडाई नागरिक मारे गए थे। तब उनके पिता कनाडा के प्रधानमंत्री थे। आज खालिस्तान समर्थक अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। कुछ खालिस्तान समर्थक तो उनकी कैबिनेट में भी हैं। यह उनकी एक और गलती है।


पांच साल पहले, जब ट्रूडो भारत की अपनी आधिकारिक यात्रा पर खालिस्तानी के रूप में चिह्नित हो चुके लोगों को साथ लाए थे, तभी उन्होंने अपनी मनोदशा का परिचय दे दिया था। मुझे लगता है कि ट्रूडो के खालिस्तानी संरक्षकों ने उनसे नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन के अंतिम घोषणापत्र में सभी अल्पसंख्यकों की स्वतंत्रता के अधिकार जैसे विवादास्पद मुद्दों का उल्लेख करवाकर माहौल खराब करने के लिए कहा था। हालांकि वह ऐसा कर नहीं सके। हुआ यह कि जी-20 के नई दिल्ली घोषणापत्र ने, जिस पर ट्रूडो ने भी हस्ताक्षर किए थे, आतंकवाद की पूरी तरह से निंदा की। इस पर एक बिगड़ैल बच्चे की तरह प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने भारत के राष्ट्रपति द्वारा आयोजित आधिकारिक जी-20 रात्रिभोज में भी शामिल होने से इन्कार कर दिया, जो एक मूर्खतापूर्ण फैसला था।

# महिला आरक्षण : बातें हैं बातों का क्या ?



तनवीर जाफ़री

महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने वाला बहुप्रतीक्षित महिला आरक्षण विधेयक जिसे वर्तमान सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नाम दिया है,कई दशकों की प्रतीक्षा के बाद लोकसभा में ऐतिहासिक बहुमत के साथ पारित हो गया। इस विधेयक के समर्थन में 454 मत पड़े जबकि 2 मत इस के विपक्ष में भी पड़े। गोया लगभग पूर्ण बहुमत से इसे संसद ने पारित कर दिया। सदन में महिला आरक्षण विधेयक पारित होते ही सत्ता और विपक्ष दोनों में इसका श्रेय लेने की होड़ मच गयी। कांग्रेस ने इसे अपना बहुप्रतीक्षित विधेयक बताया जबकि संसद के नये भवन में इस पहले विधेयक को पारित कराकर भारतीय जनता पार्टी इसे चुनाव पूर्व का अपना मास्टर स्ट्रोक बता रही है। इस विधेयक में कहा गया है कि लोकसभा, राज्यों की विधानसभाओं और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधानसभा में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। इस विधेयक के पारित होने के बावजूद महिलाओं को आरक्षण का लाभ कब से मिलना शुरू होगा इसका किसी को ज्ञान नहीं। केवल क़यास लगाए जा रहे हैं। किस वर्ग की महिलाओं को मिलेगा यह भी पता नहीं है। और कैसे मिलेगा यह भी स्पष्ट नहीं। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के नाम से पारित हुये इस अधिनियम में संविधान के 128 वें संशोधन में लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33त्न आरक्षण देने का प्रावधान है। हालांकि इसी वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव व 2024 में प्रस्तावित लोकसभा के आम चुनाव में महिला आरक्षण लागू होना असंभव है। क्योंकि महिला आरक्षण के ड्राफ़्ट के अनुसार इस क़ानून के बनने के बाद होने वाली पहली जनगणना और फिर सीटों के परिसीमन के बाद ही महिलाओं हेतु आरक्षित सीटों का निर्धारण किया जायेगा। जबकि 2010 में यू पी ए के शासनकाल में राज्यसभा में महिला आरक्षण सम्बन्धी जो पिछला विधेयक पारित हुआ था उसमें परिसीमन की शर्त नहीं थी। और भाजपा ने भी उस समय परिसीमन जैसी किसी शर्त के बिना ही उस विधेयक का समर्थन किया था। सवाल यह है कि आज जब भाजपा सरकार महिला आरक्षण को लागू करने के लिए अधिनियम बना रही है तो उसे सबसे पहले परिसीमन से जोड़ने की आवश्यकता क्यों महसूस हो रही है ? क्या इसी लिये नए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' में महिला सीटों के आरक्षण के लिए अनुच्छेद 334 ए जोड़ा गया है। जिसमें कहा गया है महिला आरक्षण के लिए परिसीमन अनिवार्य होगा? माना जा रहा है कि परिसीमन का मक़सद लोकसभा सीटें बढ़ाना भी हो सकता है। ग़ौरतलब है कि 2021 में होने वाली जनगणना भी अभी तक नहीं हुई है। यदि सब कुछ निर्बाध रूप से और बिना किसी टाल मटोल के हुआ तो शायद महिला आरक्षण 2026 से लागू हो सके अन्यथा अनिश्चितता की सूरत बनी रहेगी। हालांकि सरकार ने




यह ज़रूर बता दिया है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होने से लोकसभा में महिलाओं की संख्या 82 से बढ़कर 181 हो जाएगी। यह भी बताया गया है कि 15 वर्ष के लिए आरक्षण का प्रावधान है हालांकि संसद को इसे बढ़ाने का अधिकार होगा।

बहरहाल महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बाद अनेक विश्लेषकों व राजनीतिज्ञों की तरह तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। कांग्रेस चाहती है कि इसे तत्काल लागू किया जाये। इसे लागू करने के लिए जनगणना या परिसीमन की कोई ज़रुरत नहीं है।

जबकि कुछ का मत यह भी है कि जब महिलाओं को आधी आबादी कहकर सम्बोधित किया जाता है तो उनके लिये आरक्षण भी 33 प्रतिशत क्यों,50 प्रतिशत क्यों नहीं ? और यदि वास्तव में सरकार की नीयत महिला आरक्षण अधिनियम को लेकर साफ़ है तो परिसीमन व जनगणना जैसे बहानों की ज़रुरत क्या ? जिस तरह भाजपा द्वारा दिल्ली के पार्टी मुख्यालय में महिलाओं को इकठ्ठा कर बाक़ायदा जश्न मनाकर प्रधानमंत्री का महिला आरक्षण अधिनियम के लिये पार्टी की महिलाओं द्वारा धन्यवाद किया गया और उन्हें महिलाओं का इस सदी का सबसे बड़ा नायक व इतिहास पुरुष बताने की कोशिश की गयी उससे कम से कम एक बात तो स्पष्ट है कि बावजूद इसके कि आगामी विधानसभा व लोकसभा किन्हीं भी चुनावों में महिला उम्मीदवारों के लिए इस आरक्षण का कोई लाभ नहीं मिलेगा परन्तु इसके बावजूद यह भी तय है कि महिला आरक्षण का यह मुद्दा निकट भविष्य के सभी चुनावों में मुख्य मुद्दा बनने वाला है। इसे इसलिये ज़रूर सरकार का मास्टर स्ट्रोक कहा जा सकता है कि सरकार ने आधी आबादी के प्रति अपनी हमदर्दी का सन्देश भी दे दिया और पुरुषों का वर्चस्व भी फ़िलहाल यथावत बना रहने दिया। तो क्या केवल चुनावी लाभ हासिल करने की ग़रज़ से ही यह सारी क़वायद की गयी ?

जिस तरह संसद के नये भवन में महिला आरक्षण के रूप में पहला विधेयक पेश किया गया और उसे ऐतिहासिक समर्थन के साथ पूर्ण बहुमत से पारित भी करा लिया गया इससे बेशक यह संकेत तो मिलता है कि सरकार आधी आबादी की हित चिंतक है।

परन्तु इन सवालों से भी यही सरकार कैसे बच सकती है कि जब इसी वर्ष 28 मई को नये संसद भवन का उद्घाटन किया गया था उस समय देश की महिला राष्ट्रपति को इस भवन के उद्घाटन हेतु क्यों आमंत्रित नहीं किया गया था ? जबकि वह उनका अधिकार भी था और यदि वे उद्घाटन करतीं तो राष्ट्रपति के महिला होने के नाते आज अच्छा सन्देश भी जाता ?

और जब बात नये संसद भवन के उद्घाटन की होती है तो उस दिन को देश इसलिये भी नहीं भूल सकता क्योंकि उसी दिन विश्व में देश का नाम रोशन करने वाली महिलाओं ने जो एक भाजपा सांसद द्वारा उनका यौन शोषण किये जाने के चलते जंतर मंतर पर धरना दे रही थीं उन्होंने उसी 28 मई को नये संसद भवन के सामने महिला पंचायत आहूत की थी जिसे सरकार ने बलपूर्वक होने नहीं दिया। यहाँ तक कि महिला खिलाड़ियों का तम्बू भी धरना स्थल से उखाड़ फेंका। महिला आरक्षण पर हुई चर्चा के दौरान पंजाब की सांसद हरसिमरत कौर बादल ने भी अपने भाषण में जहां देश में महिलाओं की वास्तविक स्थिति बयान करने की कोशिश की वहीं वे यह बताने से भी नहीं चूकीं कि महिला खिलाड़ियों के यौन शोषण का आरोपी भाजपा सांसद इस समय भी लोक सभा में मौजूद है। तृणमूल कांग्रेस सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने भी याद दिलाया कि देश के लिये स्वर्ण पदक लेने वाली महिलायें धरने पर थीं जबकि उनका शारीरिक शोषण करने वाला आरोपी आज संसद में बैठा है?

इसी विधेयक पर चर्चा के दौरान कई सांसदों ने मणिपुर में महिलाओं को नग्न घुमाये जाने,महिलाओं के प्रति हो रहे राष्ट्रव्यापी अपराध,देश में बढ़ती जा रही बलात्कार की घटनाओं का भी ज़िक्र किया। बहरहाल सत्ता और विपक्ष ख़ासकर भाजपा व कांग्रेस के बीच महिला आरक्षण का श्रेय लेने की बातें तब तक बेमानी और महिलाओं को भ्रमित करने वाली हैं जब तक यह लागू नहीं हो जाता।

इस अधिनियम को नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसा लोकलुभावन नाम दिया जाना भी तब तक मीठी बातें ही हैं। और तब तक महिला आरक्षण की बातें सिर्फ़ बातें हैं, बातों का क्या ?

## संसाधनों पर भारी पड़ती जनसंख्या

भारत की वर्तमान में जनसंख्या भारी-भरकम देश चीन की जनसंख्या से भी ज्यादा हो गई है। यानी कुल मिलाकर एक अरब चालीस करोड़ आबादी वाला भारत में जनसंख्या के बोझ तले विकास और उन्नति बेहद धीमी और अविकसित है। विकसित तथा समृद्ध देश भारत की जनसंख्या में एक संभावना वाला उपभोक्ता बाजार तलाशते हैं और इसे बहुत बड़ी पूंजी भी मानकर अपनी उपभोक्ता सामग्री भारत में बेचने का प्रयास करते हैं। केवल बाजार में निवेश और बाजारी ताकत ही विकास का पैमाना नहीं हो सकती है। बहुत बड़ी जनसंख्या सीमित संसाधनों को नष्ट कर देती है और विकास की धार को कमजोर करने का काम करती है। यदि हम जनसंख्या पर नियंत्रण करते हैं तो देश में बिजली, पानी की कमी बढ़ती महंगाई, फैलती विनाशकारी बेरोजगारी, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण, अशिक्षा के फैलाव पर नियंत्रण, गरीब व्यक्ति को और गरीब होने से रोकने का प्रभावी तरीका तथा सांप्रदायिक दंगों पर रोक लगाई जा सकती है। कम और नियंत्रित जनसंख्या तेजी से विकास का पैमाना हो सकती है। 1951 से लेकर 81 तक भारत में जनसंख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है और इसे जनसंख्या विस्फोट का भी नाम दिया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ में जनसंख्या के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने हेतु प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को जनसंख्या दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाया जाता है। वर्तमान जनसंख्या का विशाल स्वरूप 1981 के बाद भारत में विशालतम हो गया है और आज की जो जनसंख्या का विस्फोट उसी की परिणति है। भारत में जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण अशिक्षा, अंधविश्वास और घटती मृत्यु दर भी है। सीमित संसाधन कमजोर आर्थिक व्यवस्था के कारण देश में बेरोजगारी भ्रष्टाचार गरीबी महंगाई पानी तथा बिजली की कमी बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणाम ही हैं। यह तो अत्यंत निश्चित है यदि हम जनसंख्या पर नियंत्रण कर ले तो हम अपने विकास की गति को दोगुना कर सकते हैं। विकास के विभिन्न स्वरूपों को देखा जाए तो इसमें हम समावेशी विकास के रूप में देखकर आर्थिक विकास की उत्तर जनित राष्ट्रीय आय के विस्तृत नियोजन में समाज के सबसे गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को सही लाभ मिलने का नजरिया भी तलाशते हैं। जनसंख्या नियंत्रण कर गरीबी को नीचे से ऊपर की ओर सुधारने का काम हमें करना होगा और इसके लिए यह जरूरी है की कमजोर और वंचित वर्गों जिनमें महिला, वृद्ध, एससी, एसटी,श्रमिक आदि शामिल हैं को समुचित लाभ मिलना चाहिए। बच्चे आने वाले देश के नागरिकों के लिए उचित एवं आवश्यक शिक्षा की सुविधा मुहैया होनी चाहिए। वैसे जनसंख्या नियंत्रण ही विकास की समुचित धारा नहीं हो सकती हमें जनसंख्या के साथ सामाजिक आर्थिक सुरक्षा एवं सीमित संसाधनों के साथ तालमेल बिठाकर निरंतर आगे बढ़ना होगा लेकिन आवश्यकता संसाधनों के उचित दोहन नीतियों एवं कार्यक्रमों की है और आवश्यकता है नवाचार एवं उचित तकनीकी प्रौद्योगिकी की भी। वर्तमान में भारत विश्व में सबसे युवा आबादी वाला देश है उसके विपरीत चीन और जापान में निरंतर जनसंख्या में वृद्धों का अनुपात बढ़ रहा है इस तरह भारत में प्रचुर मानव संसाधन के स्रोत उपलब्ध हैं जिसका सही उपयोग करके भारत अपनी आर्थिक तथा सामरिक शक्ति को अत्यंत शक्तिशाली कर सकता है, इसके विपरीत भारत में विस्तृत रूप से गरीबी, बीमारियां, बेरोजगारी, जैसी विकराल समस्या में विद्यमान है।

### जनगणना और राजनीतिक छाया

जनगणना में जनसंख्या के आंकड़े इकट्ठे किए जाते हैं, जो योजना निर्माण एवं विकास के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण होते हैं और यह कवायद शायद ही कभी राजनीतिक इरादों या नतीजों से अछूती रहती है। महामारी से संबंधित तमाम प्रतिबंध समाप्त हो गए हैं और राज्य की मशीनरी किसी भी समय इस कवायद को शुरू करने के लिए तैयार है, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार इसकी राजनीतिक मंजूरी को रोक रही है। बीते 20 सितंबर को गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में कहा कि जनगणना 2024 के आम चुनाव के बाद होगी। इस ऐलान में अभी भी किसी तारीख या वर्ष के स्पष्ट जिक्र से बचा गया है, जिससे सरकार की मंशा को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। केंद्र द्वारा इसे 2024 तक टालने के लिए उत्सुक होने की एक संभावित वजह जाति की गणना को लेकर उठी आवाजें हैं। यह एक ऐसा सवाल है, जिससे भाजपा बचने की कोशिश कर रही है। वर्ष 2026 के बाद की जनगणना लोकसभा सीटों के अगले परिसीमन का आधार बनेगी, जिसमें प्रतिनिधित्व का अंतर-राज्यीय स्तर पर नए सिरे से निर्धारण शामिल होगा। संभव है कि भाजपा के लिए तब तक इंतजार करना फायदेमंद हो। पिछले कुछ वर्षों के दौरान, नागरिकता अधिनियम में बदलाव एवं राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) को लेकर कुछ राज्यों और केंद्र के बीच अनबन ने जनगणना से जुड़ी चर्चा को और ज्यादा भद्दा बना दिया है। संसद एवं विधानसभाओं में महिलाओं के लिए प्रस्तावित 33 फीसदी आरक्षण अगली जनगणना और परिसीमन से जुड़ा है, जो इस पूरे मसले को और दुरूह बना रहा है। अगली जनगणना पहली डिजिटल जनगणना भी होगी, जो नागरिकों को स्व-गणना करने का मौका देगी। स्व-गणना के दौरान आधार या मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से इकठ्ठा किए जायेंगे। स्कूली शिक्षकों सहित लगभग 30 लाख सरकारी अधिकारियों को गणनाकारों के रूप में नियुक्त किया जाएगा।

# करेला के सेवन से खुद को रखें गंभीर बिमारियों से दूर



विनीता झा

फल और सब्जियों से हमें पर्याप्त मात्रा में आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं जिनकी मदद से हमारा शरीर स्वस्थ एवं हष्ट-पुष्ट बना रहता है। हमारे आस पास कुछ ऐसी सब्जियां भी हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए दवाई का काम करती हैं लेकिन जानकारी के अभाव हम उन्हें अक्सर नज़रअंदाज़ करते रहे हैं। अब आप अपनी रशोई में सब्जी के रूप में इस्तेमाल होने वाले करेला को ही ले लीजिए, यह स्वाद में कड़वा होता है, इसलिए इसके अन्दर छुपे प्राकृतिक चिकित्सीय गुणों की अक्सर अनदेखी हो जाती है। अगर इसका जूस पीने की बात आ जाए तो इसकी कड़वाहट का ख्याल तुरंत दिमाग में आ जाता है, जिससे ज्यादातर लोग इसके सेवन से इससे दूर ही रहते हैं। आप को बता दें कि करेले के जूस में आयरन, मैग्नीशियम और विटामिन से लेकर पोटैशियम और विटामिन सी जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। यह फाइबर युक्त आहार का बेहतरीन स्त्रोत है जिसमें पालक में मौजूद कैल्शियम, ब्रोकली के बीटा-कैरोटीन और केले के पोटेशियम जैसे सभी पोषक तत्व दोगुनी मात्र में पाए जाते हैं। इसकी कड़वाहट कम करने के लिए आप इसे नीबू के जूस या शहद के साथ ले सकते हैं। इसका सब्जी, आचार या जूस के रूप में सेवन किया जा सकता है।

### करेला के नियमित सेवन से होने वाले लाभ

मधुमेह रोगियों के लिए फायदेमंद- विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, पूरे विश्व में 382 मिलियन लोग मधुमेह रोग से ग्रस्त हैं। करेला में एक इंसुलिन जैसा यौगिक होता है, जिसे पॉलीपेप्टाइड-पी या पी-इंसुलिन कहा जाता है, जो स्वाभाविक रूप से मधुमेह को नियंत्रित करने में मदद करता है। यह टाइप-1 और टाइप-2 दोनों प्रकार की डायबिटीज में ब्लड शुगर के स्तर को कम करता है। करेला का एक गिलास जूस का सेवन इतना कारगर है कि मधुमेह रोगियों को अपनी दवाइयों की खुराक कम करने की जरूरत पड़ जाती है।

हानिकारक कोलेस्ट्रॉल स्तर में कमी-करेला का जूस सूजन सम्बंधित समस्या दूर करने में सहायक है और शरीर में हानिकारक कोलेस्ट्रॉल स्तर



को कम करने में भी मदद करता है जिससे यह दिल के दौरे और स्ट्रोक के खतरे को काफी कम कर देता है। यह शरीर के रक्तचाप को भी बनाए रखता है क्योंकि इसमें पोटेशियम की भरपूर होती है जो शरीर में से अत्यधिक सोडियम को सोख लेता है। इसमें आयरन और फोलिक एसिड भी प्रचुर मात्रा में होता है जो स्ट्रोक के खतरे को कम करने और आपके दिल को स्वस्थ रखने के लिए जाना जाता है।

त्वचा और बालों को बनाए स्वस्थ-करेला एंटीऑक्सिडेंट, विटामिन ए और सी से भरपूर होता है जो त्वचा के लिए अच्छा होता है। यह एजिंग की समस्या कम कर मुंहासे और त्वचा की सूजन से निजात दिलाने में मदद करता है। यह दाद, सोरायसिस और खुजली जैसे विभिन्न त्वचा संक्रमणों के इलाज में उपयोगी है। करेला का जूस बालों में चमक लाता है और रूसी, बालों का झड़ना और दोमुँहे बालों से निपटता है।

लीवर को शुद्ध करना (संक्रामक दोष दूर करना)- करेला लीवर के लिए अनुकूल है और डिटॉक्स करता है। यह लीवर एंजाइम को बढ़ाता है और अत्यधिक नशा की स्थिति के लिए एक अच्छा इलाज है क्योंकि यह लीवर पर अल्कोहल के जमाव को कम करता है। करेला के सेवन से मूत्राशय और आंत को भी फायदा होता है।

पाचन को करे दुरुस्त-करेला फाइबर से भरा होता है और मल त्याग को बेहतर बनाने में मदद करता है। यह कब्ज से राहत देता है और पेट को व्यवस्थित करता है।

हृदय को रखे स्वस्थ-करेला एलडीएल (हानिकारक कोलेस्ट्रॉल) के स्तर में कमी कर दिल का दौरा पड़ने के जोखिम को कम करता है। फाइबर धमनियों को शुद्ध करने में भी मदद करता है।

### कैंसर से बचाव-

करेला शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है और एलर्जी और संक्रमण को रोकता है। लेकिन इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह कैंसर से लड़ता है। यह कैंसर कोशिकाओं के प्रसार के खिलाफ काम करता है और ट्यूमर को बनने से रोकता है। करेले के नियमित सेवन से स्तन, कोलोन और प्रोस्टेट कैंसर का खतरा बहुत कम हो जाता है।

वजन नियंत्रित करना-करेला वजन घटाने में मदद करता है क्योंकि इसमें कैलोरी की मात्रा कम होती है और फाइबर भरपूर पाया जाता है। यह शरीर में वसा को जमा करने वाली वसा कोशिकाओं के गठन और वृद्धि को रोकता है।

यह मेटाबॉलिज्म में सुधार करता है और एंटीऑक्सिडेंट शरीर को डीटॉक्सीफाई करते हैं जिससे वसा को कम करने में मदद मिलती है।

घाव भरना-करेला में तीव्र चिकित्सा गुण होते हैं। यह रक्त प्रवाह और रक्त के थक्के को नियंत्रित करता है जो घावों को जल्दी ठीक करने और संक्रमण में कमी लाने में मदद करता है।

रक्त शोधक-करेला में अधिक मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं और यह दूषित रक्त से संबंधित कई समस्याओं को ठीक करने में मदद करता है। करेले के नियमित सेवन से त्वचा, बालों और कैंसर की समस्याओं में सुधार होता है। साथ ही, यह ब्लड सर्कुलेशन में सुधार करने में मदद करता है।

शरीर को स्फूर्ति देना-नियमित रूप से करेला का सेवन करने के बाद शरीर की सहनशक्ति और ऊर्जा के स्तर में उल्लेखनीय सुधार होता है। यह नींद की गुणवत्ता में सुधार करने में भी मदद करता है और अनिद्रा जैसी नींद की समस्याओं को कम करता है।

आंखों को फायदा पहुंचाना-करेला विटामिन ए से भरपूर होता है और मोतियाबिंद को रोकता है और दृष्टि को मजबूत करता है। यह डार्क सर्कल्स को भी हल्का करता है।

### सावधानी बरतें

करेला का सेवन संतुलित मात्रा में करें, अन्यथा इससे आपको दस्त और पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है

गर्भवती महिलाओं को करेला का सेवन करने से बचना चाहिए क्योंकि इससे गर्भाशय संकुचन हो सकता है।

नई दिल्ली
सोमवार 25 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### जौनपुर- मेडिकल स्टोर संचालक को बदमाशों ने मारी गोली, हालत गम्भीर

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में बदलापुर थाना क्षेत्र के घनश्यामपुर बाजार के पास शनिवार की रात दुकान बंद कर घर जा रहे मेडिकल स्टोर संचालक को बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी और फरार हो गए। घायल अवस्था में मेडिकल संचालक हो जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है पुलिस के अनुसार जिले में खुटहन थाना क्षेत्र के ग्राम जगजीवन पट्टी गांव निवासी अरविंद कुमार तिवारी (45 वर्ष) पुत्र प्रकाश नारायण तिवारी का मेडिकल स्टोर खुटहन थाना क्षेत्र के रामनगर में है। शनिवार रात को जब मेडिकल स्टोर बंद करके बाइक से घर जा रहा था, तभी सुनसान स्थान पर एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उसके ऊपर गोली चला दी। घटना को अंजाम देकर बाइक सवार बदमाश भाग निकले। घायल को बदलापुर स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया यहां से चिकित्सक ने बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस उपाधीक्षक बदलापुर अशोक कुमार सिंह ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज की गई है और प्रकरण की जांच की जा रही है।

### जम्मूतवी एक्सप्रेस में असलहाधारी बदमाशों ने यात्रियों से की लूटपाट

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश में उड़ीसा के सम्बलपुर से जम्मूतवी को जा रही ट्रेन जम्मूतवी एक्सप्रेस के कोच संख्या 09 में झारखंड राज्य के लातेहार में चढे हथियारों से लैस नकाबपोश बदमाशों ने यात्रियों के साथ जमकर लूटपाट मचायी। बदमाशों के हमले से कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। आरपीएफ सूरों के अनुसार जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18309 शनिवार को 11बजे उड़ीसा राज्य के सम्बलपुर स्टेशन से जम्मूतवी के लिए रवाना हुई थी। रात 10: 30बजे ट्रेन झारखंड राज्य के लातेहार स्टेशन पहुंच गई थी। लातेहार स्टेशन से ट्रेन जैसे ही चली कोच संख्या एस 09 में आठ से दस की संख्या में हथियारों से लैस नकाबपोश बदमाश चढ़ गए और यात्रियों से लूटपाट शुरू कर दिया। यात्रियों द्वारा विरोध करने पर बदमाशों ने उन्हें मारापीटा व दहशतगर्दी कर लूटपाट मचाया। बदमाशों ने असलहे के बलपर महिलाओं द्वारा पहने गये सोने के आभुषण व नगदी लुट लिए गए। लगभग आधे घंटे तक लूटपाट करने के बाद बदमाश बरवाडीह स्टेशन आने के पहले ही ट्रेन से उतर लिए। रविवार की सुबह सात बजे जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन सोनभद्र के चोपन स्टेशन पहुंची।

### गैस सिलेंडर में आग लगने से 3 लोग झुलसे

ललितपुर। ललितपुर में रविवार की दोपहर में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लगने से बहन-भाई झूलस गए। बचाने पहुंचे पिता भी आग की चपेट में आकर झुलस गए। तीनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग लगने से घर गृहस्थी का सामान भी जलकर राख हो गया। कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम बिरारी निवासी 45 वर्षीय मुकेश राठौर सुबह पत्नी के साथ खेत पर चला गया था। घर पर पुत्र-पुत्री को छोड़ गया था। दोपहर में जब पुत्री मनीषा राठौर (18) अपने छोटे भाई आदर्श के साथ गैस चूल्हे पर खाना बना रही थी, तभी गैस सिलेंडर में आग लग गई। जिसके चलते दोनों भाई-बहन आग से झुलस गए। बच्चों की पुकार सुनकर ग्रामीण व पास में खेत पर काम कर रहे पिता मुकेश घर पहुंचे। घर में फंसे पुत्र-पुत्री को बाहर निकाला। इस दौरान वह भी आग से झुलस गया। उन्हें इलाज के लिए एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में लाया गया। मुकेश की पत्नी ने बताया कि वह लोग खेत गए थे, पुत्र-पुत्री घर पर और खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लगने से घर में आग लगी। घर का सामान जल गया। वहीं उसके बच्चे व पति भी झुलस गए।

### बुलंदशहर में दो भाइयों की संपत्ति हुई जब्त

**बुलंदशहर।** डिबाई में नौकरी लगवाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले गांव दौगवां निवासी दो भाइयों की 87.78 लाख रुपये की अचल संपत्ति पुलिस-प्रशासन ने कुर्क कर दी। डीएम के आदेश पर यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान गांव में मुनादी भी कराई गई। क्षेत्र में लोगों को नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी भूपेंद्र और लोकेश निवासी गांव दौगवां थाना डिबाई को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वहीं, अब डीएम के आदेश पर शनिवार को एसडीएम डिबाई और सीओ डिबाई ने थाना डिबाई पुलिस टीम व थाना रामघाट पुलिस टीम को साथ लेकर आरोपियों के गांव पहुंचे। जहां आरोपियों की समाज विरोधी क्रिया-कलाप से आर्थिक एवं भौतिक लाभ अर्जित कर क्रय की गई अचल संपत्ति अनुमानित कीमत 87.78 लाख रुपये और गैंगस्टर अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जब्त किया गया है। कुल संपत्ति में एक मकान जिसका क्षेत्रफल 659 वर्ग मीटर और कीमत करीब 45 लाख 20 हजार रुपये है, इसके अलावा कृषि भूमि 1.26 हेक्टेयर जिसकी कीमत करीब 42.58 लाख रुपये है।

### बिजली का तार काटते चोर की मौत

सहारनपुर। सहारनपुर में रेलवे ट्रैक पर हाई वोल्टेज बिजली का तार काटते हुए एक चोर को करंट लग गया। जिससे वह झुलस गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रेलवे ट्रैक के पास युवक का शव मिला है। शव के पास प्लास, पेचकस भी पड़ा मिला है। जिस कारण रेलवे ने डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के तहत नए बिछाए गए रेलवे ट्रैक का ट्रायल भी अब सोमवार को होगा। थाना सरसावा के गांव सुआखेड़ी के पास एक व्यक्ति का रेलवे ट्रैक के बराबर में शव पड़ा मिला। शव के पास ही प्लास पेचकस भी पड़े मिले। रेलवे लोकोमोटिव को विद्युत आपूर्ति करने वाली विद्युत तार भी अधकटी अवस्था में लटकी हुई मिली। माना जा रहा है कि मृत व्यक्ति तार चोरी करने के इरादे से आया हुआ था जो हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गया। उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। शव बुरी तरह झुलसी अवस्था में था तथा समीप ही बिजली के तार काटने के लिए प्लास आदि पड़े हुए थे। डीएफसी रेलवे ट्रैक के समीप ही इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव को विद्युत आपूर्ति करने वाली अर्थिंग की तार भी अधकटी अवस्था में लटक रही थी।

### मैनपुरी में करंट से मां- मासूम बेटी की मौत

मैनपुरी। मैनपुरी में नल में लगे टुल्लू पम्प को चालू करने के लिए तार लगाते समय महिला और उसकी गोद में बैठी डेढ़ साल की बच्ची की करंट लगने से मौत हो गई। जबतक परिजन दौड़े तबतक दोनों की मौत हो गई। मामला बेवर थाना क्षेत्र के नवीगंज का है। बताया जाता है कि बच्चे ना होने पर महिला ने इस बच्ची को 6 महीने पहले ही गोद लिया था। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी अनिल वर्मा उर्फ पिन्नू अपने परिवार का जीवन यापन करने के लिए अहमदाबाद में प्राइवेट नौकरी करता है। उसकी पत्नी प्रियंका (32) व डेढ़ वर्षीय पुत्री पलक के साथ नवीगंज गांव में रहती है। रविवार की सुबह करीब 10 बजे प्रियंका बेटी पलक को गोदी में उठाकर पानी भरने के लिए घर में लगे टुल्लू पम्प को चालू करने के लिए तार स्विच बोर्ड में लगा रही थी। इस दौरान एक तार उसके हाथ में छू गया, जबकि दूसरा स्विच बोर्ड में लग चुका था। जिससे प्रियंका और गोद में ली बच्ची दोनों को करंट लग गया। करंट लगने के दौरान अन्य कोई घर में मौजूद नहीं था।

### बरेली में प्रोपर्टी डीलर पर हमला

बरेली। बरेली के बारादरी इलाके में शनिवार रात को 5 हमलावरों ने प्रॉपर्टी डीलर पर हमला कर दिया। सरेआम धमकी देते हुए तमंचे और पिस्टल से फायरिंग कर दी। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। इस मामले में प्रोपर्टी डीलर ने पांच लोगों के खिलाफ बारादरी थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आया है कि 2 साल से दोनों पक्षों में रंजिश चली आ रही है। जिसमें दूध की डेयरी को लेकर विवाद हुआ था। बारादरी के रोहली टोला धोबियों वाली गली निवासी आरिफ उर्फ राजा पुत्र फैय्याज अली प्रोपर्टी डीलर है। आरिफ ने बताया कि मेरा कार्यालय पीलीभीत रोड पर गुप्ता कार बाजार के पास है। शनिवार रात 10 बजे ऑफिस बंद करके घर गए थे। मॉडर्न स्कूल के सामने मेरी ससुराल है। रात में मैं अपनी कार खड़ी करके ससुराल की ओर जा रहा था। इस दौरान डेयरी में पहले से बैठे एक युवक ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। भागकर किसी तरह जान बचाई।

# ग्रामीण संपर्क, रेलवे ओवरब्रिज, फ्लाईओवर व बाईपास मार्गों के निर्माण को गति देगी योगी सरकार

## लोक निर्माण विभाग ने प्रदेश में नई निर्माण योजनाओं को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया की शुरू

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने प्रदेश में मार्गों व अवसंरचनाओं के निर्माण की रफ्तार को गति देने की दिशा में प्रयास शुरू कर दिए हैं। इस क्रम में योगी सरकार द्वारा पहले ही लक्ष्यों का निर्धारण किया जा चुका है तथा विस्तृत कार्ययोजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, लोक निर्माण विभाग ने प्रदेश भर में विभिन्न योजनाओं के तहत जारी कार्यों को गति देने के लिए वित्तीय आवंटन व धनराशि स्वीकृति दी है। इसी कड़ी में लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेश के तीन स्थानों पर आरआईडीएफ योजना के तहत 3 रेलवे ओवरब्रिज व 7 दीर्घ सेतु समेत कुल 10 चालू निर्माण कार्यों को गति देने के लिए 124.57 करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त कर दी है। वहीं, वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतर्गत 2



निर्माणाधीन बाईपास-रिंग रोड व फ्लाईओवर निर्माण की परियोजनाओं के लिए 44.86 करोड़ रुपए के धनावंटन को स्वीकृत करते हुए इसकी कार्रवाई को आगे बढ़ा दिया है। इसके अतिरिक्त, प्रदेश के अलग-अलग जिलों में ग्रामीण संपर्क मार्गों के नवनिर्माण के मद में कुल 22 सड़कों के लिए 7.36 करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त करते हुए परियोजनाओं के अंतर्गत जारी निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाएगी।

### दो फेज में जारी की गई है धनराशि

रेलवे ऑफ इंडिया डेवलपमेंट फंड (आरआईडीएफ) की योजना के आधीन 3 रेलवे ओवरब्रिज व 7 दीर्घ सेतु समेत कुल 10 निर्माणाधीन परियोजनाओं में प्रस्तावित कार्यों को गति देने के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 124.57 करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। इस क्रम में दो फेज में 98.15 व 26.42 करोड़ रुपए अब तक जारी किए गए हैं। जिन कार्ययोजनाओं को इस स्वीकृति के बाद गति मिलेगी उनमें सहारनपुर के आल्हणपुर से सोन्धेबांस मार्ग पर यमुना नदी सेतु व अतिरिक्त पहुंच मार्ग से संबंधित सुरक्षात्म कार्य निर्माण, मुजफ्फरनगर में ग्राम काटका व मंदौड़ के बीच ऊपरी गंग नहर पर बने क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर नए सेतु व पहुंच सड़क प्रमुख हैं। फतेहपुर व रायबरेली के मध्य भिटौरा में गंगा नदी पर सेतु-सेतु पहुंच मार्ग और अतिरिक्त पहुंच मार्ग व सुरक्षात्मक कार्य, प्रयागराज में टोंस नदी पर दो लेन सेतु व पहुंच मार्ग तथा अतिरिक्त पहुंच मार्ग व सुरक्षात्मक कार्य का निर्माण कार्य, महोबा में राठ-पनवारी मार्ग पर दीर्घ सेतु निर्माण, जालौन में नून नाले पर सेतु, बस्ती के कुआनो नदी पर पर सेतु निर्माण के लिए भी धनराशि आवंटित की गई है।

# टीबी रोगियों को कुपोषण से बचाने के प्रयास तेज

## टीबी मरीजों को दवा के साथ साथ पौष्टिक आहार लेना भी जरूरी

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के लिए कुपोषित टीबी मरीजों को पोषाहार उपलब्ध कराने के लिए केंद्र की निक्षय पोषण योजना का लाभ देने के लिए योगी सरकार ने प्रयास तेज कर दिये हैं। टीबी के मरीजों को पोषित रखने के लिए निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत इस साल एक जनवरी से 17 सितंबर तक 2.78 लाख टीबी मरीजों को भुगतान किया जा चुका है। योगी सरकार की मंशा है कि सभी टीबी मरीजों को पोषित रखा जाए, इसके लिए निरंतर प्रयास चल रहे हैं। मालूम हो कि प्रदेश में इस वक्त कुल 4 लाख 16 हजार टीबी मरीजों का इलाज चल रहा है।

एसजीपीजीआई के पल्मोनरी विभागाध्यक्ष डॉ. जिया हाशिम के मुताबिक पोषण यूं भी शरीर के लिए बहुत जरूरी है। टीबी मरीज के लिए और जरूरी हो जाता है क्योंकि वह पहले से बीमारी के कारण कमजोर होता है। टीबी की कई दवाएं खाने पर उसे सपोर्ट के लिए पोषक आहार की जरूरत होती है। योगी सरकार की मॉनिटरिंग से निक्षय पोषण योजना से टीबी के मरीजों को काफी मदद मिल रही है। वहीं टीबी संक्रमित मरीजों को दवा के साथ-साथ अच्छा खाना, कम्युनिटी सपोर्ट के साथ प्रोत्साहन भी दिया जा रहा है। यही वजह है कि वह टीबी से स्वस्थ होकर टीबी चैंपियन के रूप में योगी सरकार का सहयोग कर रहे हैं। एसजीपीजीआई की डायटिशियन प्रीति यादव का कहना है कि टीबी मरीजों को सिर्फ अपने रोग से मुकाबला नहीं करना होता है बल्कि कुपोषण की बाधा भी पार करनी होती है। लिहाजा टीबी में दवाइयों के साथ-साथ पौष्टिक आहार बेहद जरूरी है। कुपोषण से जूझ रहे लोगों में टीबी होने के आसार ज्यादा होते हैं और टीबी होने पर कुपोषण की आशंका बढ़ जाती है।

# सुल्तानपुर में पीट-पीटकर डॉक्टर की हत्या

सुलतानपुर। में भाजयुमो जिलाध्यक्ष के चचेरे भाई ने एक सरकारी डॉक्टर को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। इसके बाद उसे ई-रिक्शा में लादकर घर भेजा। घर पहुंचते ही डॉक्टर लड़खड़ाकर गिर पड़ा। परिजन उसे लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शाम को जब पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार वालों को सौंपा गया तो उन्होंने अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री गांव आएं तभी चिता को आग लगाई जाएगी। मौके पर कई थानों का फोर्स मौजूद है।

मामला कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर का है। यहां किराए के मकान में डॉक्टर घनश्याम तिवारी (56) रहते थे। वह मूलरूप से जिले की लंभुआ तहसील के गांव सखौली के रहने वाले थे। डाक्टर घनश्याम तिवारी पिछले तीन साल से जयसिंहपुर सीएचसी पर बतौर संविदा डॉक्टर तैनात थे। रोज की तरह वे शनिवार को भी सुबह ड्यूटी पर गए थे। डॉक्टर की पत्नी निशा तिवारी ने बताया, शाम 4 बजे वे ड्यूटी से लौटे और उनसे 3 हजार रुपए मांगा। एक गिलास पानी पीकर वे पैसे लेकर घर से निकल गए। रात 8: 30 बजे के आसपास जब वे गेट पर खड़ी हुई थीं, तो एक ई-रिक्शा आकर रुका और पति खून में लथपथ उससे उतरे और घर में कदम रखते ही गिर पड़े। नारायणपुर के रहने वाले अजय नारायण सिंह ने मेरे पति को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया।

### जमीन को लेकर चल रहा था विवाद

वहीं, बताया जा रहा है कि आरोपी को किसी दूसरे व्यक्ति से उसी जमीन का बेहतर ऑफर मिल गया था। जिस कारण वे धनश्याम तिवारी को अपना दिया पैसा लेकर जमीन छोड़ने को कह रहे थे। लेकिन डॉक्टर इसके लिए तैयार नहीं थे। इसी कारण दोनों में विवाद था। शनिवार शाम को भी प्लॉट के पास ही डॉक्टर से मारपीट की गई। जिसमें उनकी मौत हो गई।

उधर घटना की सूचना लगते ही भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा, पूर्व विधायक देवमणि द्विवेदी, एसपी सोमेन बर्मा समेत पुलिस के अधिकारी अस्पताल पहुंचे।

### पत्नी की हत्या कर घर में दफना दिया शव

कानपुर। कानपुर में पत्नी की हत्या कर शव घर में ही दफनाने का मामला सामने आया है। आरोपी पति ने पहले उसे पीटा फिर चारपाई के नीचे गड्ढा खोदकर दफन कर दिया। इसके बाद घर में ताला लगाकर भाग निकला। कुछ दिन बाद जब पड़ोसियों को घर से दुर्गंध आई तो पुलिस को जानकारी दी। पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। जमीन में दफन शव को निकाला। इसे देखकर 15 से 20 दिन पुराना लग रहा है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, जिससे आरोपी पति का कोई सुराग मिल सके। ये मामला ककवन के उट्ठा गांव का है। गांव के लोगों ने बताया, घनश्याम शुक्ला हलवाई का काम करता है। परिवार समेत कानपुर के कल्याणपुर में रहता है। लेकिन, बीते कुछ समय से वह पत्नी अंजलि के साथ गांव के मकान में रहता था। दोनों के बीच झगड़े भी काफी होते थे। इसके बाद अचानक अंजलि गायब हो गई। गांव के लोगों ने पूछा तो घनश्याम ने गोल-मोल जवाब दिया। किसी को बताया मायके चली गई तो किसी से कहा कि अंजली कानपुर वाले घर में गई है।

# कारोबारी के इकलौते बेटे की किडनैपिंग के बाद हत्या

## 15 लाख की फिरौती मांगी; एनकाउंटर में 2 किडनैपर्स को मारी गोली



प्रयागराज। प्रयागराज के शंकरगढ़ में कारोबारी के 13 साल के इकलौते बेटे की किडनैप करके हत्या कर दी गई। रविवार सुबह बच्चे का शव चित्रकूट के जंगल में मिला है। शनिवार शाम को बच्चे के अपहरण के 5 घंटे बाद पिता के मोबाइल पर बदमाशों की एक कॉल आई। इसमें कहा था कि 15 लाख रुपए लेकर रीवा के डभऊरा के जंगल में आओ...नहीं तो तुम्हारे बेटे को गोली मार देंगे।

पिता ने यह सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने नंबर सर्विलांस पर लगाकर जांच शुरू की। हालांकि, पुलिस किडनैपर्स तक पहुंचे इससे पहले ही सुबह 8 बजे के करीब बच्चे की लाश जंगल में मिल गई।

बच्चे का शव मिलने के करीब 4 घंटे बाद प्रयागराज कमिश्नर रमित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि बच्चे की किडनैपिंग करने वाले बदमाशों से शंकरगढ़ में पुलिस की मुठभेड़ हुई। इसमें दो किडनैपर्स सुखदेव और संजय को गोली लगी है। वहीं, एनकाउंटर में एक सिपाही को भी बुलेट लगी है।

कमिश्नर ने बताया कि आरोपी बच्चे के परिवार को जानते थे। आरोपी सुखदेव का भाई लोकनाथ बच्चे के पिता का ट्रक चलाता था।

### 5 घंटे बाद आई फिरौती की कॉल

पिता पुष्पराज ने शंकरगढ़ पुलिस को शाम को बेटे की गुमशुदगी की तहरीर दी। पुलिस से शिकायत के करीब 5 घंटे बाद यानी रात 9 बजे पिता के मोबाइल पर एक फोन आया। इसमें कहा गया कि 15 लाख लेकर जंगल में आओ, नहीं तो बेटे को गोली मार देंगे। फिरौती का फोन आने की जानकारी मिलते ही घर में कोहराम मच गया। पिता ने रिश्तेदारों को इसकी जानकारी दी। फिर शंकरगढ़ पुलिस को फिरौती के फोन के बारे में बताया। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर ली। मामला किडनैपिंग से जुड़ने के बाद पुलिस हरकत में आई। जिस नंबर से फिरौती की कॉल आई उसे सर्विलांस में लगाया गया। डीसीपी यमुनानगर अभिनव त्यागी ने परिजनों से डिटेल्स ली। मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस टीम को रवाना किया गया। लेकिन, कुछ ठोस हाथ नहीं आया।

# रायबरेली : नौकरी के नाम पर ठगी मामले में प्राथमिकी दर्ज

रायबरेली। उत्तर प्रदेश में रायबरेली के खींरो इलाके में हरचंदपुर से समाजवादी पार्टी के विधायक के खिलाफ धोखाधड़ी और फर्जी तरीके से नौकरी के नाम पर 09 लाख रुपए की ठगी के मामले में प्राथिमकी दर्ज हुई है।

पुलिस सूत्रों से रविवार को मिली जानकारी के अनुसार समाजवादी पार्टी के हरचंदपुर से विधायक राहुल राजपूत उर्फ राहुल लोधी पुत्र शिवगणेश राजपूत उर्फ शिवगणेश लोधी के खिलाफ 09 लाख रुपये नौकरी के नाम पर झांसा देकर ठगने पर आरोपी रामनरेश पुत्र जंगली प्रसाद ने खींरो थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

आरोपी रामनरेश के अनुसार हरचंदपुर विधायक राहुल राजपूत उनके भाई रोहित राजपूत और राहुल के साले कृष्ण कुमार लोधी ने उनके भाई के साथ नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी की है। प्राथिमिकी में साफ साफ यह आरोप लगाया गया है कि सपा विधायक ने उससे 09 लाख रुपए लेकर उसे भारतीय खाद्य निगम का फर्जी जॉइनिंग लेटर दिया गया था और बाद में उसे कभी भारतीय खाद्य निगम के तालकटोरा स्थित लखनऊ स्थित गोदाम कभी बाराबंकी के गोदाम कभी सरोजनी नगर स्थित गोदामों में बैठा देते थे और आश्वासन देते थे कि जल्द ही रायबरेली में ट्रांसफर करवा देंगे।

जब आरोपी को पता चला कि उसके साथ जालसाजी की गई है तो उसे फर्जी चेक दिया गया जो कि बाद में बाउंस हो गया। इसके बाद उसे जान से मारने की धमकी दी गयी। पुलिस ने मामले की एफआईआर शनिवार की देर रात करीब 11 बजे दर्ज की है। पुलिस भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467,468, 471, 506, व निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की तहकीकात कर रही है।

### शौच के लिए गए वृद्ध की धारदार हथियार से हत्या

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के घूरपुर क्षेत्र रविवार की सुबह शौच के लिए गए बुजुर्ग व्यक्ति की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यमुनापार घूरपुर थाना क्षेत्र के करमा पुलिस चौकी अन्तर्गत दानपुर चकिया गांव निवासी रामविशुन भारतीया (75) रविवार सुबह शौच के लिए खेत की तरफ गया था। नजदीक बाग में अपराधियों ने उसकी हत्या कर दी। सुबह शौच के लिए उधर गए लोगों ने उन्हे लहूलुहान देख परिजनों को बताने के बाद पुलिस को सुचित किया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि मौके पर फोरेंसिक टीम को बुलाकर जांच की गयी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।पुलिस ने शक के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।





# बदायूं में पुलिस ने पकड़ा डोडा तस्कर

## 50 हजार का माल बरामद, बरेली और शाहजहांपुर से लाते थे मादक पदार्थ

बदायूं। बदायूं में हाइवे पर खुले ढाबे मादक पदार्थ की तस्करी का अड्डा बन चुके हैं। एक बार फिर पुलिस ने एक तस्कर को ढाई किलो डोडा समेत पकड़ा है। पुलिस का दावा है कि बरामद माल को आरोपी बरेली से लाया था और संभल भेजने की तैयारी में था। इसके लिए वह ढाबे पर ट्रक चालक का इंतजार कर रहा था।

वजीरगंज थाना पुलिस ने रविवार को चेकिंग के दौरान सैदपुर अमरोली रोड पर मुज्जमिल नाम के युवक को



गिरफ्तार किया। वह वजीरगंज के मोहल्ला बनिया का रहने वाला है। उसके पास से पुलिस ने दो किलो पांच सौ ग्राम डोडा बरामद किया। बरामद माल की कीमत तकरीबन 50 हजार रुपये है।

पुलिस के मुताबिक आरोपी ने पूछताछ में कबूला कि वह बरेली व शाहजहांपुर से माल लाता है और उसकी सप्लाई संभल व बहजोई आदि स्थानों पर ढाबों पर आने वाले ट्रक ड्राइवरों के सहयोग से करता है। आज भी सप्लाई पहुंचाने जा रहा था लेकिन रास्ते में पकड़ लिया गया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा लिखा है।

# औरैया में टप्पेबाज गिरोह के तीन लोग गिरफ्तार

औरैया। औरैया में पंजाब नेशनल बैंक से रुपए निकालने के बाद फूलमती मंदिर के समीप सब्जी खरीदने के दौरान बाइक की डिग्गी से रुपए पार करने के तीन आरोपितों को पुलिस ने दबोचने में सफलता पाई है। आरोपितों के पास से चोरी की बाइक और 10 हजार 500 रुपए भी बरामद किए गए हैं। तीनों आरोपितों को पुलिस ने चालान कार्यालय में पेश किया। जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज मिश्रा ने मुखबिर की सूचना पर बीते दिनों शहर में एक टप्पेबाजी की घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपितों को कोतवाली क्षेत्र के समीप से गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार किए गए आरोपितों ने पंजाब नेशनल बैंक से रुपए निकालकर फूलमती मंदिर के समीप सब्जी खरीद रहे एक व्यक्ति की बाइक की डिक्की का ताला तोड़कर रुपए पार करने की घटना को अंजाम देना भी स्वीकार किया है।


### कौशांबी : अनियंत्रित ट्रक ने रौंदा महिला को, हुई मौत

कौशांबी। उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के मझनपुर थाना में एक गिट्टी लदे अनियंत्रित ट्रक ने बिजली के खम्भे को तोड़ता हुआ महिला को कुचल दिया। ट्रक की टक्कर से टूटा खंभा पास ही बंधी भैस पर जा गिरा जिससे उसकी भी मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार समदा गांव की एक महिला छिवली (56) पास में बंधी भैंस के रखवाली के लिए झोपड़ी के बाहर सो रही थी। शनिवार की रात गुजर रहे अनियंत्रित ट्रक ने बिजली के खम्भा को तोड़ते हुए महिला को कुचल दिया जिसमें उसकी मौके पर मृत्यु हो गई।

# मऊ में 14 लाख की फेक करेंसी बरामद : तीन शातिर गिरफ्तार

## नोटों की सप्लाई के बारे में की जा रही पूछताछ

**मऊ।** मऊ जनपद में नकली नोट छापने वाले तीन अंतर्जनपदीय शातिर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह तीनों मऊ जनपद से नोटों की छपाई कर लगभग 14 लाख 11 हजार रुपये के नकली नोटों को लेकर गोरखपुर की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर थाना कोपागंज पुलिस व एसओजी और स्वाट टीम ने फेक करेंसी के साथ तीनों को गिरफ्तार कर लिया। रविवार की सुबह मऊ पुलिस को यह अहम सफलता हाथ लगी है। इस घटना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्री ने बताया कि रविवार की सुबह स्वाट टीम, एसओजी टीम, सर्विलांस टीम और थाना कोपागंज पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिसमें क्षेत्र की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर एक स्विफ्ट कार को चेक किया गया, जिसमें तीन व्यक्ति जिनका नाम अंकुर बिंद (गाजीपुर), सुरेंद्र सागर सिंह (सोनभद्र), कुणाल यादव



(गाजीपुर) के रहने वाले तीन लोग थे। उन्होंने आगे बताया कि जब गाड़ी की तलाशी ली गई तो प्लास्टिक के तीन झोले में 14 लाख 11 हजार मूल्य के फर्जी नोट और एक लाख 17 हजार रुपये के साथ एक प्रीमियम क्वालिटी का प्रिंटर मशीन, तीन रिम पेपर और पांच मोबाइल बरामद किए गए। यह लोग अपनी प्रिंटिंग प्रेस स्थापित करके नकली नोट की छपाई करते थे। जिसके बाद आसपास के विभिन्न जनपदों में असली नोटों के साथ मिलकर मार्केट में चला दिया करते थे। इनके पास से जो असली नोट बरामद किए गए हैं यह नकली नोट के बदले बदलकर रखे गए थे।

एएसपी ने आगे बताया कि यह पुलिस के लिए बहुत बड़ी सफलता है। अगर यह पकड़े नहीं जाते तो भारतीय मुद्रा के लिए काफी नुकसान साबित हो सकते थे और देश को आर्थिक रूप से बहुत बड़ा नुकसान पहुंचा सकते थे। गिरफ्तार किए गए तीनों अपराधियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है। यह गोरखपुर जाते हुए पकड़े गए थे इस एंगल को देखते हुए भी आगे की जांच पड़ताल जारी है। इनके ग्रुप में अन्य भी लोग जुड़े हो सकते हैं इसलिए इनसे लगातार पूछताछ की जा रही है। यह भी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इनका प्रिंटिंग प्रेस कहां पर स्थापित किया गया है।

## शार्ट न्यूज

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

नयी दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम रविवार को भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.78 प्रतिशत उबलकर 90.33 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड भी तेजी लेकर 93.27 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

### रूस कच्चे तेल की कम बिक्री से परेशान

रूस ने भारतीय रिफाइनरों के लिए सितंबर में कच्चे तेल की बिक्री पर छूट 25-50 प्रतिशत तक बढ़ा दी है। इंडस्ट्री के अधिकारियों ने कहा कि रूस कच्चे तेल के निर्यात पर आपत्ति जता रहा था, लेकिन उनकी आपत्तियों की वजह से भारत के कच्चे तेल आयात में रूस की 42 प्रतिशत से ज्यादा की बाजार हिस्सेदारी खत्म होने का खतरा था। बता दें कि सस्ते रूसी तेल ने अगस्त के सात महीने के निचले स्तर से इस महीने भारतीय खरीद में तेजी ला दी है। भारतीय तेल कंपनियों द्वारा गल्फ देशों से आयातित किए जा रहे के कच्चे तेल के तरह ही रूस के बेंचमार्क यूराल (हाई-सल्फर ग्रेड) पर छूट पिछले महीने 3- 4 डॉलर प्रति बैरल के निचले स्तर तक गिर गई थी, लेकिन इस महीने से यह बढ़कर 5-6 डॉलर प्रति बैरल हो गई है। यह जानकारी सरकारी अधिकारी और मुंबई स्थित रिफाइनर के एक अधिकारी, जो रूसी निर्यातकों के साथ बातचीत में शामिल थे, ने दी। एक अन्य रिफाइनिंग अधिकारी ने कहा, भारतीय खरीदारों ने तेल व्यापारियों द्वारा सितंबर के अंत और अक्टूबर डिलीवरी के लिए अगस्त के मिड में बातचीत के दौरान बेंचमार्क रूसी यूराल ग्रेड की बिक्री पर छूट कम करने के प्रयासों का विरोध किया, जिससे व्यापारियों को छूट बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### एप्पल की बड़ी तैयारी! भारत में अपने उत्पादन पांच गुना बढ़ाकर 40 अरब डॉलर करने की योजना

आईफोनबनाने वाली कंपनी एप्पल की योजना भारत में अगले पांच साल में उत्पादन पांच गुना से अधिक बढ़ाकर 40 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 3.32 लाख करोड़ रुपये) करने की है। एक सरकारी सूत्र ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में सात अरब अमेरिकी डॉलर के उत्पादन का आंकड़ा पार कर लिया है। अधिकारी ने कहा, एप्पल की योजना अगले 4-5 वर्षों में भारत में उत्पादन बढ़ाकर 40 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक करने की है। पिछले वित्त वर्ष में यह सात अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है। एप्पल ने इस बारे में ईमेल से भेजे गए सवालों के जवाब नहीं दिए। एप्पल भारत में आईफोन बनाती है और अगले साल से एयरपॉड्स बनाने की उसकी योजना है। अधिकारी ने कहा कि एप्पल की भारत में आईपैड या लैपटॉप बनाने की तत्काल कोई योजना नहीं है। अधिकारी ने कहा, आईटी हार्डवेयर पीएलआई में भाग लेने की उनकी कोई योजना नहीं है। वे बाद के चरण में शामिल हो सकते हैं, लेकिन अभी उनका ध्यान मौजूदा उत्पादन स्तर को बढ़ाने पर है। कंपनी भारत से मोबाइल फोन की सबसे बड़ी निर्यातक बन गई है।

### एफपीआई ने इस महीने अबतक शेयर बाजारों से 10,164 करोड़ रुपये निकाले

अमेरिका में ऊंची ब्याज दर, मंदी की आशंका और घरेलू शेयरों के ऊंचे मूल्यांकन की वजह से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर के पहले तीन सप्ताह (22 सितंबर) में भारतीय शेयर बाजारों से 10,000 करोड़ रुपये से ज्यादा निकाले हैं। इससे पहले एफपीआई मार्च से अगस्त तक लगातार छह माह भारतीय शेयरों में शुद्ध लिवाल रहे थे। इस दौरान उन्होंने 1.74 लाख करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, ''चूंकि मूल्यांकन अब भी ऊंचा है और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल (10 साल के लिए 4.49 प्रतिशत) आकर्षक बना हुआ है, ऐसे में एफपीआई बिकवाल बने हुए हैं।'' डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक इस महीने अबतक 15 कारोबारी दिवस में से 11 में शुद्ध बिकवाल रहे हैं और उन्होंने शेयरों से शुद्ध रूप से 10,164 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले अगस्त में शेयरों में एफपीआई का प्रवाह चार माह के निचले स्तर 12,262 करोड़ रुपये पर आ गया था।

### सर्राफा बाजार : सोना तथा चांदी में मजबूती

इंदौर। सप्ताहांत सोना तथा चांदी में मजबूती दर्ज की गई। सप्ताहांत सोना 50 रुपये तथा चांदी 600 रुपये ऊंची होकर बिकी। कारोबार की शुरुआत में सोना 60750 रुपये पर खुलने के बाद शनिवार के दिन 60800 रुपये प्रति दस ग्राम होकर थमा। चांदी में व्यापार की शुरुआत 73400 रुपये पर हुई वहीं शनिवार के दिन 74000 रुपये बिकी। कामकाज में सोना ऊंचे में 60800 नीचे में 60700 रुपये प्रति 10 ग्राम बिका। व्यापार में चांदी ऊपर में 74200 तथा नीचे 73400 रुपये प्रति किलोग्राम बिकी। चांदी सिक्का पूछपरख से मजबूत बताया गया। विदेशी बाजार में सोना 1925 डॉलर तथा चांदी 2354 सेन्ट प्रति औंस बिकी।

### मूंगफली तेल, सोयाबीन रिफाइंड में गिरावट

इंदौर। सप्ताहांत खाद्य तेलों में खरीदी से भाव गिरावट लिए रहे। कारोबार में मूंगफली तेल, सोयाबीन रिफाइंड सस्ता बिका। आवक कमी से तिलहनों में भाव मजबूती लिए बताए गए कारोबार की शुरूआत में मूंगफली तेल 1870 से 1900 रुपये प्रति किलोग्राम खुला जो शनिवार को 1850 से 1860 रुपये प्रति 10 किलोग्राम होकर बंद हुआ। सोयाबीन रिफाइंड 885 से 890 रुपये पर खुलकर 860 से 865 रुपये बिका। पाम तेल 880 से 885 रुपये खुलकर 865 से 870 होकर बंद हुआ। तिलहन जिन्सों में मांग से भाव मजबूती लिए बताए गए। पशु आहार कपास्या खली में लिवाली रही।

### दलहनों के साथ दालों में मजबूती

इंदौर। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में गुरुवार से कामकाज शुरू हुआ। मिलगत कमी से मूंग, तुअर, उड़द के भाव ऊंचे बोले गए। दालों के भाव में तेजी दर्ज की गई। चावल में उठाव सुधार लिए रहा। सप्ताहांत चना कांटा 6500 से 6550 रुपये खुलने के बाद 6400 से 6450 रुपये होकर थमा। मूंग 9000 से 9800 रुपये पर खुलने के बाद नीचे में 7500 रुपये बिकी। हालांकि सप्ताहांत इसमें सौदे 9100 से 9900 रुपये प्रति क्विंटल पर हुए। कारोबार में तुअर 9500 से 12100 रुपये खुलने के बाद ऊपर नीचे होते हुए 9500 से 12100 बताई गई। उड़द, मसूर एक ही स्तर पर बनी रहीं। दालों में मांग से तेजी हुई। सप्ताहांत तुअर, मसूर, मूंग, उड़द दाल में भाव तेजी लिए रहे। रवा, मैदा, गेहूं का आटा तथा ? चना बेसन में लिवाली से मजबूती बताई गई। चावल में ग्राहकी सुधार लिए रही।

### इंदौर किराना बाजार : शक्कर-खोपरा बूरा मजबूत, हल्दी में पूछपरख

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में सप्ताहांत ग्राहकी ऊपर नीचे होती रही। शक्कर के भाव मजबूत रहे। खोपरा बूरा महंगा बिका। खोपरा गोला तथा साबूदाना में उठाव साधारण रहा। स्थानीय किराना बाजार में सोमवार को शक्कर 3930 से 3960 रुपये प्रति क्विंटल खुलने के शनिवार को 3960 से 4000 रुपये के स्तर पर थमी। शक्कर की दैनिक आवक 04 से 05 गाड़ी की रही। खोपरा गोला 105 से 125 रुपये खुलकर इसी स्तर पर थमा। हल्दी में पूछपरख सुधार लिए बताई गई। इसमें 150 से 275 रुपये की रंगत पर सौदे हुए। खोपरा बूरा के दामों में मजबूती दर्ज की गई। सप्ताहांत खोपरा बूरा में कामकाज 2150 से 3400 रुपये के स्तर पर खुलने के बाद 50 रुपये प्रति 15 किलोग्राम महंगा होकर 2200 से 3450 रुपये बिका। साबूदाना में लिवाली साधारण रही।

# यंग जेनरेशन के रूप में निवेशकों के लिए यूपी सबसे बड़ा बाजार: सीएम योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मोटो जीपी भारत में हिस्सा लेने आए विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से किया संवाद

ग्रेटर नोएडा/लखनऊ। उत्तर प्रदेश संभावनाओं वाला प्रदेश है। ये संभावनाएं इंफ्रास्ट्रक्चर में हैं, रोड कनेक्टिविटी में हैं, मेट्रो सेक्टर में हैं, एयर कनेक्टिविटी में हैं, वाटरवेज में हैं और लॉजिस्टिक के क्षेत्र में हैं। उत्तर प्रदेश देश के अंदर इनवेस्टमेंट के बेहतरीन डेस्टिनेशन के रूप में आगे बढ़ रहा है। इसलिए आज मोटो जीपी में जितने भी इस फील्ड के निवेश करने के उत्सुक स्टेक होल्डर्स, ऑर्गनाइजर और अन्य महानुभाव आए हैं, उन सबको आमंत्रित करता हूं कि वे सभी उत्तर प्रदेश की संभावनाओं का लाभ लें। उत्तर प्रदेश न सिर्फ मोटो जीपी जैसे इवेंट के लिए एक बड़ा मार्केट है, बल्कि यहां पर भारत की सबसे यंग जेनरेशन भी है जो आपके लिए एक अवसर होगा अपने निवेश को आगे बढ़ाने का। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित हो रहे मोटो जीपी भारत में हिस्सा लेने आए विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बिजनेस कॉन्क्लेव के अवसर पर कहीं। उन्होंने विश्वास जताया कि निवेशकों द्वारा किए जाने वाले किसी भी निवेश के लिए उत्तर प्रदेश सरकार हर प्रकार की सुरक्षा और सुविधा प्रदान करेगी।

### स्पोर्ट्स सेक्टर पर केंद्र और राज्य दोनों सरकारों का विशेष फोकस

सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश में संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में मोटो जीपी का आयोजन हम सबके लिए उत्साहवर्द्धक है। उत्तर प्रदेश भारत का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है। यह भारत की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में एक है और कुल आबादी का 56 फीसदी वर्किंग एज ग्रुप होने के कारण भारत का सबसे युवा राज्य भी है। इसलिए स्पोर्ट्स सेक्टर को न केवल विकसित करने की संभावनाएं उत्तर प्रदेश में हैं बल्कि हमारी सरकार और केंद्र सरकार इस सेक्टर पर विशेष फोकस करते हुए इस प्रकार के इवेंट को आयोजित करने के हर संभव प्रयास कर रही है। इस बात पर प्रसन्नता है कि अब तक मोटो जीपी 2023 के लिए लगभग एक लाख से अधिक टिकटों की बिक्री हो चुकी है। मोटो जीपी रेस का आयोजन




वैश्विक ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए आकर्षण का एक केंद्र है। इस आयोजन से प्रदेश में और भारत में ऑटोमोबाइल सेक्टर में निवेश के लिए आकर्षण में वृद्धि की जो संभावनाएं हैं उन्हें आगे बढ़ाने के लिए हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेगी। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट को प्रदेश सरकार ने 2011 में विकसित किया था। इस आयोजन के साथ प्रदेश के अंदर जो अनेक संभावनाएं हैं, उन्हें एक लघु फिल्म के माध्यम से आपके सामने प्रस्तुत किया गया। आपने देखा होगा कि उत्तर प्रदेश में क्या संभावनाएं हैं।

सीएम योगी ने कहा कि जिस क्षेत्र में मोटो जीपी का यह इवेंट आयोजित हो रहा है, यह वही सेक्टर है जहां भारत के दो महत्वपूर्ण फ्रेट कॉरिडोर (ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर) का जंक्शन है। यहां पर डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के साथ ही लॉजिस्टिक और ट्रांसपोर्ट हब के लिए भी कार्यक्रमों को तेजी से आगे बढ़ाने का कार्य हुआ है। इस क्षेत्र में ही प्रदेश सरकार ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल के साथ मिलकर एक इंटरनेशनल एयरपोर्ट (नोएडा इंटरनेशनल) का निर्माण युद्धस्तर पर कर रही है। प्रदेश के अंदर ही अन्य क्षेत्रों में भी एयर कनेक्टिविटी को बेहतर किया गया है। इनलैंड वाटरवेज वाराणसी-हल्दिया के बीच में प्रारंभ हो चुका है जो प्रदेश के पूर्वी बंदरगाह के साथ बेहतर कनेक्टिवटी को आगे बढ़ा रहा है। प्रदेश के अंदर औद्योगिक अवस्थापना के विकास के लिए अटल इंडस्ट्रीरियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन का शुभारंभ पहले ही हम कर चुके हैं और पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान में प्रदेश के अंदर औद्योगिक और इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश के लिए एक नया इकोसिस्टम तैयार हुआ है। यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान में उत्तर प्रदेश देश के अंदर कार्य करने वाले अग्रणी राज्यों में एक है।

### निवेश संभावनाओं के लिए प्रदेश में किए गए अनेक रिफॉर्म

प्रदेश में निवेश के लिए माहौल बनाने के सरकार के प्रयासों की जानकारी देते हुए सीएम ने कहा कि प्रदेश के अंदर आज निवेश की बेहतर संभावनाएं बढ़ी हैं।

निवेश की इन बेहतर संभावनाओं के लिए प्रदेश को अनेक रिफॉर्म करने पड़े थे। सुरक्षा का एक बेहतर वातावरण देना पड़ा था। प्रदेश के अंदर ईज ऑफ डूईंग की सफलतम रैंकिंग के बाद आज प्रदेश ने टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए जिन कार्यक्रमों का आगे बढ़ाया है उसी का परिणाम है कि आज निवेशकों के किसी भी एमओयू को प्रदेश सरकार निवेश सारथी के माध्यम से मॉनीटरिंग कर रही है और उसके क्रियान्वयन को पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाती है। सिंगल विंडो की व्यवस्था हर निवेशक को उपलब्ध कराई जा रही है। निवेश मित्र देश के अंदर सबसे बड़ा पोर्टल है। यह 400 से अधिक सेवाओं को एक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराने का काम करता है, जहां तेजी के साथ निवेशकों की समस्याओं का समाधान होता है। निवेश करने वाले हर निवेशक के लिए ऑनलाइन इंसेंटिव पोर्टल का विकास करके यह व्यवस्था की गई है कि इंसेंटिव्स के लिए निवेशक को कहीं भटकना न पड़े।

अलग-अलग सेक्टर की 25 सेक्टोरल पॉलिसीज बना कर उन्हें प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। प्रदेश सरकार ने फरवरी 2023 में लखनऊ में पहले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया था। इसमें दुनिया के एक दर्जन से अधिक देशों ने पार्टनर कंट्री के रूप में अपना योगदान दिया था। इस आयोजन के माध्यम से 36 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

# वैश्विक रुख का बाजार पर रहेगा असर

मुंबई। विश्व बाजार के कमजोर रुझान के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई बिकवाली से बीते सप्ताह ढाई प्रतिशत से अधिक की गिरावट देख चुके घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह वैश्विक रुख के साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का निवेश प्रवाह, डॉलर सूचकांक और कच्चे तेल की कीमतों का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1829.48 अंक अर्थात् 2.7 प्रतिशत का गोता लगकार सप्ताहांत पर 66009.15 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 518.1 अंक यानी 2.6 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19674.25 अंक रह गया।

इसी तरह समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों पर भी बिकवाली का भारी दबाव रहा। इससे बीएसई का मिडकैप 556.61 अंक टूटकर सप्ताहांत पर 31948.76 अंक और स्मॉलकैप 771.08 अंक लढ़ककर 37057.48 अंक पर आ गया।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की मौद्रिक नीति पर बीते सप्ताह हुई बैठक



में ऊंची ब्याज दरों का लंबे समय तक कायम रहने का संकेत दिया गया है। इससे निराश निवेशकों ने बीते सप्ताह बिकवाली की है और इसका असर अगले सप्ताह भी बाजार पर देखा जा सकेगा।

इसके अलावा दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति और विश्व बाजार में कच्चे तेल की कीमतों की अगले सप्ताह शेयर बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। साथ ही एफआईआई के निवेश रुख का भी बाजार पर असर रहेगा। एफआईआई ने सितंबर में अबतक 18,261.39 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। वहीं आलोच्य अवधि में घरेलू संस्थागत निवेशक 12,169.37 करोड़ रुपये के लिवाल रहे हैं, जिससे बाजार को बल मिला है।

बीते सप्ताह मंगलवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर अवकाश के कारण बाजार में चार दिन की कारोबार हुआ।

बाजार में चारो दिन गिरावट का रुख रहा। अमेरिका, ब्रिटेन, नॉर्वे, स्वीडन, स्विटजरलैंड और जापान में केंद्रीय बैंक की बैठकों से भरे इस सप्ताह से पहले विकास संबंधी चिंताओं को लेकर विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर दूरसंचार, आईटी, रियल्टी और टेक समेत बारह समूहों में हुई बिकवाली से सोमवार को सेंसेक्स 241.79 अंक की गिरावट लेकर 67596.84 अंक और निफ्टी 59.05 अंक टूटकर 20133.30 अंक पर आ गया।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों को लेकर चल रही बैठक का निर्णय आने से पहले विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर एचडीएफसी बैंक समेत 23 कंपनियों में चार प्रतिशत तक की गिरावट से बुधवार को सेंसेक्स 796 अंक का गोता लगाकर 66800.84 अंक और निफ्टी 231.90 अंक लुढ़ककर 19901.40 अंक पर रहा।

अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के लंबे समय तक ब्याज की दर ऊंची बने रहने के संकेत से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर चौतरफा बिकवाली करने से गुरुवार को सेंसेक्स 570.60 अंक का गोता लगाकर 66230.24 अंक और निफ्टी 159.05 अंक की गिरावट लेकर 19742.35 अंक पर आ गया। इसी तरह वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, कमोडिटीज, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और रियल्टी समेत चौदह समूहों में हुई बिकवाली से शुक्रवार को सेंसेक्स 221.09 अंक लुढ़ककर 66009.15 अंक और निफ्टी 68.10 अंक उतरकर 19674.25 अंक रह गया।

# खाद्य तेलों में गिरावट

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव में बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के भाव गिर गये वहीं अन्य जिंसों में मिलाजुला रुख रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा सप्ताहांत पर 48 रिंगिट फिसलकर 3642 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 3.27 सेंट की गिरावट लेकर 58.49 सेंट प्रति पौंड पर पहुंच गया।

सप्ताहांत पर मूंगफली तेल 220 रुपये, सूरजमुखी तेल 293 रुपये और वनस्पति तेल 267 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया जबकि सरसों तेल में 220 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर टिके रहे। सप्ताहांत पर सरसों तेल 13040 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 20512 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12820 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11721 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8866 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10666 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। सप्ताहांत पर मसूर दाल 350 रुपये, मूंग दाल 100 रुपये, उड़द दाल 400 रुपये और अरहर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती रही। वहीं चना और दाल चना में टिकाव रहा।

सप्ताहांत पर चना 6450-6550, दाल चना 7450-7550, मसूर काली 7800-7900, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 10400-10500 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। साप्ताहांत पर गेहूं 50 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि चावल 100 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और चावल 2900-3000 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : बीते सप्ताह मीठे के बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान गुड़ 100 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

# विदेशी मुद्रा भंडार 86.7 करोड़ डॉलर कम होकर 593.04 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी आने से 15 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 86.7 करोड़ डॉलर कम होकर लगातार दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 593.04 अरब डॉलर रह गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 4.99 अरब डॉलर घटकर 593.9 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 15 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 51.1 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 525.9 अरब डॉलर रह गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 38.4 करोड़ डॉलर कम होकर 44 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 3.2 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.09 अरब डॉलर हो गया।

# अक्तूबर में तीन नए हवाई मार्ग किए जाएंगे चालू

नई दिल्ली। रविवार को अरुणाचल प्रदेश स्थित तेजू एयरपोर्ट में 170 करोड़ रुपये की लागत से बने नए टर्मिनल का उद्घाटन किया गया। इस दौरान केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मौजूद रहे। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने अरुणाचल में अक्तूबर तक तीन नए हवाई मार्ग चालू करने की बात भी कही है।

पूर्वोत्तर राज्य के लोहित जिले में तेजू हवाई अड्डे के नए टर्मिनल का उद्घाटन करते हुए सिंधिया ने कहा, केंद्र की उड़ान-5 योजना के तहत, होलोंगी में डोनयी पोला एयरपोर्ट से ईटानगर और नई दिल्ली के बीच नई उड़ान सेवाएं शुरु की जाएगी। इसका उद्देश्य नागरिकों को विमानन सेवाओं तक आसान पहुंच प्रदान करना है। इसके लिए छोटे क्षेत्रीय हवाई अड्डों को विकसित किया जा रहा है। डोनयी पोलो, पासीघाट और जीरो हवाई अड्डों के बाद तेजू हवाई अड्डा राज्य में चौथा और पूर्वोत्तर में 17वां हवाई अड्डा है।

केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए उन्होंने कहा, 65 सालों में देश में केवल 74 हवाई अड्डे थे लेकिन भाजपा की केंद्र सरकार ने पिछले 9 सालों में 75 नए हवाई अड्डों का निर्माण किया है। सिंधिया ने कहा, पीएम मोदी और मुख्यमंत्री पेमा खांडू की जोड़ी अरुणाचल को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, जिन आठ पूर्वोत्तर राज्यों की दशकों से उपेक्षा की जा रही थी। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद एक बड़ा विकासात्मक बढ़ावा मिला। उन्होंने कहा, यह क्षेत्र देश के मुकुट का एक रत्न है। यह क्षेत्र भारत के लिए बागवानी और कृषि संभावनाओं के साथ दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के लिए प्रवेश द्वार होगा।

### सिंधिया बोले, अरुणाचल प्रदेश से मेरा पुराना रिश्ता

अरुणाचल प्रदेश से मेरा रिश्ता बहुत पुराना है। जब मेरी दादी के बहनोई 1960 के दशक में राज्य में मेजर जनरल के रूप में तैनात थे, तो भारत सरकार ने उन्हें सीमावर्ती गांव में से एक का नाम बताने का अवसर दिया। जो अब विजय नगर के नाम से प्रसिद्ध है।

वहीं, तेजू हवाई अड्डे के उद्घाटन पर भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण के सदस्य (योजना) ए.के. पाठक ने कहा, आज तेजू के लोगों के लिए एक शुभ दिन है। टर्मिनल व्यस्त समय में 300 यात्रियों को संभालने में सक्षम होगा। जिसके कारण एक ही समय में दो एटीआर विमान यहां आ सकते हैं। रनवे की लंबाई 1,500 मीटर है। हवाई अड्डे में नव-विकसित बुनियादी ढांचे में एक विस्तारित रनवे, एक नया एप्रन, एक नया टर्मिनल भवन, एक फायर स्टेशन और एक एटीसी टॉवर शामिल हैं।

# एपल, सैमसंग जैसी कंपनियों को राहत, बिना लाइसेंस एक साल और आयात कर सकेंगे कंप्यूटर, लैपटॉप

नई दिल्ली। भारत सरकार लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कंप्यूटर के आयात के लिए लाइसेंस की अनिवार्यता की समयसीमा को और एक साल तक बढ़ा सकती है। सरकार के दो वरिष्ठ अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। एपल, सैमसंग और लेनोवो जैसी बड़ी कंपनियों के लिए बहुत राहत की बात होगी।

सरकार ने तीन अगस्त को अचानक बिना लाइसेंस इलेक्ट्रानिक उपकरणों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसका मकसद खराब गुणवत्ता वाले लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कंप्यूटरों के देश में आने से रोकना और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना था। इससे बड़ी कंपनियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था।

उद्योग जगत के विरोध के बाद सरकार ने इस योजना को लागू करने की समयसीमा तीन महीने बढ़ा दी थी। सूत्रों के मुताबिक, अब सरकार ने एक बार इसके क्रियान्वयन की समय सीमा को एक साल बढ़ा दी है।

इसका मतलब है कि अगले साल सितंबर तक बिना लाइसेंस के लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कंप्यूटर आयात किए जा सकेंगे।

इधर, आयकर विभाग ने करदाताओं से कहा है कि अगर उनको जल्दी रिफंड चाहिए तो वे पहले के बकाये के संबंध में विभाग को जानकारी दें। सोशल मीडिया पर विभाग ने कहा, वित्त वर्ष 2022-23 के लिए रिफंड को जल्दी पूरा करने के लिए उसके पहले के बकाये के संबंध में जी भी जानकारी मांगी जा रही है, उसे तुरंत देना चाहिए। कुछ करदाताओं को पहले के बकाये के संबंध में नोटिस मिला था।

इस पर इन लोगों ने आयकर विभाग से सोशल मीडिया पर सवाल किया था।

इसके जवाब में विभाग ने कहा, यह करदाताओं के लिए एक अच्छा उपाय है जहां उनको न्याय दिलाने के लिए एक अवसर दिया जा रहा है। ऐसे में उनको मदद करनी चाहिए।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आने वाले समय में सेमीकंडक्टर की मांग बढ़कर पांच लाख करोड़ रुपये होगी। यह अभी दो लाख करोड़ रुपये है। माइक्रोन के प्लांट से पहले चिप का उद्घाटन दिसंबर, 2024 से होगा। दो बड़े सेमीकंडक्टर प्रस्ताव प्रक्रिया में हैं।

आने वाले कुछ महीनों में इन पर फैसला हो जाएगा। गुजरात के साणंद में माइक्रोन के सेमीकंडक्टर प्लांट के भूमिपूजन पर वैष्णव ने कहा कि परियोजनाएं एक विशेष क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करेंगी, जहां भारत वैश्विक स्तर पर चिप के क्षेत्र में एक अगुवा के रूप में उभर सकता है।

# अकासा एयर मामले में डीजीसीए का हस्तक्षेप से इनकार

नई दिल्ली। एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए ने अकासा एयर के 43 पायलटों के अचानक नौकरी छोड़ने के मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। डीजीसीए ने कहा कि उसके पास किसी भी रोजगार अनुबंध में हस्तक्षेप करने की कोई शक्ति नहीं है।

अकासा एयर ने डीजीसीए पर इस विवाद में कोई एक्शन नहीं लेने का आरोप लगाया था, जिसके बाद डीजीसीए का यह जवाब आया है। पायलटों के बिना नोटिस दिए एयरलाइन छोड़ने पर अकासा ने हाई कोर्ट का रुख किया है। अकासा ने एक लीगल फाइलिंग में कहा था कि डीजीसीए के हस्तक्षेप न करने से एयरलाइन को वित्तीय नुकसान के साथ ऑपरेशन जारी रखने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। अकासा एयर में फर्स्ट ऑफिसर्स के लिए नोटिस पीरियड 6 महीने और कैप्टन के लिए 1 साल है। एयरलाइन के अनुसार, पायलटों के इस्तीफे के कारण उन्हें अगस्त में 18त्न यानी 630 से ज्यादा उड़ाने कैंसिल करनी पड़ीं। अकासा एक दिन में 120 उड़ाने ऑपरेट करती है। यानी महीने में 3,500 उड़ाने ऑपरेट करता है। इस बीच, फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स ने कहा कि अकासा एयर की उड़ाने कैंसिल करने की संख्या निराधार है। डीजीसीए इस विवाद में हस्तक्षेप नहीं कर सकता है।

# शार्ट न्यूज

## साइना नेहवाल ने हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस 2023 की शुरुआत की

गुरुग्राम। प्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने रविवार को देश के अग्रणी ब्रेड ब्रांड हार्वेस्ट गोल्ड 'हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस 2023' की शुरुआत की। आज यहां ग्लोबल रेस 2023 वैश्विक स्तर पर आयोजित आठवें संस्करण के अवसर पर इस पहल के तहत रॉबिन हुड आर्मी की मदद से ब्रेड स्लाइस दान किए। 'हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस 2023' का उद्देश्य लोगों को देश में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करने वाले एक प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करती है। इस वर्ष, 3,000 व्यक्तियों ने दौड़ में भाग लिया, जिससे हार्वेस्ट गोल्ड द्वारा रॉबिन हुड आर्मी को 60 हजार से अधिक स्लाइस ब्रेड दान किए गए। कंपनी ने इसी के तहत लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से साइना नेहवान को अपना रेस एंबेसडर बनाया है। ग्रुपो बिम्बो इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर राज कंवर सिंह ने कहा, एक बेहतर दुनिया का पोषण करने की दृष्टि से निर्देशित हार्वेस्ट गोल्ड, स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता पर दृढ़ है। इस अवसर पर बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने कहा, भोजन तक सीमित पहुंच की मौजूदा चुनौती विश्व स्तर पर एक गंभीर मुद्दा है। इस दिशा में एक प्रभावी बदलाव लाने के लिए हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस के साथ सहयोग करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

## श्रीलंका ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराया, फाइनल में होगा भारत से मुकाबला

हांगझोउ। एशियाई खेलों में महिला क्रिकेट टी-20 के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में रविवार को श्रीलंका ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है जहां उसका मुकाबला सोमवार को पहले सेमीफाइनल की विजेता भारतीय टीम से होगा। आज सुबह झेजियांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पिंगफेंग क्रिकेट मैदान में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम निर्धारित ओवर में नौ विकेट खोकर 75 रन ही बना सकी। पाकिस्तान की ओर से शवाल जुलफिका ने सर्वाधिक 16 रन बनाए। मुनीबा अली ने 13 रन का योगदान दिया और ओमाइमा सोहैल को 10 रन के निजी पर रनावीरा ने परेरा के हाथों कैच आउट कराया। इन तीन बल्लेबाजों के अलावा उसकी टीम का कोई भी बल्लेबाजी दहाई स्कोर नहीं बना सका। श्रीलंका की ओर से उदेशिका प्रबोधनी ने 31 रन देकर सर्वाधिक तीन विकेट लिये। कविशा दिलहारी ने 15 रन देकर दो विकेट जबकि इनोशी प्रियदर्शिनी, अचिनी कुलासूर्या और इनोका रनावीरा को एक-एक विकेट मिला। श्रीलंका ने सधी हुई गेंदबाजी करते हुए केवल एक रन अतिरिक्त के रूप में दिया।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने उज्बेकिस्तान को हराया

हांगझोउ। चीन के हांगझोउ में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में रविवार को भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने अपने पूल ए के पहले मुकाबले में उज्बेकिस्तान को 16-0 से हराकर धमाकेदार शुरुआत की। भारत ने आज यहां अपने पहले मुकाबले के 7वें मिनट में ललित कुमार उपाध्याय ने पहला गोल किया। इस बीच वरुण ने अपनी ड्रैग-फ्लिक को गोल में तब्दील कर भारत की बढ़त 2-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में भारतीय टीम ने अपने अटैक और डिफेंस की बदौलत उज्बेकिस्तान पर दबाव बनाए रखा। अभिषेक ने मनदीप के लेफ्ट फ्लैंक को गोल तब्दली बढ़त को कर 3-0 कर दिया। इसके ठीक अगले मिनट ही मनदीप सिंह ने एक बेहतरीन पास को गोलपोस्ट में पहुंचाकर टीम के स्कोर में इजाफा किया। ललित कुमार उपाध्याय ने एक और गोल कर टीम का स्कोर 5-0 पहुंचा दिया। मनदीप सिंह ने एक के एक दो गोल करते भारत का स्कोर 7-0 पहुंचा दिया। पहले हाफ तक भारत ने 7-0 से अपनी बढ़त बना ली थी और उसने उज्बेकिस्तान को गोल करने का कोई मौक़ा नहीं दिया। दूसरे हाफ की शुरुआत भारत ने रोमांचक अंदाज में की, भारतीय खिलाड़ियों ने फिर लगातार दो गोल कर भारत का स्कोर 9-0 पहुंचा दिया।

## निशानेबाजी में रमिता ने जीता कांस्य पदक

हांगझोउ। चीन के हांगझोउ में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में रविवार को भारत की निशानेबाज रमिता जिंदल ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। रमिता 230.1 के स्कोर के साथ कांस्य जीता, जबकि हमवतन मेहुली घोष 208.3 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहीं। चीन की निशानेबाज युटिंग हुआंग एशियाई खेलों के रिकॉर्ड 252.7 स्कोर करते हुए स्वर्ण पदक जीता। रमिता को कड़ी प्रतिस्पर्धा और भारी दबाव से खुद को बाहर निकालते हुए क्वालीफायर में 631.9 अंक हासिल कर दूसरे स्थान पाया था। उनके इस शानदार प्रदर्शन ने उन्हें आठ-निशानेबाजों के फाइनल में पहुंचा दिया, जहां उन्होंने अंततः कांस्य पदक जीता। रमिता उस भारतीय टीम का भी हिस्सा है जिसने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता है। रमिता और मेहुली घोष ने क्रमश: 631.9 और 630.8 के कुल स्कोर के साथ व्यक्तिगत फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। इस बीच, भारतीय निशानेबाज अनीश ने क्वालिफिकेशन राउंड में छठे स्थान पर रहने के बाद पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल फाइनल में जगह बनाई। अनीश ने आदर्श सिंह और विजयवीर सिद्धू के साथ मिलकर पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल टीम पहले चरण में भारत को तीसरा स्थान पक्का कर दिया है।

## भारत ने एशियाई खेलों में जीते पांच पदक

हांगझोउ। चीन के हांगझोउ में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन रजत और दो कॉंस्य पदक अपने नाम किये। आज हुई रोइंग स्पर्धा में ओलंपियन अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह की भारतीय पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स टीम और पुरुषों की कॉक्स 8 टीम ने रजत पदक जीते। वहीं बाबू लाल यादव और लेख राम की भारतीय पुरुष कॉक्सलेस जोड़ी ने भी कांस्य पदक जीतकर एशियाई खेलों में रोइंग में भारत के पदकों की संख्या तीन कर दी। फुयांग वॉटर स्पोर्ट्स सेंटर में प्रतिस्पर्धा करते हुए, अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह ने 6:28.18 के समय के साथ रजत पदक जीता और वह स्वर्ण पदक विजेता चीन से 5.02 सेकेंड पीछे रहे जबकि उज्बेकिस्तान ने 6: 33.42 समय के साथ कांस्य पदक मिला। इससे पहले, भारतीय जोड़ी ने रेपेचेज 1 में 6~55.78 के समय के साथ पोल पोजीशन हासिल कर पदक की रेस में जगह बनाई थी। उन्होंने रेपेचेज में प्रवेश करने के लिए हीट 1 में दूसरे स्थान के लिए 6: 27.45 का समय निकाला था। बाबू लाल यादव और लेख राम की भारतीय पुरुष जोड़ी ने 6: 50.41 के समय के साथ कांस्य पदक जीता। उज़्बेकिस्तान ने 6: 48.11 के साथ रजत पदक जबकि चीन ने 6: 44.20 के साथ स्वर्ण पदक जीता।

## बंगलादेश में राष्ट्रीय चुनाव स्वतंत्र और पारदर्शी होना चाहिए: प्रधानमंत्री हसीना

ढाका। बंगलादेश की प्रधान मंत्री शेख हसीना ने टिप्पणी की है कि अगर देश के राष्ट्रीय चुनाव को विफल करने के लिए विदेशी देशों से कोई साजिश होगी, तो इस देश के लोग भी उन पर प्रतिबंध लगाएंगे। उन्होंने कहा, बंगलादेशियों पर अमेरिकी वीजा नीति लागू होने को लेकर डरने की कोई बात नहीं है। प्रधान मंत्री शेख हसीना ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करने के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में ये टिप्पणियां कीं। विदेश मंत्री एके अब्दुल मोमेन भी उनके साथ थे। चुनाव रोकने के नाम पर बीएनपी-जमात की विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने पत्रकारों से कहा कि सभी तथ्यों को अच्छे से दिखाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जो लोग प्रतिबंध जारी करेंगे, वे उसे भी देखेंगे, एक पक्ष नहीं। इसे सबसे पहले किसने शुरू किया यह देखना चाहिए। इसे देखने के बाद मंजूरी दी जायेगी। अगर अवामी लीग को निशाना बनाया गया है तो मुझे कुछ नहीं कहना है। अमेरिकी प्रतिबंध को लेकर प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग ऐसा कह रहे हैं उन्हें अपने देश के चुनाव से भी दिक्कत है।

# सीएम योगी ने भारत मोटो जीपी के विजेता मार्को बेजेची को प्रदान की ट्रॉफी

### ट्रॉफी वितरण से पूर्व सीएम योगी ने मोटो जीपी की मुख्य रेस का किया अवलोकन

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मोटो जीपी भारत के अंतिम दिन ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट (बीआईसी) में मोटो जीपी की मुख्य रेस का अवलोकन किया और रेस में विजयी रहे मार्को बेजेची को प्रतियोगिता की ट्रॉफी भी प्रदान की। इससे पहले सीएम योगी मोटो जीपी रेस के अंतिम क्षणों के रोमांच के गवाह भी बने, जब अंतिम लैप में शीर्ष राइडर्स के बीच आगे निकलने की होड़ मची थी। सीएम योगी के साथ केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है की मोटो जीपी का अयोजन भारत में पहली बार किया जा रहा है। 22 सितंबर से ही इस इवेंट के तहत विभिन्न रेस का आयोजन किया जा चुका है। रविवार सुबह ही सीएम योगी ने मोटो जीपी से जुड़े ऑर्गेनाइजर्स और स्टेक होल्डर्स को भारत में इस तरह के अंतरराष्ट्रीय खेल के अयोजन को लेकर प्रोत्साहित किया था।




### सीएम ने देखा अंतिम लैप का रोमांच

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य रेस का अवलोकन करने के लिए गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी से बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पहुंचे और कुछ देर रेस के अंतिम क्षणों का लुत्फ उठाया। इस दौरान फाइनल लैप में शीर्ष 2 राइडर्स मार्को बेजेची और जे मार्टिन के बीच रोमांचक मुकाबला चल रहा था। खासतौर पर अंतिम लैप में दोनो ही राइडर्स जान लगाते नजर आए। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के वर्ल्ड क्लास ट्रैक पर पावरफुल बाइक्स के शोर के बीच वीआईपी लाउंज के सेकंड फ्लोर की बालकनी में खड़े होकर सीएम योगी ने भारत में पहली बार आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता के रोमांचकारी आखिरी लम्हों का लुत्फ उठाया। इस बीच हरदीप सिंह पूरी के साथ वह रेस के विषय में चर्चा करते भी नजर आए। रेस खत्म होने के बाद सीएम योगी और अनुराग ठाकुर ने पोडियम एरिया में शीर्ष 3 राइडर्स को ट्रॉफी प्रदान की। विनर ट्रॉफी को भारत के नक्शे के आकार का बनाया गया था। ट्रॉफी वितरण के बाद तीनों राइडर्स पारंपरिक अंदाज में शैंपेन के साथ जश्न मनाते नजर आए।

### 21 लैप में पूरी हुई रेस

मोटो जीपी की मुख्य रेस 21 लैप में पूरी हुई। हर लैप्स में ड्राइवर्स के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। शनिवार को क्वालीफाइंग के दौरान शीर्ष स्थान हासिल करने वाले मार्को बेजेची ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में विजेता होने का गौरव जसिलंक। उनके बाद प्रामैक के जॉर्ज मार्टिन दूसरे स्थान पर रहे, जिन्होंने शनिवार को स्प्रिंट रेस जीती थी।
वहीं फेबियो क्वार्टारो ने चौंकाते हुए यामाहा को पोडियम तक पहुंचा दिया।
हालांकि, चैंपियनशिप लीडर पेको बागनिया भारत ग्रां प्री से बाहर हो गए। यह इटैलियन राइडर टर्न 5 पर फिसल गया था।

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 99 रन से हराया, सीरीज भी जीत

इंदौर। भारत ने तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला के इंदौर के होल्कर स्टेडियम में रविवार को खेले गये दूसरे एकदिवसीय वर्षा बाधित मुकाबले में बल्लेबाजों के बाद गेंदबाजों के शानदान प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया को 99 रन से हराया दिया है।
बारिश के कारण ऑस्ट्रेलियाई पारी के दौरान एक घंटे से अधिक समय तक खेल रोके जाने के कारण डकवर्थ लुईस पद्धति की बदौलत ऑस्ट्रेलिया को 33 ओवर में 317 रन का संशोधित लक्ष्य दिया गया है। 317 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 28.2ओवर में 217 रन पर समेट दिया। इसी के साथ भारत तीन मैचों की श्रृंखला जीत ली है। वह इस एकदिवसीय श्रृंखला के दो मुकाबले जीत चुकी है।
भारतीय गेंदबाजों ने मैथ ?यू शॉर्ट और स्टीव स्मिथ को सस्ते में पवेलियन भेज दिया। ये दोनो विकेट टीम के नौ रन के स्कोर पर गिरे। अश्विन ने मार्नस लाबुशेन को 13ओवर में 27 रन आउट किया। इसके बाद उन्होंने 15वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया को दो झटके दिए। उन्होंने पहली गेंद पर डेविड वॉर्नर और पांचवीं गेंद पर जोश इंग्लिस को एलबीडब्ल्यू किया। वॉर्नर ने 39 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 53 रन बनाए। वहीं, इंग्लिस ने नौ गेंदों में छह रन का बनाए। लाबुशेन ने 31 गेंदों में 4 चौकों के जरिए 27 रन जुटाए। उन्होंने वॉर्नर के साथ तीसरे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी की। जडेजा ने शॉन ऐबट को क्लीन बोल्ड कर भारत को 99 रन से जीत दिला दी। अश्विन और जडेजा को तीन-तीन विकेट मिले। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा को दो विकेट मिला। ऑस्ट्रेलिया की ओर से नौवें विकेट के लिए शॉन ऐबट और हेजलवुड के बीच 44 गेंद पर 77 रन की साझेदारी हुई।

### यूपी पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के चुनाव संपन्न

# कवीन्द्र चौधरी अध्यक्ष चुने गए, विपिन गुप्ता महासचिव बने

यूपी पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन (यूपीपीएसए) की वार्षिक साधारण सभा आज 24 सितम्बर को सॉउथ ऑफ जीटीरोड औद्योगिक क्षेत्र स्थित आईपीईएम कॉलेज में सम्पन्न हुई।
साधारण सभा में यूपी पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न हुए। जिसमें कवीन्द्र चौधरी को सर्वसम्मति से पुनः अध्यक्ष और डॉ. विपिन गुप्ता महासचिव चुना गया।
साथ ही डॉ. सुधा वाजपेयी (लखनऊ) को संयुक्त सचिव और यूपी पैरा खेल मोहत्सव की आयोजन अध्यक्ष नामित किया गया। अश्विनी गुप्ता (मेरठ) को पैरा स्टेट मीट का आयोजन अध्यक्ष बनाया गया। डॉ. ऋचा सूद को यूपी पैरा एथलेटिक्स और सुनील कुमार को यूपी पैरा पावर लिफ्टिंग के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से नामित किया गया।
बैठक में मुख्य रूप से एशियन पैरा गेम्स में जाने वाली टीम के खिलाडियों के सम्मान में प्रस्थान समारोह के साथ ही ओपन स्टेट चैम्पियनशिप और राज्य पैरा खेल प्रतियोगिता आयोजित किए जाने संग यूपीपीएसए के प्रचार-प्रसार के संदर्भ में व्यापक विचार-विमर्श किया गया।




यूपी पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन अध्यक्ष कवीन्द्र चौधरी ने बताया कि इस वार्षिक साधारण सभा में एशियन पैरा गेम्स में जाने वाली टीम के खिलाडियों के सम्मान में दिल्ली में आहूत प्रस्थान समारोह (सेंडऑफ सेरेमनी) में सम्मिलित होने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही एशियन पैरा गेम्स में सम्मिलित होने जा रहे खिलाडियों के सम्मान में लखनऊ में प्रस्थान सत्कार समारोह (सेंडऑफ सेरेमनी) आयोजित करने पर भी विमर्श किया गया। बैठक में आगामी 3 दिसम्बर को लखनऊ में ओपन स्टेट चैम्पियनशिप का आयोजन करने और फरवरी 2024 में राज्य पैरा खेल प्रतियोगिता (स्टेट पैरा स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप) आयोजित किए जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।
इस अवसर पर दुबई पैरा स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करके देश का नाम रोशन करने वाली टीम के कोच जे.पी. सिंह को सम्मानित किया गया। बैठक की अध्यक्षता शिक्षाविद् डॉ.मधुसूदन त्रिपाठी ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रख्यात खिलाड़ी व शिक्षाविद् डॉ. ऋचा सूद ने किया।
सभा में डॉ. विपिन गुप्ता, आलोक गोयल, डॉ. पी.के. वशिष्ठ, विकास मलिक, अश्वनी गुप्ता, सतीश शर्मा, दीपक त्यागी, चेतन त्यागी, मंगल सिंह, बबीता सिंह, सुधा वाजपेयी, आकाश शर्मा, अमित नागर, अजय त्यागी, अनुराग राय, पवन प्रताप सिंह, रवि कुमार, डोरीलाल, सुनील कुमार, सौरभ कुमार, वीरेन्द्र कुमार, माधव चौधरी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के 40 जनपदों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इनमें गाजियाबाद, मेरठ, बागपत, सहारनपुर, हापुड़, पीलीभीत, बरेली, लखनऊ, प्रयागराज, आजमगढ़, गाजीपुर, बहराइच, देवीपाटन आदि शामिल हैं।

# अमेरिका ने निज्जर की हत्या पर खुफिया जानकारी दी थी

### इन्वेस्टिगेशन में मदद भी की; कनाडा ने इंडियन डिप्लोमैट्स की कम्युनिकेशन डिटेल्स से सबूत जुटाए

खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या के बाद अमेरिका की स्पाई एजेंसियों ने कनाडा के साथ इस केस से जुड़ी जानकारियां साझा की थीं। न्यूयॉर्क टाइम्स ने केस से जुड़े अफसरों के हवाले से यह जानकारी दी है। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत पर आरोप लगाते समय कनाडा ने जिस खुफिया का हवाला दिया था, वह उसने खुद जुटाई थी।
न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक निज्जर की हत्या के बाद अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने कनाडा को इंटेलिजेंस इकट्ठा करने में मदद की थी। इसी के आधार पर कनाडा को यह निष्कर्ष निकालने में मदद मिली कि भारत इसमें शामिल था। हालांकि, कनाडा ने खुद भारतीय डिप्लोमैट्स की निगरानी करके उनकी कम्युनिकेशन डिटेल्स का पता लगाया था, जिनके आधार पर निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट्स के शामिल होने का आरोप लगाया गया था।



### अमेरिका को निज्जर की मौत से पहले साजिश की जानकारी नहीं थी

अधिकारियों ने NYT को बताया कि अमेरिका को निज्जर की हत्या की साजिश या उसमें भारत के दखल के बारे में उसकी मौत से पहले तक कोई जानकारी नहीं थी। पहचान सार्वजनिक नहीं करने कि शर्त पर एक अधिकारी ने बताया कि कनाडा ने निज्जर को खतरे के बारे में आगाह किया था। हालांकि, तब भारत सरकार के शामिल होने से जुड़ी कोई बात नहीं कही गई थी।
अमेरिका और कनाडा के बीच फाइव आइज अलायंस का हिस्सा होने के नाते इंटेलिजेंस शेयरिंग होती है। लेकिन हत्या के बारे में जानकारी खासतौर पर खुफिया एजेंसियों ने अपने पैकेज में शेयर की थीं। इससे पहले शनिवार को कनाडाई मीडिया CTV न्यूज ने बताया था कि कनाडा में अमेरिका के एम्बेसडर डेविड कोहेन ने इस बात की पुष्टि की थी कि फाइव आइज देशों ने मिलकर निज्जर की हत्या पर इंटेलिजेंस जुटाया था।

### कनाडा में अमेरिकी राजदूत ने भी इंटेलिजेंस शेयरिंग की पुष्टि की

कोहेन ने कहा था- फाइव आइज पार्टनर्स के बीच में निज्जर की हत्या में भारत सरकार के संभावित कनेक्शन को लेकर इंटेलिजेंस शेयर हुआ था। इसके जानकारी मिलने के बाद ही ट्रूडो ने अपनी संसद में भारत पर आरोप लगाए थे। वहीं अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा था- हमें उम्मीद है कि भारत निज्जर की हत्या की जांच में कनाडा का सहयोग करेगा। न्यूज एजेंसी एएफपी के मुताबिक, ब्लिंकन ने कहा था कि अमेरिका के भारत के साथ मधुर संबंध हैं और कनाडा उनका करीबी सहयोगी है, इसलिए अमेरिका दोनों के साथ संपर्क में है।

### ट्रूडो बोले- भारत को कुछ हफ्तों पहले सबूत दिए

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने शुक्रवार को फिर से भारत पर खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या का आरोप लगाया था। ओटावा में मीडिया से बातचीत में ट्रूडो ने बताया था कि हमने कुछ हफ्ते पहले ही भारत सरकार से ऐसे सबूत साझा किए थे, जो हमारे आरोपों को पुख्ता करते हैं। हम चाहते हैं कि दिल्ली जांच में हमारा सहयोग करे।

# 7 मुस्लिम देश देंगे इजराइल को मान्यता

### इजराइली फॉरेन मिनिस्टर बोले- सऊदी अरब से बातचीत जारी, बहुत कुछ बताया नहीं जा सकता

तेल अवीव। इजराइल के फॉरेन मिनिस्टर एली कोहेन ने कहा है कि सऊदी अरब से डिप्लोमैटिक रिलेशन बहाल होने के बाद कम से कम सात मुस्लिम देश इजराइल को मान्यता देंगे। यह एक नए तरह की पीस डील होगी। इजराइली अखबार 'यरूशलम पोस्ट' से बातचीत में कोहेन ने माना कि सऊदी अरब और इजराइल के बीच बातचीत जारी है और कुछ चीजें ऐसी हैं, जिन्हें इस वक्त बताया नहीं जा सकता।
कोहेन का यह बयान कई लिहाज से अहम है, क्योंकि पिछले हफ्ते सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने फॉक्स न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में साफ तौर पर माना था कि इजराइल से बातचीत अंजाम के काफी करीब है।

### सऊदी से रिश्ते सुधरे तो सब ठीक हो जाएगा

पिछले दिनों इजराइल के प्राइम




मिनिस्टर बेंजामिन नेतन्याहू ने यूएन जनरल असेंबली में भाषण दिया था और इस दौरान उन्होंने मिडिल ईस्ट में पीस एग्रीमेंट का खासतौर पर जिक्र किया था।
इसके पहले MBS का बयान आया था और अब एली कोहेन का बयान पर्दे के पीछे चल रही डिप्लोमैसी की तरफ साफ इशारा है। हालांकि, अब तक अमेरिका ने अब तक नए डेवलपमेंट्स पर कुछ नहीं कहा है।
इजराइली फॉरेन मिनिस्टर के मुताबिक-सऊदी अरब के साथ अमन का मतलब है कि पूरे मुस्लिम वर्ल्ड के साथ अमन बहाली और बेहतर रिश्ते हो जाना।
लिहाजा, अगर सऊदी और इजराइल के बीच अमन बहाली होती है तो यह पूरे मुस्लिम वर्ल्ड के साथ बेहतर रिश्तों की दिशा में सबसे अहम कदम होगा और इसका फायदा पूरी दुनिया को होगा।
कोहेने ने कहा- अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन मिडिल ईस्ट के हालात को पूरी तरह बदलना चाहते हैं। अमेरिका में यह इलेक्शन ईयर भी है।
खुद नेतन्याहू भी इस तरफ इशारा कर चुके हैं। दरअसल, फिलिस्तीन के मसले पर सऊदी अरब अब तक इजराइल का सबसे बड़ा विरोधी रहा है। यूएई, बहरीन और मोरक्को जैसे देश कई साल पहले ही अब्राहम अकॉर्ड के जरिए इजराइल से डिप्लोमैटिक और ट्रेड रिलेशन शुरू कर चुके हैं।

# ट्रूडो ने की यूक्रेन को नयी बहु-वर्षीय सहायता की घोषणा

ओटावा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात के बाद यूक्रेन के लिए नयी सैन्य, आर्थिक, शांति और सुरक्षा तथा विकास सहायता एवं निवेश की घोषणा की। ट्रूडो ने अपने कार्यालय की वेबसाइट पर पोस्ट में कहा कि कनाडा बहु-वर्षीय सहायता प्रदान करने के लिए दृष्टिकोण बदल रहा है। उन्होंने यूक्रेन को बख्तरबंद चिकित्सा निकासी वाहनों सहित 50 बख्तरबंद वाहनों की आपूर्ति के लिए तीन वर्षों में 65 करोड़ कनाडाई डॉलर (48.75 करोड़ अमेरिकी डॉलर) के नए निवेश की घोषणा की। विज्ञप्ति के अनुसार सर्वश्री ट्रूडो और जेलेंस्की ने आधुनिक कनाडा-यूक्रेन मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो यूक्रेन के आर्थिक सुधार में भाग लेने वाले कनाडाई व्यवसायों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली बाजार पहुंच की शर्तें सुनिश्चित करता है।

## इजरायली ने हमास के ठिकानों पर किया हमला

यरूशलेम। इजरायली सेना ने शनिवार को गाजा पट्टी पर शासन करने वाले हमास से संबंधित एक सैन्य चौकी पर हमला किया। इजरायली सेना ने रविवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इस हमले में मानव रहित विमान का उपयोग किया गया और यह हमला इजरायल की सीमा के साथ लगे एक क्षेत्र में निवासियों द्वारा आयोजित एक प्रदर्शन के जवाब में हुआ। वक्तव्य के अनुसार, गाजा पट्टी में सुरक्षा बाड़ के बगल में सैकड़ों दंगाई इकट्ठा हुए जिसके बाद इजरायली सैनिकों को घटनास्थल पर भेजा गया और दंगा को तितर-बितर करने वाले साधनों और लाइव फायर का उपयोग करके हिंसक दंगे के खिलाफ अभियान चलाया गया। शुक्रवार को भी इजरायली सेना ने गाजा पट्टी से आग वाले गुब्बारे भेजे जाने के बाद हमास के ठिकानों पर हमला किया जिससे इजरायली हिस्से में आग लग गई थी।

## सोमालिया की सेना ने अल-शबाब के 27 आतंकवादियों को मार गिराया


मोगादिशु। सोमालिया की सेना ने गाल्मुदुग प्रांत में चल रहे सैन्य अभियानों के तहत अल-शबाब के 27 आतंकवादियों को मार गिराया है। यह जानकारी सोमालिया की राष्ट्रीय सेना ने शनिवार को दी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि शुक्रवार रात मिलिलिको, सील गंबर और बालाल धीर गांवों में चलाए गए अभियानों में अल-शबाब के तीन ठिकाने भी नष्ट कर दिया गया। मंत्रालय ने कहा, दुश्मन के तीन ठिकानों को निशाना बनाया गया और उनके वाहनों तथा हथियारों सहित नष्ट कर दिया गया। ताजा सैन्य अभियान के संबंध में अल-शबाब की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है। गौरतलब है कि सोमालिया की सेना ने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सैनिकों के साथ मिलकर अल-कायदा से जुड़े सशस्त्र समूह को बेअसर करने के प्रयास तेज कर दिए हैं।

## तंजानिया में सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत

दार एस सलाम। तंजानिया में मबेया शहर के बाहरी इलाके में एक मिनी बस ईंधन टैंकर से टकराकर खाई में गिर गयी, जिसके कारण कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। मबेया क्षेत्रीय पुलिस कमांडर बेंजामिन कुज़ागा ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दुर्घटना शुक्रवार को तंजानिया-ज़ाम्बिया राजमार्ग पर हुई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के समय ईंधन टैंकर जाम्बिया से दार एस सलाम के बंदरगाह की ओर जा रहा था, जबकि मिनी बस क्षेत्र के उपनगर नसलागा से मबेया शहर की ओर जा रही थी। उन्होंने बताया कि मृतकों में चार महिलाएं और पांच पुरुष हैंैंकर के चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

## पश्चिम अफ्रीकी देश बेनिन में पेट्रोल भंडार में आग लगने से 35 लोगों की मौत

कोटोनौ। पश्चिम अफ्रीकी देश बेनिन के दक्षिण-पूर्वी विभाग ओउमे में शनिवार को एक पेट्रोल भंडार में आग लगने से कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई और 12 से अधिक गंभीर रूप से झुलस गये है। बेनिन के गृह और सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि नाइजीरिया की सीमा के पास एक कस्बे में संभवत~सुबह करीब साढ़े नौ बजे एक वाहन से पेट्रोल के बैग उतारे जाने के दौरान आग ली। उन्होंने बताया कि आग उस स्थान पर चारो ओर फैल गई। प्रारंभिक सूचना के आधार पर इस घटना 35 लोगों की मौत हो गई, जिसमें एक बच्चा भी शामिल है और एक 12 से अधिक गंभीर रूप से झुलस गये है जिन्हें अस्पताल भेजा ले जाया गया है। महत्वपूर्ण सामग्री क्षति भी हुई। बयान में कहा गया है कि स्थिति से निपटने के लिए तुरंत दमकल, पुलिस और मेडिकल टीमों को तैनात किया गया, लोक अभियोजक कार्यालय ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।





स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### लखविंदर सिंह लक्खा ने अपने बेटे संग मिलकर की गणपति बप्पा की आरती , बेटे का नया पंजाबी एल्बम जल्द होगा रिलीज़ .!



प्यार सजा है तेरा द्वार भवानी , राम ना मिलेंगे हनुमान के बिना जैसे सुपरहिट भजन गाने वाले भजन किंग लखविंदर सिंह लक्खा ने आज अपने परिवार सङ्ग आज गणपति बप्पा की आरती की । साथ ही आज उनके छोटे बेटे राज गिल के नए पंजाबी वीडियो एल्बम किना करदा प्यार का फर्स्ट लुक पोस्टर भी रिवील किया गया। इस खास मौके पर आज लखविंदर सिंह लक्खा का पूरा परिवार एकसाथ इकट्ठा मौजूद था ।लखविंदर सिंह लक्खा ने अपने पिक टाइम पर एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों से सम्पूर्ण भारत में एक अलग ही अलख जगाया था। और अब इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए उनके बेटे ने भी संगीत के क्षेत्र को ही अपना कैरियर चुना है ।मुम्बई में एक सवाल के जवाब में लखविंदर सिंह लक्खा ने अपने बेटे के बारे में बात करते हुए बताया कि आगे आने वाला समय यूथ जेनरेशन का ही है , और अब आगे इन नवयुवक पीढ़ी के ऊपर ही है कि हमारी विरासत को किस कदर सहेजकर उस भक्ति सागर की अलख को आगे आने वाले समय मे भी जगाते रहेगी । इसी कड़ी में राज गिल ने आज पंजाबी एल्बम से शुरुआत किया है और अब आगे वो भी जल्द ही अन्य गीतों के माध्यम से जनता के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे ।

### विश्वकर्मा समाज बनाएगा लोगों के उत्थान की रणनीति : विजयपाल विश्वकर्मा

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**

बलरामपुर। विश्वकर्मा एकता सम्मेलन कार्यक्रम में रविवार को समाज के उत्थान को लेकर विमर्श किया गया। कार्यक्रम के आयोजकङ्कराम निहाल विश्वकर्मा व समिति के गोमती प्रसाद विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित एकता सम्मेलन कार्यक्रम में शिव बरन विश्वकर्मा ने कहा कि समाज में एकजुटता और एकता लाना काफी जरूरी है। वही एडवोकेट उमाशंकर विश्वकर्मा ने कहा कि लोगो को सक्रिय होने की आवश्यकता है। सभी लोगो को एकजुट हो कर आगे आने की जरूरत है। उन्होंने समाज के गरीब व पिछड़े वर्ग के लोगों को एकजुट होकर कार्य करने की अपील करते हुए कहा कि समाज के एकजुट हुए बगैर यह संभव नहीं है। भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय पाल विश्वकर्मा ,विश्वकर्मा समाज के बाहुबली नेता शिव बरन विश्वकर्मा,नंदलाल विश्वकर्मा,संत कुमार शर्मा राधेश्याम विश्वकर्मा, श्याम किशोर विश्वकर्मा (एल.आई.सी) हरी राम विश्वकर्मा (बाबू)बृजेश विश्वकर्मा जिला अध्यक्ष किसान यूनियन बलरामपुर ,पवन कुमार विश्वकर्मा, चिनके विश्वकर्मा, रघु विश्वकर्मा ,जवाहरलाल विश्वकर्मा गणेश विश्वकर्मा, सत्यनारायण विश्वकर्म शिवपूजन विश्वकर्मा, राजन विश्वकर्मा सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

### आजसू की राजनीति है जनता के सवालों पर चर्चा करना और सुलझाना : महतो

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि जनता के सवालों, विषयों पर चर्चा के साथ सुलझाना और विकास ही आजसू पार्टी की राजनीति रही है जबकि सत्तारूढ़ दलों का जनसरोकार से कोई लेना-देना नहीं, बल्कि सिर्फ वोट की राजनीति करना है। महतो ने यह बातें हरमू स्थित केंद्रीय कार्यलय में आयोजित मिलन समारोह में कही। इस मौके पर ऑल मुस्लिम यूथ एसोसिएशन (आमया) के अध्यक्ष शमीम अली के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी और एआईएमआईएम के जिला अध्यक्ष नाजिया परवीन समेत जेएमएम, कांग्रेस के कई नेताओं ने पार्टी का दामन थामा। आजसू प्रमुख ने कहा कि अब राजनीति को नई परिभाषा के साथ गढ़ने के लिए अच्छे लोगों को एक प्लेटफार्म पर आना होगा। आज राजनीति में कुछ मुद्दों पर किसी खास समाज, वर्ग को उलझा कर उनके विकास को रोक दिया जाता है, हमारा उद्देश्य राज्य में सकारात्मक माहौल बनाना है। पार्टी में शामिल हुए शमीम अली का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अली ने हमारी पार्टी को परखा है। अब आजसू इनकी आवाज को अधिक लोगों तक पहुँचाने का प्लेटफार्म देगी। महतो ने कहा कि राज्य को खुशहाल बानने का वादा कर जनता का मत हासिल करने वाली सरकार ने इस राज्य को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया। सरकार काम से ज्यादा कमाई करने में लगी हुई है। सत्ता में बैठी पार्टियों का एक मात्र लक्ष्य वोट हासिल करना है। उनका जनता के हित से कोई सरोकार नहीं है।

### 2024 में भाजपा की सरकार बनने पर निकलेगी बंपर बहाली: बाबूलाल मरांडी

रांची। झारखंड में संकल्प यात्रा के पाँचवे चरण के तहत चाइबासा विधानसभा कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला एवं 2024 में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने व झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने आज कहा कि सभा की भीड़ और उपस्थित लोगों का उत्साह बतलाता है कि 2024 में भारतीय जनता पार्टी भारी बहुमत से आने वाली है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने गाँव, ग़रीब, किसान मज़दूर, युवा और महिला के प्रति सरकार को किया समर्पित। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ग़रीब घर से आते हैं इसलिए वे ग़रीबों की चिंता करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री बनते ही बहनों के लिए इज्जत घर शौचालय का निर्माण करवाया, गैस कनेक्शन दिया और अब महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण बिल लाकर बड़ा तोहफ़ा दिया है। इस बिल के तहत 33प्र बहनों को इसका लाभ मिलेगा। इससे पहले रक्षा बंधन में बहनों को गैस पर सब्सिडी का बड़ा तोहफ़ा दिया था। इस योजना के तहत 75 लाख नये बहनों को भी जोड़ा जाना है जबकि कांग्रेस काल में पैरवी वालों को गैस कनेक्शन मिलता था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने विश्वकर्मा पूजा के दौरान कारीगरों के लिए विश्वकर्मा योजना लॉंच किया। इसके तहत 13 हज़ार करोड़ के बजट का भी प्रावधान किया गया है। ट्रेनिंग के दौरान स्टाइफ़न भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने नाई, बढई, लोहार, मोची की चिंता की है।

### 15वीं राज्य स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी ''राजपेक्स-2023'' जयपुर में होगी आयोजित

जयपुर । भारतीय डाक विभाग द्वारा समय-समय पर डाक टिकटों के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं अधिकाधिक लोगों को डाक टिकट संग्रह से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित की जाने वाली प्रदर्शनियों के तहत राजस्थान डाक परिमण्डल 25 से 27 सितम्बर तक जयपुर में 15वीं राज्य स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी ''राजपेक्स-2023'' का आयोजन करेगा। परिमंडल की मुख्य पोस्टमास्टर जनरल मंजू कुमार ने रविवार को यहां मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय इस प्रदर्शनी का आयोजन जवाहर कला केंद्र में किया जायेगा जहां सोमवार को सुबह दस बजे मुख्य अतिथि एवं डाक महानिदेशक आलोक शर्मा इसका शुभारंभ करेंगे। उन्होंने बताया कि देश के प्रसिद्ध डाक टिकट संग्राहकों द्वारा देश-विदेश की दुर्लभ एवं मशहूर डाक टिकटें प्रदर्शित की जायेगी जो आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेंगी। इनमें प्रमुख रूप से अंग्रेजी शासन के दौरान 1854 में ब्रिटिश इण्डिया द्वारा जारी प्रथम डाक टिकट, भारतीय राज्यों के डाक टिकट, चांदी एवं सिल्क पर जारी डाक टिकट, सुगंधित डाक टिकट, स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों पर जारी डाक टिकट, आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान जारी विशेष डाक टिकट और कार, कार्टून, पक्षी, जानवर, पेड़-पौधों आदि हजारों विषयों पर जारी किए गए डाक टिकट जो कि बच्चों के लिए रोचक हैं, इस प्रदर्शनी का हिस्सा होंगे।

# महाकुंभ में भीड़ -प्रबंधन और सुरक्षा का कवच बनेगा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

## पार्किंग एरिया और कुंभ क्षेत्र का होगा विस्तार, बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन में भी लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

प्रयागराज। महाकुंभ 2025 को दिव्य,भव्य और नव्य बनाने के लिए योगी सरकार की तरफ से तैयारियां जोरों पर हैं। महाकुंभ में सबसे बड़ी चुनौती कुंभ क्षेत्र में दाखिल होने वाली श्रद्धालुओं की करोड़ों की भीड़ होती है जिसका प्रबंधन कुंभ प्रशासन के लिए प्राथमिकता में सबसे पहले है। महाकुंभ- 2025 के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने और यहां आने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने के लिए ट्रैफिक एडवाइजरी कमेटी विचार मंथन कर उसे धरातल में उतारने में लगी है।

### पार्किंग एरिया और कुंभ क्षेत्र का होगा विस्तार

प्रयागराज में लगने जा रहे महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के कुंभ नगरी पहुंचने का प्रशासन का अनुमान है। श्रद्धालुओं की इस भीड़ का प्रबंध करने के लिए प्रशासन की तरफ से वृहद रणनीति बनाई जा रही है। अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर की अध्यक्षता में गठित ट्रैफिक एडवाइजरी कमेटी ने इस पर विचार मंथन करते हुए कई बिंदुओं पर अपने सुझाव सामने रखे हैं। मेला अधिकारी, महाकुंभ विजय किरन आनंद का कहना है कि इस महाकुंभ में पिछले महाकुंभ से डेढ़ गुना ज्यादा लोगों के आने के अनुमान को देखते हुए इस बार कुंभ का पार्किंग एरिया 1200 हेक्टेयर से बढ़कर 1800 हेक्टेयर किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की अपेक्षित भीड़ में वृद्धि को देखते हुए मेला क्षेत्र को भी 3200 हेक्टेयर से बढ़ाकर 4000 हेक्टेयर किया जाएगा।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का होगा इस्तेमाल

कुंभ मेला प्रशासन ने अपने पिछले महाकुंभ के सफल समापन से जो सीख ली है उसे इस बार उपयोग में लाया जाएगा। मेला अधिकारी विजय किरन आनंद के मुताबिक कुंभ क्षेत्र में श्रद्धालुओं के इस सैलाब को देखते हुए आईसीसीसी के कार्यों में भी विस्तार किया जा रहा है। इसमें अस्थायी सर्विलास सिस्टम के अन्तर्गत 676 सीसीटीवी कैमरे, 12 एएनपीआर कैमरे और आर्टीफिशियल इन्टेलीजेंस आधारित उत्कृष्ट भीड़ प्रबन्धन प्रणाली का प्रयोग किया जाएगा। पार्किंग मैनेजमेंट सिस्टम के अन्तर्गत 120 अस्थाई पार्किंग स्थलों को विकसित किया जा रहा है जिसमें लगभग 720 सीसीटीवी कैमरा तथा एआई आधारित वाहन गिनने की प्रणाली की व्यवस्था भी होगी।

### बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन में भी सीसीटीवी में भी लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

कुंभ क्षेत्र में आने वाली भीड़ नियंत्रित करने के साथ-साथ शहर के विभिन्न रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड में भी सीसीटीवी लगेंगे । कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद बताते हैं कि कुंभ क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर 40 वीएमडी स्क्रीन्स लगाई जाएंगी जिनके माध्यम से इमेज एवं वीडियो मैसेज प्रसारित किये जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त बस स्टेशन एवं रेलवे स्टेशनों पर 126 सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे।

# भाजपा सरकार के शासनकाल में उत्तर प्रदेश में है जंगलराज

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश में जंगलराज है। सत्ता के संरक्षण में भाजपा के दबंग और गुण्डे अराजकता फैला रहे हैं। भाजपा नेताओं ने प्रदेश की कानून व्यवस्था बर्बाद कर दिया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सुल्तानपुर में भाजपा नेता के भतीजे ने डा0 घनश्याम त्रिपाठी की पीट-पीटकर निर्ममता से हत्या कर दी। डॉ0 घनश्याम त्रिपाठी सुल्तानपुर की पीएचसी जयहिंदपुर में तैनात थे। इसी तरह से कानपुर में भाजपा नेता के धोखे के कारण किसान बाबू सिंह ने आत्महत्या कर ली। भाजपा नेता ने धोखे से किसान की जमीन लिखवा ली। किसान के परिजन भाजपा नेता की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से न्याय की मांग कर रहे है लेकिन पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा है। ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री जी नैतिक अवकाश पर गए हैं। कानपुर में ही भाजपा पार्षद पति ने सत्ता के घमण्ड में दबंगई दिखाते हुए एक युवक की बुरी तरह से पिटाई कर दी।

यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री बताए कि पीड़ित परिजनों की सुनवाई क्यों नहीं हो रही है। पूरे प्रदेश में गरीबों और वंचितों के साथ अन्याय हो रहा है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा सरकार में दबंगों को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है।

महिलाओं, बेटियों के साथ बलात्कार और हत्या की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। प्रदेश में गाजीपुर से लेकर गाजियाबाद और वाराणसी से सहारनपुर तक अपराध की घटनाएं दिनोंदिन बढ़ रही हैं। बदमाशों ने शनिवार शाम जौनपुर में मेडिकल स्टोर संचालक को गोली मार दिया। बीते गुरूवार को सहारनपुर के गंगोह के एक गांव से किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। भाजपा और मुख्यमंत्री का जीरो टॉलरेंस का नारा झूठा है।

# सरकार की उपलब्धियों पर लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे

देवरिया। भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने आज उत्तर प्रदेश के देवरिया में कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों की थाती लेकर पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेंगी तथा उन उपलब्धियों की बदौलत लोकसभा की सभी सीटे भाजपा फिर जीतेगी और तीसरी बार केन्द्र में सरकार बनायेंगी।

प्रदेश अध्यक्ष श्री चौधरी यहां पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राष्ट्रवादी विचारधारा एवं कार्यकर्ताओं वाली पार्टी है। कार्यकर्ताओं की बदौलत ही लोकसभा चुनाव में हम फिर एक बार बहुत भारी सफलता प्राप्त करेंगे।कार्यकर्ताओ के बल पर ही हमने दो सांसदों की पार्टी से शुरू करके ही इतना बड़ा मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में प्रदेश के कई जिलों में नये जिलाध्यक्षों का मनोनयन किया गया है। संगठन को मजबूत करना एवं कार्यकर्ताओं को सम्मान देने के मकसद से नये जिलाध्यक्ष बनाये गये है। भाजपा में सभी लोगों का अलग-अलग काम एवं जिम्मेदारी है। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि सपा के मुखिया अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव में टिकट बाटेंगे कि टिकट मांगेंगे वह समय तय करेगा।

### हत्या के मामले में तीन अपराधी गिरफ्तार

छपरा। बिहार में सारण जिले के गौरा ओपी क्षेत्र में पिछले दिनों हुई दो हत्याकाण्ड का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव मंगला ने आज यहां बताया कि गौरा ओपी क्षेत्र में अभिमन्यु कुमार और उसकी प्रेमिका की हत्या काण्ड का पर्दाफाश करते हुए किया गया है। मामले में संतोष राय, मुन्ना कुमार और नंदू राय को तीन मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है। डॉ. मंगला ने बताया कि पुलिस से पूछताछ में अपराधियों ने अभिमन्यु कुमार की हत्या करने के साथ ही संतोष राय की बहन की हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। अपराधियों ने बताया कि संतोष राय की बहन के साथ अभिमन्यु कुमार का प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसके कारण उन्होंने दोनों की हत्या कर दी।

# चिर कुटिया धाम में शिवद्वार मण्डल की भाजपा जिलाध्यक्ष ने ली संगठनात्मक बैठक

सोनभद्र । शिवद्वारमण्डल के चिरकुटिया धाम में हुई बैठक हुआ जिसमें भाजपा सोनभद्र के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता रहे मुख्य अतिथि। भाजपा मण्डल शिवद्वार में प्रथमत: हुआ आगमन जिलाध्यक्ष का और किया गया अभिनन्दन सँग पर हार्दिक स्वागत कार्यकर्ताओं द्वारा।

जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने बूथ सशक्तिकरण और प्रधानमंत्री के मन की बात , पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती विषयक की परिचर्चा। नंदलाल गुप्ता ने कहा कि आगे हम लोगों को 2024 की तैयारी में समस्त कार्यकर्ताओं सँग लग जाना है और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुन: से प्रधानमंत्री पद पर आसीन करना ब है।



विशिष्ट अतिथि के रूप में घोरावल विधानसभा के विधायक डॉ0 अनिल मौर्य रहे जिन्होंने राष्ट्रहित में वर्तमान से भाव की रूपरेखा तय करते समुज्वल भारत से संदर्भित प्रसंगों को उकेरते ओजस्वी उद्बोधन दिए।शिवद्वार मण्डल के अध्यक्ष सुनील* चौबे , मंडल महामंत्री विमलेश चौबे, मंडल प्रभारी धर्मवीर तिवारी , जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी गुप्ता, अमर नाथ पटेल व कैलाश बैसवार , ब्लॉक प्रमुख दीपक पटेल, माला चौबे, राजकुमार चौबे , अनिल सिंह, संजय पाठक , सूर्यमणि तिवारी , संतोष बैसवार, सौरभ तिवारी, श्रीपति त्रिपाठी , प्रवीण त्रिपाठी , रामजी, मनोज चौबे तथा सुनील त्रिपाठी उपस्थित रहे आद्योपांत समूचे कार्यक्रम एवं बैठक में।

# 'एक श्याम संवारे के नाम' कार्यक्रम में भक्तिमय हुए श्रद्धालु

## श्याम संकीर्तन महोत्सव एवं गणेश उत्सव संपन्न

गाजियाबाद। क्रासिंग रिपब्लिक, गौर ग्लोबल विलेज परिसर गाजियाबाद के क्लब हाल में सामाजिक एवं धार्मिक संस्था जय श्री श्याम दीवाना मंडल के सौजन्य से बाबा खाटू श्याम को समर्पित सत्रहवां मासिक संकीर्तन महोत्सव के साथ गणेश उत्सव का आयोजन किया गया। एक शाम श्याम प्रभु खाटू वाले के नाम शनिवार को आयोजित इस संकीर्तन महोत्सव में सुप्रसिद्ध गायकों के मधुर-मधुर भजनों से श्रद्धालु श्रोताओं ने भक्तिमय



होकर आनंद उठाया। गायक कलाकारों शुभम् अग्रवाल एवं साथी कलाकार सुबोध गोस्वामी ने एक से बढ़कर एक भजन की प्रस्तुति कर श्रोताओं को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। उक्त भक्तिमय वातावरण में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हवन में भाग लिया। श्री श्याम दीवाना मंडल ने सकीर्तन के साथ गणेश उत्सव की शानदार प्रस्तुति की।

दीवाना दिल श्याम का हुआज, मेरे खाटू नरेश तूने भेजा संदेशज, आयो सांवरिया सरकारज., मेरा दिल तो दीवाना हो गयाज, आदि भजनों पर तो श्रद्धालु घंटों थिरकते रहे। श्याम दीवानी मनीषा जी ने भी भजन-कीर्तन की प्रस्तुति दीं। कार्यक्रम के दौरान आयोजित श्याम रसोई भंडारे में लगभग चार सौ श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद भी ग्रहण किया। जय श्री श्याम दीवाना मंडल, गौर ग्लोबल विलेज के पदाधिकारियों ने करने वाले श्याम, कराने वाले श्याम की भावना से एक शाम सांवरे के नाम आयोजित उक्त कार्यक्रम का संयोजन किया।

# महिला आरक्षण को लेकर प्रधानमंत्री मोदी गंभीर नहीं : ललन

पटना। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिला आरक्षण पर गंभीर नहीं हैं और इस संबंध में विधेयक पारित करने के लिए बुलाया गया संसद का विशेष सत्र महज एक इवेंट मैनेजमेंट था। सिंह ने रविवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि महिला आरक्षण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक और राजनीतिक नौटंकी होने की वजह से वह इस मुद्दे पर गंभीर नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यदि प्रधानमंत्री श्री मोदी संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण देने के मामले में गंभीर होते तो वह बहुत पहले ही संसद में महिला आरक्षण विधेयक ला चुके होते और इसके लिए वर्ष 2014 में सत्ता में आने के बाद से साढ़े नौ साल तक इंतजार नहीं करते।

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संसद में पारित विधेयक के प्रावधान के अनुसार अगली जनगणना और परिसीमन आयोग की रिपोर्ट के बाद ही महिलाओं को आरक्षण दिया जा सकता है।

# देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी, नाबालिग छात्र गिरफ्तार

बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली में दसवीं के नाबालिग छात्र (15) ने देवी देवताओं के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में रविवार को मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

मामले की जानकारी मिलने पर हिन्दू संगठन कार्यकर्ताओं में रोष हो गया। बडी संख्या में हिंदू संगठन के लोगों ने इज्जतनगर थाने पहुंचकर हंगामा कर दिया था। पुलिस ने रविवार दोपहर आरोपी के खिलाफ तहरीर मिलने पर मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने के आरोप में रविवार दोपहर आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर उसे बाल सुधारगृह भेजा दिया है।

बरेली में इज्जतनगर थाना क्षेत्र आलोकनगर निवासी भाजपा नेता मिंटू सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर सिद्धार्थनगर निवासी दूसरे समुदाय के छात्र ने हिंदू देवी और देवताओं के संबंध में अशोभनीय टिप्पणी कर दी। इसका स्क्रीन शॉट पूरे शहर में वायरल हो रहा है। जिसकी जानकारी होने पर हिंदू संगठनों के कार्यकार्ताओं ने आक्रोश हो गया।

आक्रोशित भाजपा नेता मिंटू सिंह, चंद्रपाल सिंह, वीरेश कुमार, राजवीर सिंह, दिलीप कुमार, वीरू, रोहित कुमार, मिथुन चौधरी, सौरभ कोहली, रवि कुमार, अभिषेक, अजय, समेत दर्जनों लोग ने थाने पहुंचकर हंगामा कर दिया था। उन्होंने तत्काल कार्रवाई करने को कहा। पुलिस ने तहरीर लेकर रिपोर्ट दर्ज कर उसे तत्काल ही गिरफ्तार कर लिया।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारियों जोरों पर

अयोध्या। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा बीस जनवरी से चौबीस जनवरी के बीच होगी, जिसकी तैयारियां जोरों से चल रही हैं हालांकि अनुष्ठान सोलह जनवरी से ही शुरू हो जायेगा।

राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में यह निर्णय लिया गया है। समारोह में श्रीरामजन्मभूमि परिसर में करीब सात हजार अतिथि से ज्यादा मौजूद रहने की संभावना है। सभी को सुरक्षा मानकों का पालन करने के बाद ही परिसर में प्रवेश मिल पायेगा। उन्होंने बताया कि साधु संत दंड, छत्र, चंवर व पादुका लेकर परिसर में प्रवेश नहीं कर पायेंगे।

उन्होंने बताया कि देश के सभी जिला प्रदेश से अतिथियों की सूची तैयार की जा रही है। पद्म पुरस्कारों से नवाजे गये लोगों को भी आमंत्रित किया जायेगा।



इसमें कुछ राजदूत भी आ सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अन्य कई वीआईपी हस्तियां मौजूद रहेंगी। इसलिए सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम होंगे। उन्होंने बताया कि अतिथियों को पैदल भी चलना पड़ सकता है।श्रीरामजन्मभूमि परिसर में अतिथियों को काफी देर तक बैठना भी पड़ सकता है, क्योंकि प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री के जाने के बाद अतिथियों को रामलला का दर्शन कराया जा सकेगा। परिसर की सुरक्षा एसपीजी के हवाले होगी, उसमें किसी का हस्तक्षेप नहीं होगा।

राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी व मंदिर निर्माण की समीक्षा की गयी। इस कार्यक्रम में खेल, कला और साहित्य जगत की हस्तियों को भी आमंत्रित किया जायेगा। ट्रस्ट के मुताबिक प्राण प्रतिष्ठा में चार हजार से ज्यादा संत भी शामिल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि समारोह में खेल जगत, कला, साहित्य, भूतपूर्व सैनिक, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी, देश के महत्वपूर्ण मंदिरों के प्रतिनिधि रामजन्मभूमि परिसर के लिये जीवन बलिदान करने वालों के वंशज अनुसूचित जाति, जनजाति, घुमंतू जाति, वनवासी समाज के करीब पच्चीस सौ लोगों की सूची बनाई जा रही है। राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक कल देर शाम को सम्पन्न हुई।

बैठक में मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र, कमिश्नर गौरव दयाल, डीएम नितीश कुमार, नगर आयुक्त विशाल सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्रा ने अयोध्या के विकास कार्यों की प्रगति को भी देखा और सर्किट हाउस में प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक करके निर्देश दिया कि पार्किंग, ओवरब्रिज समेत अन्य सभी सुविधाओं का काम दिसम्बर तक हर हाल में पूरा कर लिया जाय।

उन्होंने प्रशासन से कहा कि सभी पांच पार्किंग व मोहबरा बाजार से रामजन्मभूमि को जोडने वाले ओवरब्रिज का काम तेज करते हुए दिसम्बर तक पूरा कर लिया जाय और रामपथ, जन्मभूमि पथ और भक्ति पथ की प्रगति तेजी से करायी जाय।

# लोनावाला में आज से कश्मीर - एनिग्मा ऑफ पैराडाइज की शूटिंग शुरू

कश्मीर को हमारे भारत में धरती का स्वर्ग कहा जाता रहा है । अक्सर हम कश्मीर का जिक्र ड्राई फ्रूट्स, सेव और खूबसूरत पहाड़ी वादियों के लिए करते हैं । लेकिन अब कश्मीर में टूरिस्टों के बड़ी संख्या में आगमन के साथ ही बड़े पैमाने पर फ़िल्म की शूटिंग भी होने लगी है । वैसे भी आज के पहले भी कश्मीर के नाम से या कश्मीर के बैकग्राउंड में लेकर कई फिल्में बन चुकी हैं और उन फिल्मों ने ट्रेड के बीच अच्छी खासी सुर्खियां भी बटोरी हैं लेकिन किसी भी फ़िल्म ने



आजतक कश्मीर के सम्पूर्ण इतिहास को एकसाथ दिखाने की कोशिश नहीं किया । और यही आगामी फिल्म कश्मीर - एनिग्मा ऑफ पैराडाइज का निर्देशन अतुल गर्ग कर रहे हैं । इस फ़िल्म में निर्देशक कश्मीर के इतिहास को पिछली शताब्दी यानि कि लगभग आज़ादी के पहले सन 1920 से लेकर आज तक के इतिहास को दिखाने वाले हैं जिसके लिए विशेष तौर पर स्क्रीनप्ले में तैयारियां की गई हैं । इस फ़िल्म में लोकल कश्मीर की खूबसूरती, कश्मीर के लोग, वहां का खानपान , कश्मीर का लोकल कल्चर सबकुछ देखने को मिलने वाला है । वैसे भी किसी फिल्ममेकर ने पूरी तन्मयता से आजतक कश्मीर की असली सुंदरता को सिल्वरस्क्रीन पर उकेरा ही नहीं है ।

यहां की बैकग्राउण्ड में जो भी फिल्में बनी उनमें दहशतगर्दी को ही मुख्यरूप से प्लांट करके दिखाया गया । लेकिन क्या कश्मीर में सिर्फ दहशतगर्दी ही है ? इसपर विचार करने योग्य है । लगभग 100 दिनों के शूटिंग शेड्यूल वाले फ़िल्म कश्मीर - एनिग्मा ऑफ पैराडाइज की शूटिंग आजकल महाराष्ट्र के लोनावाला में हो रही है, इसके पहले भी दो शेड्यूल की शूटिंग कश्मीर में हो चुकी है व शेष पार्ट की शूटिंग देश के अन्य भागों में भी की जाएगी । इसके लिए भी पूरी तैयारियां कर ली गई हैं ।

# जानबूझ कर हिंदू-मुस्लिम विवाद खड़ा करवा रही है भाजपा : जदयू

पटना। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद रमेश विधूड़ी के बयान की निंदा करते हुए आज कहा कि इंडिया गठबंधन को मिल रहे जनसमर्थन से घबरायी भाजपा अब हिंदू-मुस्लिम विवाद खड़ा करवाने की फ़िराक में है। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन ने रविवार को कहा कि इंडिया गठबंधन को मिल रहे जनसमर्थन से घबरायी भाजपा अब हिंदू-मुस्लिम विवाद खड़ा करवाने की फ़िराक में है। उन्होंने कहा कि इन्हें पता है कि काम के नाम पर इन्हें वोट नहीं मिलने वाले इसीलिए यह सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का अपना आखरी हथियार निकालने पर विवश हो चुके हैं। रंजन ने कहा कि भाजपा सांसद रमेश विधूड़ी ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सांसद के खिलाफ लोकसभा में जो ओछी टिप्पणी की है, वह भाजपा की सोची समझी प्लानिंग का हिस्सा है।